आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	22°C	10°C

इनसाइड न्यूज

रेस की सनक में हत्या: दो महीने तक आंख मूंदे रही पुलिस

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

मंगलवार 23 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ / वर्ष: 17, अंक: 73 / www.janexpresslive.com/epaper

भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट... 12

सदन में गूंजा 'कोडीन कांड' का मुद्दा

योगी बोले, अवैध नेटवर्क को फातिहा पढ़ने लायक नहीं छोड़ेंगे, सपा विधायकों का वॉकआउट, सीबीआई जांच की मांग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन और तस्करी को लेकर जोरदार सियासी संग्राम देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक, आरोप-प्रत्यारोप और नारों के शोर के बीच सदन का माहौल पूरी तरह गरमा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए न सिर्फ सरकार की कार्रवाई का ब्यौरा दिया, बल्कि समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोला। उनके कड़े शब्दों और आक्रामक तेवरों के बाद सपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।



हम आपको ऐसी हालत में भी नहीं छोड़ेंगे कि आप 'फातिहा' पढ़ सकें: योगी

योगी ने विपक्ष से कहा- मैं आपका दर्द समझता हूं। क्योंकि जब सरकार की कार्रवाई अपने आखिरी स्टेज पर पहुंचेगी, तो आप में से कई लोग 'फातिहा' पढ़ने जाएंगे। हम आपको ऐसी हालत में भी नहीं छोड़ेंगे कि आप 'फातिहा' पढ़ सकें। हम ऐसी ही कार्रवाई करेंगे। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय खड़े हुए। उन्होंने कहा- सीएम सदन के सम्मानित नेता हैं, लेकिन उनकी वाणी देखिए। आपने कहा कि दो नमूने हैं- एक अखिलेश और दूसरा राहुल गांधी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सीएम ने किसी का नाम नहीं लिया है, आप क्यों खुद पर ले रहे हैं। यह सुनते ही सपा विधायक हंगामा करने लगे। समझाने पर भी नहीं माने तो सतीश महाना ने कहा कि एक आदमी नारा लगा रहा था। आप गलत बयानी कर रहे हैं। आप कह रहे हैं कि सैकड़ों मौतें हुई तो नाम बताइए। इसके बाद सपा ने वॉकआउट कर लिया।

कफ सिरप पर चर्चा की मांग पर वेल में आए सपा विधायक

इससे पहले विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सपा विधायकों ने कोडीन सिरप कांड पर चर्चा की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। मंजूरी नहीं मिली तो विधायक भड़क गए और वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा- कोडीन सिरप से यूपी में एक भी मौत नहीं हुई है। विपक्ष माहौल खराब कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा- सरकार के पक्ष से यदि मैं संतुष्ट नहीं होता हूं तो जरूर चर्चा कराऊंगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा- अगर आप लोग अपनी सीट पर वापस नहीं गए तो मुझे कार्रवाई करनी पड़ेगी। उन्होंने सपा के विधायकों से वेल से अपनी सीट पर जाने का आग्रह किया। इसके बाद विधायक अपनी-अपनी सीट पर लौट गए।

'राष्ट्रीय प्रतीकों को बार-बार सौदेबाजी में मेज पर रखा गया'

योगी ने कहा- कांग्रेस ने एक समिति बनाई और तय हुआ कि दो छंद गाए जाए। ये कांग्रेस का आत्मसमर्पण था। कांग्रेस नेतृत्व ने ऐसे नेताओं को आगे नहीं बढ़ाया। तुष्टीकरण की राजनीति में स्पष्टवादिता की जगह नहीं थी। फिर जिन्ना ने इसे तूल दिया। कांग्रेस छोड़ते ही जिन्ना ने मुस्लिम लीग की राजनीति का औजार बनाया। गीत वही रहा, लेकिन एजेंडा बदल गया। उस समय नेहरू जी अध्यक्ष थे। सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखा कि गीत मुस्लिमों को असहज कर रही है। फिर कुछ छंद हटाने का निर्णय लिया। तुष्टीकरण की यह पहला उदाहरण बना। सांस्कृतिक प्रतीक पर पहला समझौता हुआ और देश के विभाजन की दुर्भाग्यपूर्ण नींव तब पड़ी, जब राष्ट्रगीत पर हम झुके।

'मोहम्मद अली जौहर ने सबसे पहले विरोध किया'

योगी ने कहा- कांग्रेस के अधिवेशन में वंदे मातरम् का गायन हुआ था। 1922 तक हर कांग्रेस अधिवेशन की परंपरा थी। न तो तब फतवा था, न धार्मिक कोलाहल। समस्या तब हुई जब राजनीति ने मजहबी मुखौटा ओढ़ा। 1923 में कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे मोहम्मद अली जौहर ने सबसे पहले विरोध किया। ये विरोध खिलाफत के आंदोलन से निकला था।

सपा विधायक ने की वंदेमातरम् की तारीफ

सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि वंदेमातरम की बात आती है, तो अंदर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो जाते हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली समझता हूं कि इस चर्चा में शामिल होने का मौका मिला। सुखद संयोग है कि 1857 क्रांति का उद्गम हुआ, वहीं से हमें भी आवाज बनने का मौका मिला। ये दूसरे के नेताओं और महापुरुषों को अपना नाम देने का काम करते हैं। संविधान सभा ने सर्वसम्मति से वंदेमातरम् को अपनाया।

वंदेमातरम् गाकर दिखाएं: ब्रजेश पाठक

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- विपक्ष सदस्यों का आभार प्रकट करता हूं कि संग्राम यादव ने वंदेमातरम् का नारा लगाया। पीछे वालों को कहें कि पूरा गीत गाएं। वंदेमातरम् का गीत गाकर आजादी के दीवाने फांसी के फंदे पर झूले। माता प्रसाद पांडे जैसे वास्तव में समाजवादी हैं। उनको प्रदेश की जनता को जवाब देना चाहिए। एक सदस्य तो कहते थे कि भारत माता डायन है। इसी सपा के सदस्य हैं। आज भी सपा के हैं।

ऐसे तो राष्ट्रगान का भी विरोध हो सकता है: राजा भैया

राजा भैया ने कहा कि वंदेमातरम् पर आपत्ति किसे और क्यों है, ये हमारी समझ में नहीं आता। यूपी के विधानसभा में जो बात होती है, उसे पूरा देश देखता है। चुनाव लड़ने जाएंगे कि राष्ट्रगीत का गान कौन करता है, कौन नहीं करता है? संविधान की दुहाई देते हैं। सर्वमान्य दस्तावेज है। उसी संविधान सभा ने इसे राष्ट्रगीत को शामिल किया। वंदेमातरम् पर आपत्ति क्यों और किसे हैं? कल को राष्ट्रगान का भी विरोध हो सकता है कि भारत भाग्य विधाता है।

लोग मर्यादा की सीमा न लांघें: अखिलेश

योगी के बयान के 40 मिनट बाद ही अखिलेश ने पलटवार किया। एक्स पर लिखा- आत्म-स्वीकृति... किसी को उम्मीद नहीं थी कि दिल्ली-लखनऊ की लड़ाई यहां तक पहुंच जाएगी। संवैधानिक पदों पर बैठे लोग मर्यादा की सीमा न लांघें। भाजपाई अपनी पार्टी के अंदर की खींचातानी को चौराहे पर न लाएं। इससे पहले योगी ने कहा- प्रदेश में कोडीन कफ सिरप से कोई मौत नहीं हुई है। 2016 में इसके सबसे बड़े होल सेलर को सपा ने ही लाइसेंस दिया था। पढ़ाई-लिखाई से आपका कोई वास्ता है नहीं, इस कारण आप इस तरह की बात करते हैं। अखिलेश के सिरप माफियाओं पर बुलडोजर चलाने के चैलेंज पर कहा कि चिंता मत कीजिए। समय आने पर बुलडोजर एक्शन भी होगा। उस समय चिल्लाना नहीं। कोडिन कफ सिरप मामले पर योगी ने कहा- विभोर राणा को लाइसेंस समाजवादी पार्टी ने दिया था। आलोक सिपाही (इस मामले में एक आरोपी) की अखिलेश के साथ कुछ गिफ्ट देते हुए तस्वीरें वायरल हुई थीं। हमने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। हमारी कार्रवाई अभी भी जारी है। हमने अब तक 77 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

विधानसभा में 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- योगी सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए कहा कि यह अनुपूरक बजट प्रदेश में विकास के लिए लाया गया है।
- इसमें औद्योगिक विकास के लिए 4,874 करोड़, पावर सेक्टर के लिए 4,521 करोड़, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए 3,500 करोड़, नगर विकास के लिए 1,758.56 करोड़, तकनीकी शिक्षा के लिए 639.96 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया है।
- इसके अलावा महिला एवं बाल विकास के लिए 535 करोड़, यूपीनेडा (सौर एवं नवीकरणीय ऊर्जा) के लिए 500 करोड़, मेडिकल एजुकेशन के लिए 423.80 करोड़, गन्ना एवं चीनी मिल क्षेत्र के लिए 400 करोड़ की बजटीय व्यवस्था की गई है। संबंधित खबर पेज 03 पर

तुष्टीकरण की भूलों से सीखने का: योगी

योगी ने कहा- आज कुछ लोग उसी विभाजनकारी पौधे को सींच रहे हैं। फिर से देश के अंदर जहर घोलने का प्रयास हो रहा है। तब राष्ट्रगीत को निशाना बनाया गया। आज राष्ट्र भाव को निशाना बनाने का प्रयास हो रहा है। इस कारण स्पष्ट है कि वंदे मातरम् का विरोध राजनीतिक कारण था। यह चर्चा इस कारण आवश्यक है कि क्योंकि इतिहास केवल तथ्य ही नहीं, एक चेतावनी भी है। नई पीढ़ी को सच्चाई जाननी चाहिए। आज जो वंदे मातरम् का विरोध कर रहे हैं, उन्हें इस देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। आज समय है गलती सुधारने का। तुष्टीकरण के भूलों से सीखने का। वंदे मातरम् की गरिमा को सुधारने का।

योगी ने कफ सिरप के आरोपियों के नाम गिनाए

योगी ने कहा- काशी में शैली ट्रेडर्स के शुभम जायसवाल, भोला प्रसाद जायसवाल, आकाश पाठक, एमआर हेल्थकेयर के विभोर राणा, गाजियाबाद के सौरभ त्यागी, अभिषेक शर्मा, विशाल उपाध्याय, तप्पन यादव और सादाब। शुभम का माल स्टोरेज मनोज यादव के स्टोरेज का उपयोग करता है। कानपुर के विनोद अग्रवाल-शिवम अग्रवाल का भी इसमें नाम है। लखनऊ के मनोहर जायसवाल और इमरान इसके किनपिंग हैं। इल-लीगल डायवर्जन के मामले में एनडीवीएस के तहत कार्रवाई हो रही है। संबंधित खबर पेज 03 पर

'मनरेगा पर बुलडोजर, लोकतंत्र भी निशाने पर'

विकसित भारत जी राम जी बिल को गांव विरोधी करार, मजदूरों और ग्रामीणों के अधिकारों की सुरक्षा पर सवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर ट्वीट कर कहा कि सरकार ने बिना जनसंवाद, बिना संसद में चर्चा और बिना राज्यों की सहमति के मनरेगा पर 'बुलडोजर' चला दिया। उनका कहना है कि यह कदम विकास नहीं, बल्कि विनाश के समान है, और इसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीयों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर चुकानी पड़ेगी।

सोनिया के लेख का हवाला

राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लेख का जिक्र करते हुए जनता से इसे पढ़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यह लेख मनरेगा से जुड़े गंभीर मुद्दों के हर पहलू का पर्दाफाश करता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार पर इसके संभावित प्रभावों को स्पष्ट करता है।

विकसित भारत जी राम जी बिल पर तीखी प्रतिक्रिया

19 दिसंबर को राहुल गांधी ने विकसित भारत जी राम जी बिल को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 20 साल पुराने मनरेगा कानून को एक दिन में खत्म कर दिया। राहुल गांधी ने इसे **गांव विरोधी बिल** करार देते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने विधेयक को बिना ठीक से जांच-पड़ताल के संसद से पारित करवाया।

संसद में विधेयक पारित

गुरुवार रात संसद ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक को विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच पारित कर दिया। नया विधेयक हर साल 125 दिनों की ग्रामीण मजदूरी रोजगार की गारंटी देता है। विपक्ष ने मौजूदा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का विरोध किया और राज्यों पर वित्तीय बोझ डालने का आरोप लगाया।

मजदूर और ग्रामीण समुदाय के हित

राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस इस कदम को रोकने के लिए ग्रामीण गरीबों और मजदूरों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उनका कहना है कि मनरेगा को कमजोर करने का प्रयास गांवों और छोटे किसानों के हितों के खिलाफ है, और इसके लागू होने से ग्रामीण भारत पर गंभीर असर पड़ेगा।

केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप

राहुल गांधी ने मोदी सरकार के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा 'पीएम मोदी के लक्ष्य साफ हैं मजदूरों को कमजोर करना, ग्रामीण भारत, खासकर दलितों, ओबीसी और आदिवासियों की ताकत को कम करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना, और फिर इन कदमों को सुधार के रूप में बेचना। ' उन्होंने कहा कि मनरेगा दुनिया के सबसे सफल गरीबी उन्मूलन और सशक्तिकरण कार्यक्रमों में से एक था। कांग्रेस इसे ग्रामीण गरीबों की आखिरी सुरक्षा पंक्ति मानती है और सरकार द्वारा इसे बदलने के प्रयास को अस्वीकार करती है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस मजदूरों, पंचायतों और राज्यों के साथ मिलकर देशव्यापी मोर्चा बनाएगी, ताकि यह कानून वापस लिया जाए।

एलडीए ज़ोन-2 पर गंभीर सवाल: फाइलों में 'सच' कुछ, जमीन पर 'खेल' कुछ और

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के प्रवर्तन जोन-2 की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आईजीआरएस, मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल और एलडीए की आंतरिक आख्या से सामने आए तथ्यों के मुताबिक, कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एफ/एफ-3 क्षेत्र में मानचित्र मानकों के विपरीत बड़े पैमाने पर अवैध व्यावसायिक निर्माण को न सिर्फ नजरअंदाज किया गया, बल्कि शिकायतों का भ्रामक और अपूर्ण निस्तारण कर मामले को दबाने की कोशिश भी की गई।

शिकायतें हुईं, लेकिन जांच 'आधी-अधूरी'

17 नवंबर 2025 को दर्ज शिकायत (संदर्भ संख्या 4001572 5116928) में चार बिंदुओं पर स्पष्ट आरोप लगाए गए थे, जो नजूल, संपत्ति, मानचित्र और प्रवर्तन विभाग से सीधे जुड़े थे। बावजूद इसके, दस्तावेज़ बताते हैं कि केवल हाईकोर्ट में लंबित पहलू का हवाला देकर बाकी गंभीर बिंदुओं को दरकिनार कर दिया गया। यही नहीं, शिकायतकर्ता से बातचीत तो दिखाई गई, लेकिन भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया।

सीलिंग हुई, पर जिम्मेदारी तय नहीं

रिकॉर्ड के अनुसार, अवैध निर्माण को 03 नवंबर 2025 को सील किया गया, लेकिन सवाल यह है कि सीलिंग से पहले निर्माण क्यों नहीं रोका गया? और इससे भी बड़ा सवाल- बेसमेंट प्लस दो मंजिल का निर्माण मानचित्र मानकों के विपरीत कैसे खड़ा हो गया? क्या यह सब प्रवर्तन अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव था?

अब मांग-निष्पक्ष जांच और निलंबन

शिकायतकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शासन से मांग की है कि जोन-2 के प्रवर्तन अधिकारियों, सहायक अभियंताओं और जोनल अफसरों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, भ्रामक आख्या देने वालों पर निलंबन, अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण और सार्वजनिक भूमि को मुक्त कराने की कार्रवाई की जाए।

सवाल जो अब भी खड़े हैं

- समय रहते अवैध निर्माण क्यों नहीं रोका गया?
- मानचित्र मानकों के विपरीत निर्माण पर अब तक कार्रवाई क्यों अधूरी है?
- शिकायतों का निस्तारण भ्रामक तरीके से क्यों किया गया?
- क्या यह सब एक संगठित लापरवाही या संरक्षण का नतीजा है?
- एलडीए की फाइलें बहुत कुछ कहती हैं, लेकिन जवाब अब भी बाकी हैं।
- शासन की अगली कार्रवाई तय करेगी कि यह मामला सिस्टम की सफाई बनेगा या एक और फाइल में दबकर रह जाएगा।

फैसिलिटी भूखंड का 'व्यावसायिक' इस्तेमाल?

दस्तावेज़ों में साफ है कि जिस भूमि को सार्वजनिक/फैसिलिटी उपयोग के लिए आरक्षित बताया गया, उसी पर नियमों के विरुद्ध व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो गईं। तो क्या एलडीए ने इस बदलाव के लिए शासन या बोर्ड से अनुमति ली थी? यदि नहीं, तो मानचित्र पास कैसे हुआ और आवंटन किस आधार पर किया गया?

आईजीआरएस आख्या पर भी उठे सवाल

20 दिसंबर 2025 की आख्या (आईजीआरएस संदर्भ 40015725122674) में कहा गया कि एफ-3 सेक्टर-एच कानपुर रोड योजना आवंटित नहीं है, लेकिन जमीन पर खड़े निर्माण और पहले से जारी गतिविधियां इस दावे से सीधे टकराती हैं। यानी कागजों में 'आवंटन नहीं', लेकिन हकीकत में निर्माण मौजूद- यह विरोधाभास किसकी जिम्मेदारी है?

पाठा क्षेत्र में पशु तस्करों का कहर

चरवाहों पर हमला, आधा सैकड़ा बकरियां लूटीं-पुलिस को खुली चुनौती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद के पाठा क्षेत्र में पशु तस्करों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मारकुंडी थाना क्षेत्र में एक बार फिर बकरियों की बड़ी चोरी की घटना सामने आई है, जिससे पशु पालकों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है।

कुसमी जंगल से हांकी गईं दर्जनों बकरियां

रविवार को तस्कर कुसमी जंगल से करीब आधा सैकड़ा बकरियों को हांक ले गए। इस दौरान विरोध करने पर चरवाहों के साथ मारपीट की गई और उन्हें रस्सी से बांधकर जंगल में छोड़ दिया गया।

शाम तक घर न लौटने पर हुआ खुलासा

चरवाहों के देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, जिसके बाद घटना की जानकारी मिल सकी। घायल चरवाहों को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। पीड़ित पशुपालकों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, तस्करों की गिरफ्तारी और पशु चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

पशुपालन ही पाठावासियों की जीवनरेखा

पाठा क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए पशुपालन ही जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। दूध, मावा और पशु उत्पादों के सहारे परिवारों का पालन-पोषण होता है, लेकिन लगातार हो रही चोरियों ने उनकी आर्थिक कमर तोड़ दी है।

एक सप्ताह में दूसरी बड़ी वारदात

गौरतलब है कि इससे पहले एक सप्ताह पूर्व भी मारकुंडी थाना क्षेत्र के डोंडा माफी जंगल से दर्जनों बकरियां चोरी की जा चुकी हैं। इसके बावजूद तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

लगातार बढ़ रही घटनाओं से ग्रामीणों में रोष है। लोगों का कहना है कि तस्कर खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं, जबकि प्रभावी कार्रवाई का अभाव दिखाई दे रहा है।

यूपी: राज्यपाल की मंजूरी के बाद बांके बिहारी जी मंदिर न्यास समेत 10 विधेयक बने कानून

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राज्यपाल की मंजूरी के बाद श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास समेत 10 विधेयक अधिनियम बन गए। सोमवार को प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने इसकी सूचना दी। बता दें कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास विधेयक बीते अगस्त माह में दोनों सदनों में पारित हुआ था, जिसके बाद राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया था। राज्यपाल ने बीती 21 अगस्त को इसकी अनुमति प्रदान कर दी थी। इसके अलावा जो विधेयक मंजूरी के बाद अधिनियम (कानून) बन गए हैं, उनमें उप्र निरसन विधेयक 2025, उप्र राजय लोक सेवा आयोग (प्रक्रिया का विनियमन) (संशोधन) 2025, उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025, उप्र मोटर यान कराधान (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र लोक अभिलेख विधेयक 2025, उप्र राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधक (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र राज्य विधानमंडल सदस्य तथा मंत्री सुख-सुविधा विधि (संशोधन) विधेयक 2025 और कारखाना (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 शामिल हैं।

ये अध्यादेश पटल पर रखे

- उप्र पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण अध्यादेश 2025
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश 2025
- उप्र नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश 2025
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश 2025
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश 2025
- उप्र सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश 2025
- उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश 2025
- उप्र दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) अध्यादेश 2025

धामी अल्मोड़ा पहुंचे, सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ

खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच, अल्मोड़ा को मिली आर्टिफिशियल टर्फ, छात्रावास और सोलर लाइट की सौगात

जन एक्सप्रेस। अल्मोड़ा

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार पूर्वाह्न अल्मोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली और खेल भावना से ओत-प्रोत माहौल में प्रतियोगिताओं की शुरुआत कराई। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शहरों से लेकर दूरस्थ गांवों तक के युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।

फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एकता बिष्ट और विभिन्न खेल प्रशिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है और सरकार भविष्य में भी उन्हें हरसंभव सहयोग देती रहेगी।

अल्मोड़ा को खेल सुविधाओं की बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अल्मोड़ा जनपद के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि जीआईसी ग्राउंड में हॉकी और फुटबॉल के लिए दिन एवं रात्रि उपयोग योग्य बहुउद्देशीय आर्टिफिशियल टर्फ मैदान का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं में अभ्यास का अवसर मिलेगा। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्वच्छ ग्रीन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 200 सोलर लाइटें लगाए जाने की घोषणा भी की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में 50 बिस्तरों की क्षमता वाला छात्रावास बनाया जाएगा, जिससे बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को ठहरने में सुविधा होगी। साथ ही स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुनर्निर्मित किया जाएगा।

अपराधी किसी भी हाल में बच न पाए : डीआईजी

गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता व समयबद्धता से की जाये-डीआईजी

जन एक्सप्रेस । बांदा

पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. की अध्यक्षता में परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया तथा जनसुनवाई की गई बैठक में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परिक्षेत्र के सभी जिलों में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। हत्या, लूट, चोरी, महिला अपराध, साइबर अपराध, यातायात दुर्घटनाएं, बैंकों एवं लेन-देन के स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाय व जनता की शिकायतों का त्वरित व प्रभावी रुप से निस्तारण किया जाए। आई0 जी0आर0एस0 से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु सभी जनपदों में संचालित साइबर थानों द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं आमजन को जागरुक करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश।

अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही,गैगस्टर अधि0 व गुंडा अधिनियम की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ऑपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश। गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता एव समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बों, चौराहों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबंधन एवं विशेष सतर्कता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।हाट स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए ऐसे स्थल जहां विगत वर्ष में सड़क दुर्घटना में अधिक मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने की घटनाएं हुई हैं, उन हॉट स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। प्रचलित अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन में कार्यवाही के संबंध में और लम्बित प्रारम्भिक जांच एवं विभागीय जाँच कर कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश-दिए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक जनपद पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डा. दीक्षा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह मौजूद रहे।

सपा नेता विदित ने विधायक का कराया था ध्यान आकृष्ट

विधायक बबेरू ने विधानसभा में उठाया शहर के राइफल क्लब मैदान का मामला

जन एक्सप्रेस । बांदा

शहर के एक मात्र बचे खेल मैदान राइफल क्लब की नीलामी का मुद्दा सोमवार को विधानसभा में खूब गूंजा,बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने जनपद विकास प्राधिकरण की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि खेल मैदान की सौदेबाजी होने से जहां खिलाड़ियों में आक्रोश पनप रहा है, वहीं जिले की खेल प्रतिभाओं पर भी विराम लग सकती है। उन्होंने नियम-56 के तहत विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग की।

सोमवार को विधानसभा में संचालित शीतकालीन सत्र के दौरान नियम-56 के तहत बबेरू विधायक विशंभर यादव ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष शहर के एक मात्र खेल मैदान राइफल क्लब मैदान पर जनपद विकास प्राधिकरण की बदनियती का सवाल बुलंद किया।बता दें कि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी विदित ने बबेरू से सपा विधायक विशंभर यादव का ध्यान इस मुद्दे पर आकृष्ट कराया और खेल मैदान को जनपद विकास प्राधिकरण के चंगुल से बचाने की मांग की थी।विधायक ने इस मुद्दे को गंभीरता से सदन में उठाते हुए कहा कि शहर के बीचोंबीच स्थित राइफल क्लब मैदान अब शहरी क्षेत्र का एकमात्र खेल मैदान है,जहां खेल प्रतिभाओं को अपना हुनर निखारने का मौका मिलता है।बताया कि राइफल क्लब मैदान तत्कालीन जमींदार ने सन 1902 में 99 साल के पट्टे पर पुलिस परेड ग्राउंड के लिए अस्थाई तौर पर दिया था।विधायक ने यह भी बताया कि खेल मैदान से निकलकर तमाम प्रतिभावान खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद और देश का नाम रोशन किया है।वहीं वर्ष 1993-94 में जनपद विकास प्राधिकरण ने नगर पालिका परिषद से मिलीभगत करके तथ्यों को छिपाकर नजूल लैंड का फ्री होल्ड करा लिया और व्यवसायिक कांपलेक्स तैयार करने का कुचक्र रचा था। जिस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 2006 में इसी मैदान से राइफल क्लब को खेल मैदान के रूप में घोषणा की थी।हाल ही में जनपद विकास प्राधिकरण की एक बार फिर से इस खेल मैदान पर नियत खराब हुई और प्राधिकरण इस मैदान को व्यवसायिक उपयोग करने और नीलामी करने का कुचक्र रच रहा है।विधायक का कहना है कि खेल मैदान को बेंचे जाने की खबर से खिलाड़ी व खेल प्रेमी खासे आहत हैं और उनके मन में आक्रोश पनप रहा है।उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ने सदन कार्रवाई रोककर इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग बुलंद की है।

डिप्टी कमिश्नर परिवहन केडी सिंह गौर को साहित्य के क्षेत्र में मिला छत्रसाल गौरव सम्मान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त पूर्व में चित्रकूट जिले में एआरटीओ के पद पर रह चुके व जनपद बांदा निवासी राजपत्रित अधिकारी एवं लोकप्रिय और चर्चित लेखक साहित्यकार के.डी. सिंह गौर के नए उपन्यास ''भोला भेलपूरी'' का विमोचन और लोकार्पण खजुराहो फिल्म फेस्टिवल 2025 के मंच से प्रख्यात अभिनेता व निर्माता निर्देशक सौरभ शुक्ला द्वारा किया गया। के.डी. सिंह गौर की अब तक की सृजन यात्रा में यह 16 वीं पुस्तक है, जो कि एक लघु उपन्यास है। इस दौरान उन्हें सौरभ शुक्ला के हाथों साहित्य के क्षेत्र में छत्रसाल गौरव सम्मान भी मिला है।

उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन एक राजपत्रित अधिकारी के रूप में काम करते हुए, इसके पूर्व समानांतर रूप से हिंदी लेखन की अनेक विधाओं पर उनकी पंद्रह पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं। इस अवसर पर के.डी. सिंह गौर को खजुराहो फिल्म फेस्टिवल के मंच पर साहित्य के क्षेत्र में उनके निरंतर सृजन और योगदान के लिए ''छत्रसाल गौरव सम्मान'' से भी से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें फिल्म अभिनेता, निर्माता निर्देशक सौरभ शुक्ला के द्वारा राजा बुंदेला की उपस्थिति में प्रदान किया गया। के.डी. सिंह गौर मूलतः जनपद बांदा के रहने वाले हैं तथा वर्तमान में वह झांसी में उप परिवहन आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले चित्रकूट में एआरटीओ के पद पर भी कार्यरत रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जनपदवासियों सहित क्षत्रिय समाज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर फिल्म समीक्षक भारती प्रधान, लेखिका और निर्देशिका बरनाली राय शुक्ला, फ्रेंच अभिनेत्री मैरियाने, सिनेमेटोग्राफर सुकुमार जतानिया, निर्देशक सुभाष सहगल आदि मौजूद रहे।

सदर विधायक ने सदन में उठाया बुनियादी समस्याओं का मुद्दा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश विधान सभा के तृतीय सत्र के प्रथम सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष जनपद की समस्याओं को रखकर निस्तारण की मांग की। इस दौरान विधायक ने स्वास्थ्य व्यवस्था, सिंचाई व्यवस्था, भ्रष्टाचार जांच, खाद व्यवस्था आदि में सुधार करते हुए दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की।

सत्र के दौरान सदर विधायक अनिल प्रधान ने बताया कि जनपद चित्रकूट कि एक आकांक्षी जिला है। यहां संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं 200 बेड का मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय रेफर सेंटर मात्र है विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। चित्रकूट के जिला चिकित्सालय एवं खोह में संचालित अस्पताल से प्रयागराज के लिये रेफर किया जाता है जिसकी दूरी 120 किमी0 है। प्रतिवर्ष हजारों लोगों की मौत प्रयागराज पहुंचने के पहले ही हो जाती है। मांग की कि जनपद में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती कर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जाए। साथ ही अस्पताल में 24 घण्टे एक्सरे, सिटी स्कैन, ब्लड जाँच की व्यवस्था की जाए। बताया कि जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए वर्ष 2021 में जमीन अधिग्रहित की गई थी, परंतु चार वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए स्वीकृति एवं बजट जारी नहीं किया जा रहा है। मांग की कि जिले में मेडिकल कॉलिज की स्थापना कराई जाए। इसके अलावा सदर विधायक ने जिला अस्पताल के सभी आईसीयू, पीआईसीयू, सीआईसीयू, ओआईसीयू वार्ड की स्थापना करवाने व एमआईआर मशीन लगवाने की मांग की। सदर विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से पैसे निकालने में लगने वाले महीनों के समय को कम करने और पूरा पैसे देने के सम्बन्ध में नियम बनाने की मांग की। सदर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मकरी पहरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने की मांग की।

आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में नवोदय विद्यालय के बच्चों ने दिखाया हुनर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मानिकपुर बैगलेस-डे एक्टिविटी के अंतर्गत चल रही तीन दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट की कार्यशाला का समापन सोमवार को किया गया। इस दौरान आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसका उद्घाटन एसडीएम मानिकपुर एसडीएम और प्राचार्य ने किया।

कार्यशाला के अंतिम दिन मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम व प्राचार्य राजेश बाबू ने प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट एंड क्राफ्ट के मॉडलों का अवलोकन किया। कहा कि ऐसे आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करना होता है, जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ व्यवहारिक ज्ञान हासिल कर सकें और उनकी प्रतिभा में निखार आए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत बच्चे गार्डेनिंग, टेलरिंग, कारपेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ब्यूटीशियन, संगीत व नृत्य आदि के क्षेत्र में भी पारंगत होते है। मानिकपुर एसडीएम मानिकपुर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए क्रिएटिव वर्क की प्रशंसा की।

26 को होगी नीलामी

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। राजापुर उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव ने बताया कि मत्स्य पालन के लिए तालाब प्रणालियों के 10 वर्षीय आवंटन के लिए नीलामी शिविर का आयोजन आगामी 26 दिसम्बर की दोपहर 12.00 बजे तहसील सभागार में होगा। जिसमें तहसील क्षेत्र के सिकरीसानी, चैरा, ओरा, नैनीबॉगर, गडौली, औदहा, पनौटी, चिल्लीमल बांगर, अतरौलीमाफी, सरधुवा, महुवागाँव, अर्की व ममसीबुजुर्ग ग्रामों में मत्स्य पालन के लिए तालाब/पोखर/जल प्रणालियों के 10 वर्षीय आवंटन के लिए इच्छुक व्यक्ति नीलामी शिविर में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

चित्रकूट पहुंचे प्रदीप देवधर तिवारी, अधिवक्ता अधिकार यात्रा के जरिए मांगा समर्थन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रत्याशी और इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप देवधर तिवारी अधिवक्ता अधिकार यात्रा के तहत चित्रकूट पहुंचे। यात्रा राजापुर तहसील और कर्वी कचहरी पहुंची, जहां बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं से संवाद किया गया। इस दौरान यात्रा के मुख्य संयोजक प्रदीप देवधर तिवारी ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराने को लेकर अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने बताया कि फरवरी में यह यात्रा प्रदेश के सभी 75 जिलों से होते हुए लखनऊ पहुंचेगी, जहां विधानसभा का घेराव किया जाएगा। अधिवक्ता अधिकार यात्रा के माध्यम से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, अधिवक्ताओं को टोल फ्री सुविधा देने और उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग सरकार से की गई।

आज मनाई जाएगी चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती किसान दिवस के रूप में मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में ऑडिटोरियम में मनाई जाएगी। इस दौरान कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि इस मौके पर दो दिवसीय मिलेट्स संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। जिसमें किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर देने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों के प्रतिभाग करने की अपील की है।

भारत स्काउट और गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर की अध्यक्षता में भारत स्काउट और गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ स्काउट गाइड प्रार्थना के साथ किया गया।

बैठक में जिला सचिव सुरेश प्रसाद ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला मुख्यायुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट झाँसी चित्रकूट धाम मण्डल शिव प्रताप सिंह, एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक एवं पूर्व जिला सचिव मइयादीन पटेल, जिला आयुक्त कब व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला, जिला आयुक्त शशिकला, डॉ राजीव पाठक, डॉ सनत द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह आदि को स्कार्फ पहनाया गया। इसके बाद जिला संस्था के 2024-25 के आय-व्यय का अनुमोदन, 2025-26 के लिए व्यय धनराशि की व्यवस्था, स्काउट गाइड छात्रों व शिक्षकों के प्रगतिशील प्रशिक्षण, जनपदीय स्काउट गाइड रैली के व्यय भुगतान पर विचार, जिला संस्था के लिए लैपटॉप की व्यवस्था व डीओसी के मानदेय आदि बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यालय से प्राप्त अधिकार पत्र व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द्र शुक्ल, मोहन लाल दीन, इन्द्रेश श्रीवास्तव, प्रेमचंद, लालमन, आराधना सिंह, वन्दना यादव, शहनाज बानो, अनिल कुमार सिंह, संजय यादव, ललित कुमार, रामदयाल आदि मौजूद रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आभास महासंघ द्वारा विचार संगोष्ठी एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया।

सदर तहसील क्षेत्र के कंठीपुर ग्राम पंचायत में आयोजित गोष्ठी में संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आभास महासंघ द्वारा करवाया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय कंठीपुर कक्षा 8 की छात्रा शशि देवी ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय कंठीपुर कक्षा चार की छात्रा शोभावती ने द्वितीय व उच्च प्राथमिक विद्यालय कंठीपुर कक्षा आठ के छात्र नीरज कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया है। तीनों प्रतिभागी बच्चों को संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार भास्कर, आईटी कम्प्यूटर के डायरेक्टर रामकुमार व मुख्य वक्ता शशिकला ने सील्ड, प्रमाण पत्र व नगद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया। इसके अलावा प्रतिभागी विकास कुमार, स्वाती सिंह, सूरज कुमार, कंचन देवी, शुभम् यादव, तनु देवी, रितेश कुमार, मोहिनी देवी, अंजली वर्मा व कोमल देवी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है।

इस मौके पर वक्ता विजय सिंह पटेल, डॉ ज्ञानचंद बौद्ध, प्रमोद कुमार, तीरथ प्रसाद वर्मा, कुशल चैधरी, शत्रुघ्न सक्सेना, प्रियंका वर्मा, रमा देवी, तुलसी देवी, मोहम्मद इस्माइल, आशीष कुमार, राजकरन वर्मा, कैलाश चंद्र, शिवजीत, अनितराज, गुलाम सिंह, निशा यादव, पुरूषोत्तम वर्मा, रामलखन यादव, रामदेव, अनिल कुमार, अनुरोध कुमार, आनंद सागर, उदित नारायण यादव, चंदन यादव, नरेंद्र कुमार, बरकत अली, लवकुश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

चालकों व परिचालकों का रोडवेज परिसर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

जन एक्सप्रेस । बांदा

सोमवार को रोडवेज बस परिसर में सोसाइटी की जनपद इकाई द्वारा डिपो में कार्यरत चालक,परिचालक एवं सहयोगी स्टाफ की सामान्य जाँच हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डिपो के स्टाफ की नेत्र जाँच, सामान्य रक्त परीक्षण, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर जाँच, एचआईवी परामर्श एवं जाँच सेवाएं, टीबी की स्क्रीनिंग, एसटीआई, सिफलिस, हेपेटाइटिस की जाँच एवं परामर्श सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गई।

शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विजेन्द्र सिंह एवं रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबन्धक संदीप अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।शिविर में जाँच के लिये मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी जिनके द्वारा रोडवेज डिपो के स्टाफ की जाँचें की गई एवं दवाओं का वितरण किया गया। शिविर का संचालन जिला एड्स नियन्त्रण अधिकारी, रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक मुकेश बाबू गुप्ता एवं जिला एड्स कार्यक्रम प्रबन्धक की देख-रेख में किया गया। शिविर में 304 एचआईवी, एसटीआई, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी एवं सी, सामान्य नेत्र परीक्षण एवं ब्लड जाँचें की गई। कुल 304 सम्भावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग करते हुए 40 लोगों के सैम्पल एकत्र किये गये। शिविर में जादू शो के माध्यम से एचआईवी एड्स एवं अन्य बीमारियों के बारे में बचाव, रोकयाम एवं सावधानियों के बारे में भी बताया गया।

शिविर में क्लीनिकल सर्विस आफिसर मुन्नालाल प्रजापति, डा. मोहसिन, डा. सचिन शर्मा, टीआई मैनेजर संजय, वाईआरजी टैक्निकल एक्सपर्ट अभिजीत सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी जियाउद्दीन, लेखाकार आमिर हाशमी, एम एण्ड ई असिस्टेंट वसी मोहम्मद, कार्यालय सहायक उमा शुक्ला सहित आईसीटीसी एवं एसटीआई काउन्सलर उपस्थित रहे।

सुशासन के महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता

चित्रकूट। बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुशासन के महत्व विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता तथा उनके जीवन एवं उनकी कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अनन्या द्विवेदी ने प्रथम, शिल्पा पाण्डेय ने द्वितीय तथा रूपा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, सविता ने द्वितीय तथा शालू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार पाल ने बताया कि प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को आगामी 25 दिसम्बर को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल के रूप में जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से डॉ रजनीश कुमार सिंह, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता राजेश उपाध्याय, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

गौ संवर्धन योजना के लिए लाभार्थियों को चयन पत्र जारी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ एस.के. पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजनान्तर्गत जनपद में संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना व मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की चयन प्रक्रिया पूर्ण कर योजना स्थापित करने के लिए लाभार्थियों को चयन पत्र जारी कर दिया गया है। बताया कि मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अन्तर्गत दो स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की इकाई स्थापना के लिए अधिकतम 80,000 का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है। जिसके तहत वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए जनपद के 28 लाभार्थियों (14 महिला एवं 14 पुरूष) का चयन हुआ है। इन लाभार्थियों को बाह्य प्रदेश से उन्नत नस्ल की स्वदेशी गाय (गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा प्रजाति) के क्रय पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। क्रय की जाने वाली गाय प्रथम अथवा द्वितीय ब्यांत की होगी। इसी प्रकार नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के अन्तर्गत 25 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की इकाई स्थापित करने के लिए अधिकतम 31.25 लाख/30.50 लाख का तीन चरणों में अनुदान प्रदान किया जाता है। बताया कि वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत जनपद से दो लाभार्थियों का चयन हुआ है। जिन्हें साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी (गंगातीरी अधिकतम 05) नस्ल की 25 गायें इकाई स्थापना के लिए प्रदान की जाएगी।

पुलिस ने अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्य को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 02 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गौरतलब हो कि 15 दिसंबर 25 को थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम तुर्रा के रहने वाले विनोद गौतम कस्बा अतर्रा में अपने रिश्तेदार से मिलने आये थे जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा उनके मोटरसाइकिल से झोले में रखे 1.5 लाख रुपए चोरी कर लिए गये थे।

जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इस क्रम में 21/22 दिसंबर 25 की रात्रि को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को घेराबन्दी कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 01 लाख 45 हजार 500 रुपए, अवैध तमंचा व कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे दोनों सगे भाई है व छतरपुर मध्य प्रदेश के रहने वाले है तथा अपने एक अन्य सगे भाई सिद्धू के साथ तीनों लोग मिलकर जनपद व आस-पास के जनपदों/राज्यों में बैंकों, बाजारों, पशु बाजारों, अनाजों की मंडियों, रेलवे/बस स्टैंडों आदि भीड़-भाड़ वाले आदि स्थानों पर पहले रेकी करते है और फिर माल खरीद/बिक्री हेतु रुपए लेकर आने-जाने वाले व्यक्तियों का पीछा करते है तथा मौका पाकर रुपयों की चोरी कर लेते है । इसके अतिरिक्त खड़े वाहनों तथा महिलाओं के पर्स आदि से रुपयो/ कीमती सामानों की चोरी करते है।

15 दिसंबर को हम तीनों भाईयों नें मिलकर कस्बा अतर्रा के मंडी के पास एक व्यक्ति के मोटरसाइकिल के हैण्डल से झोले में रखे 1.5 लाख रुपए चोरी कर लिए थे उसके बाद मेरा भाई सिद्धू को घर जाना था इसलिए वह कुछ रुपए लेकर चला गया। पुलिस द्वारा दोनों को अभियुक्तों का गिरफ्तार कर लिया गया तथा घटना में शामिल एक अन्य फरार/वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे।इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा गहनता से जांच/पूछताछ की जा रही है कि इनके गिरोह में और कौन-कौन शामिल है तथा इनके द्वारा और कहाँ-कहाँ एवं किन-किन स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गिरबल पुत्र हरदौस आदिवासी निवासी चन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन जनपद छतरपुर (म0प्र0), निरबल पुत्र हरदौस आदिवासी निवासी चन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन जनपद छतरपुर (म0प्र0) व फरार/वांछित अभियुक्तों में सिद्धू पुत्र हरदौस आदिवासी निवासी चन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन जनपद छतरपुर (म0प्र0) है।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 23 दिसंबर, 2025

चुनाव आयोग केवल भाजपा के इशारे...

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में ममता ने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

रेस की सनक में हत्या

दो महीने तक आंख मूंदे रही पुलिस

- जनता दरबार तक पहुंची फरियाद, फिर भी हत्यारे आज़ाद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ में कानून-व्यवस्था के दावों की सच्चाई एक बार फिर सड़क पर दम तोड़ गई। गोमतीनगर के जी-20 रोड पर 19 वर्षीय जमान हसन की बेरहमी से हत्या कर दी गई, लेकिन हैरानी यह कि योगी सरकार की पुलिस ने दो महीने तक इस वारदात को हादसा बताकर दबाए रखा। जब मामला बढ़ा, तब जाकर 11 अगस्त को एफआईआर दर्ज हुई–लेकिन नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी आज भी नहीं हो सकी।

रास्ता नहीं दिया तो कुचल दिया

3 जून की रात जमान हसन अपने दोस्त के साथ स्कूटी से घर लौट रहा था। आरोप है कि चार बाइकों पर सवार आठ युवकों ने रेस लगाने के लिए रास्ता खाली करने को कहा। मना करने पर धमकी दी गई और कुछ देर बाद पीछा कर पीछे से टक्कर मार दी गई। गिरने के बाद बाइक से कुचलने और रॉड से पिटाई का आरोप है। इलाज के दौरान 4 जून की रात उसकी मौत हो गई। हादसा बताकर फाइल बंद करने की कोशिश? पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने शुरुआत में इसे सड़क दुर्घटना बताकर मामला रफा-दफा करने का प्रयास किया। मृतक के दोस्त पर बयान बदलने का दबाव भी बनाया गया। इसी वजह से एफआईआर दर्ज होने में दो महीने की देरी हुई।

जमान हसन हत्याकांड : पुलिस की 5 बड़ी चूक

- हत्या को शुरुआत में हादसा बताया
- एफआईआर दर्ज करने में 2 महीने की देरी
- गवाह पर दबाव के गंभीर आरोप
- नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं
- अवैध रेस पर पहले से कोई निगरानी नहीं

सवाल जो सरकार से पूछे जाने चाहिए*

- क्या राजधानी में अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है?
- जनता दरबार तक बात पहुंचने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं?
- क्या गरीब परिवारों के लिए न्याय की रफ्तार धीमी है?

न्याय की मांग, सिस्टम पर सवाल

मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक पहुंचने के बावजूद जमान हसन के पिता को इंसाफ नहीं मिला। अब सवाल यह है– क्या राजधानी में रफ्तार से दौड़ती गाड़ियां ही नहीं, पुलिस की लापरवाही भी बेलगाम हो चुकी है?

नामजद आरोपी, कार्रवाई शून्य

मामले में सोनू कुमार और आदर्श को नामजद किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) में केस दर्ज है। विवेचना इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी को सौंपी गई, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं।

होमगार्ड की लिखित परीक्षा की तिथि घोषित, 25 से 27 अप्रैल तक तीन दिन में होगा एग्जाम, 25 लाख आए आवेदन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश में होमगार्ड स्वयंसेवकों के 41,424 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन आगामी 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक होगा। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सोमवार को लिखित परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह इससे संबंधित जानकारियों के लिए वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

प्राप्त हुए 25 लाख से ज्यादा आवेदन: बोर्ड के मुताबिक होमगार्ड बनने के लिए 25.30 लाख ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। बता दें कि तीन दिन में होने वाली लिखित परीक्षा छह पालियों में कराने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जा सकते हैं, हालांकि इसका फैसला बोर्ड द्वारा बाद में लिया जाएगा। परीक्षा पूरी तरह ऑफलाइन होगी। परीक्षा में केवल सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। ओएमआर आधारित यह परीक्षा 100 अंकों की होगी।

कोडीन सिरप, कैंसर इलाज और जौनपुर के दोहरे पर सदन में घमासान

कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या और सिरप कांड पर आमने-सामने आए सत्ता पक्ष-विपक्ष, आरोप-प्रत्यारोप के बीच सदन में हंगामा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं, कैंसर के बढ़ते मामलों, तंबाकू बिक्री और कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। चर्चा के दौरान आरोप-प्रत्यारोप, तीखे कटाक्ष और हंगामे के चलते सदन का माहौल कई बार गरमा गया। समाजवादी पार्टी के मुंगराबादशाहपुर विधायक पंकज पटेल ने कहा कि देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं और सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार के कार्यकाल में स्थापित कैंसर इंस्टीट्यूट का वर्तमान में समुचित संचालन नहीं हो पा रहा है। पंकज पटेल ने जौनपुर में मुख कैंसर के बढ़ते मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि जौनपुर में दोहरा खुलेआम बिक रहे हैं तंबाकू, पान मसाला और दोहरे उत्पादों को जिम्मेदार ठहराया और इन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। चंदौली से सपा विधायक प्रभु नारायण ने जिला अस्पतालों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि असाध्य रोगों के इलाज की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सहायता कोष से मिलने वाली आर्थिक मदद समय से न मिलने के कारण कई मरीजों की जान चली जाती है। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार 30 वर्ष से कम उम्र के लोगों की कैंसर जांच करा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की बजट घोषणा के तहत प्रदेश में 67 कैंसर डे-केयर सेंटर प्रस्तावित हैं, जिन पर काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब मरीजों के प्रति संवेदनशील है और मुख्यमंत्री सहायता कोष से लगातार मदद दी जा रही है। इसी बीच सपा विधायक अतुल प्रधान ने जहरीली सिरप और कथित सिरप कांड में 'बड़े लोगों' की संलिप्तता का आरोप लगाया। उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी में पकड़ी गई गाड़ी, अब तक कार्रवाई न होने और सत्ता से जुड़े लोगों के नाम लेने का प्रयास किया। माइक बंद होने के बावजूद वे बोलते रहे, जिससे सदन में हंगामा बढ़ गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि कोडीन सिरप मामले में प्रदेश में किसी की मौत नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है और सबसे बड़े सेलर का लाइसेंस समाजवादी पार्टी कार्यालय से जुड़ा मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में कोडीन सिरप का उत्पादन नहीं होता और डॉक्टर की सलाह के बिना बिक्री करने वाले 134 फार्म पर कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश में 'दो नमूने' हैं, जो दिल्ली और लखनऊ में बैठकर विदेश घूमने का काम करते हैं। इस टिप्पणी पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि नेता सदन की भाषा मर्यादित होनी चाहिए। इसके बाद सदन में जोरदार हल्ला-गुल्ला देखने को मिला।

6 साल की मासूम से दरिंदगी की कोशिश

10 रु का लालच देकर कमरे में ले गया आरोपी, मां के पहुंचने पर हुआ खुलासा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मलिहाबाद। 6 साल की मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत और दरिंदगी के प्रयास मामला सामने आया है। मोहल्ले के ही एक शख्स ने बच्ची को 10 रु का लालच देकर अपने कमरे में बंधक बना लिया। जब बच्ची की मां उसे ढूंढते हुए वहां पहुंची तो आरोपी मौके से फरार हो गया। बच्ची ने मां को अपनी आपबीती सुनाई जिसके बाद परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है।पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 6 साल की बेटी शनिवार 20 दिसंबर को घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला पप्पू वहां आया और बच्ची को बहला-फुसलाकर 10 का नोट दिया। पैसों का लालच देकर वह मासूम को अपने कमरे में ले गया। बच्ची जब काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो मां उसे ढूंढते हुए पप्पू के कमरे तक पहुंच गई। मां ने जैसे ही बाहर से आवाज लगाई बच्ची ने दरवाजा खोल दिया। कमरे के अंदर का नजारा देख मां के पैरों तले जमीन खिसक गई। आरोपी पप्पू अपनी पैंट की चैन बंद करते हुए मौके से भाग निकला। बच्ची ने बताया कि आरोपी काफी समय से उसे कुछ पैसों देकर कमरे में बुलाता था और उसके साथ अश्लील हरकतें करता था।घटना के बाद पीड़िता की मां ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ने आरोपी पप्पू के खिलाफ संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र भाटी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पीएम सूर्य घर योजना को मिलेगी नई रफ्तार, राज्य सब्सिडी के लिए मिले 500 करोड़

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पीएम सूर्य घर योजना को सरकार और गति देने जा रही है। सोमवार को विधानसभा में पेश किए गए अनुपूरक बजट में इसके लिए 500 करोड़ की मंजूरी दी गई। इस राशि से पीएम सूर्य घर योजना की राज्य सब्सिडी दी जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य लाभार्थियों को राज्य सब्सिडी शीघ्र एवं सुगमता से उपलब्ध कराना है, ताकि आम नागरिकों को योजना का पूर्ण लाभ समय पर मिल सके। सरकार के इस कदम से न केवल सोलर प्लांट की स्थापना में लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि राज्य में सौर ऊर्जा के उपयोग को नई गति प्राप्त होगी।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। योजना के अंतर्गत राज्य में अब तक कुल 10,09,567 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 3,14,376 घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इसके माध्यम से 3,17,690 परिवारों को योजना का लाभ मिला है, जिससे स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा मिला है।योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक 1,083.63 मेगावाट सोलर इंस्टॉलेशन क्षमता का सृजन किया जा चुका है।

जब बजट सिर्फ 24 प्रतिशत ही खर्च हुआ तो अनुपूरक की जरूरत क्यों : सपा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है। इस दौरान योगी सरकार ने आज अनुपूरक बजट पेश किया। प्रदेश की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने सरकार पर निशाना साधते हुए सरकार पर जनता के पैसों का सही से इस्तेमाल नहीं कर पाने का गंभीर आरोप लगाया है।उत्तर प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'संविधान के तहत सरकार को अनुपूरक बजट पेश करने का अधिकार है। जब आवंटित फंड से ज्यादा खर्च की जरूरत होती है, तो उस रकम को कंसोलिडेटेड फंड से निकालने के लिए इसे अनुपूरक बजट के तौर पर सदन में पेश करना होता है। एक बार जब सदन इसे मंजूरी दे देता है, तो सरकार पैसा खर्च कर सकती है वरना नहीं। चर्चा इस बात पर होगी कि अनुपूरक बजट कब और किन हालात में पेश किया जा रहा है। 'समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा, 'मैंने कई बार भाजपा के अनुपूरक बजट को देखा है। वे बजट को खर्च नहीं कर पाते हैं। इस बार भी ऐसा ही होने वाला है। सरकार में अनुपूरक बजट के पैसों को लेकर सीधा-सीधा बंदरबांट होगा।सपा विधायक कमल अख्तर ने कहा, 'जब सरकार बजट लाती है तो पिछला बजट खर्च होने के बाद वह सप्लीमेंट्री बजट भी लाती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसारअब तक सिर्फ 24 प्रतिशत ही खर्च हुआ है, तो अब नया अनुपूरक बजट लाने का क्या मतलब है? सरकार पहले बड़ा बजट पेश करके और फिर उसे खर्च न करके लोगों को गुमराह करती है, जिससे विकास और चल रही योजनाओं में रुकावट आती है। 'सपा विधायक मुकेश वर्मा ने कहा, 'वर्तमान सरकार विधानसभा नहीं चलाना चाहती है। अगर विधानसभा चलेगी तो दलितों, पिछड़ों और शोषितों की चर्चा होगी, उनके हिस्से की बात होगी। इसलिए वे चर्चा से भाग रहे हैं। वर्तमान सरकार बेईमान है। उन्होंने लेखपाल और अध्यापक भर्ती में घोटाला कर दिया। जितनी भी नौकरी निकाली जा रही है, उन सबमें घोटाला हो रहा है। '

योगी सरकार का एमएसएमई सेक्टर पर भरोसा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- एमएसएमई कार्यालयी तंत्र को मजबूत करने के लिए सीधे बजटीय प्रावधान
- वैश्विक कंपनियों से जुड़कर एमएसएमई को बाजार और निर्यात का नया अवसर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एमएसएमई माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज सेक्टर को सशक्त बनाने को लेकर अनुपूरक बजट में स्पष्ट और ठोस प्रावधान किए हैं। प्रदेश सरकार का मानना है कि एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके मजबूत होने से रोजगार और निवेश का विस्तार संभव है। लघु उद्योग भारती, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, रविन्द्र सिंह ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों और नये अनुपूरक बजट प्रावधानों से एमएसएमई को बढ़ावा और प्रोत्साहन मिलेगा। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह प्रभावी कदम है। सबसे बड़ी बात यह है कि योगी सरकार ने उद्यमियों और उद्योगों को सुरक्षित वातावरण देने का काम किया है' एमएसएमई से जुड़े कार्यालयी तंत्र को मजबूत करने के लिए जिला उद्योग केंद्र के अधिष्ठान व्यय हेतु 1.5 करोड़ रुपये,, उद्योग निदेशालय के अधिष्ठान व्यय के लिए भी 1.5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे जिलों में उद्यमियों को समय पर मार्गदर्शन, स्वीकृति और योजनाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि मजबूत ऑफिस सिस्टम से ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जमीन पर दिखेगा।औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत 823.43 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि प्रस्तावित की गई है। इस राशि का बड़ा हिस्सा एमएसएमई इकाइयों को पूंजी निवेश, सब्सिडी, ब्याज अनुदान और रोजगार सृजन से जुड़े प्रोत्साहन के रूप में मिलेगा। इसके साथ ही औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 के लिए 300 करोड़ रुपये और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास नीति 2012 के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।एमएसएमई सेक्टर को बड़े निवेश से जोड़ने के लिए फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट और फॉर्च्यून-500 कंपनियों की निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के अंतर्गत 371.69 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसका अप्रत्यक्ष लेकिन महत्वपूर्ण लाभ एमएसएमई इकाइयों को सप्लाई चेन, वेंडर डेवलपमेंट और निर्यात के रूप में मिलेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को ठोस बजटीय समर्थन मिला है। यही कारण है कि प्रदेश तेजी से एमएसएमई हब के रूप में उभर रहा है और आने वाले समय में लाखों नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई हैं।

विधानसभा में 'नमूना' बयान से सियासी तूफान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक बयान ने सियासी माहौल को अचानक गरमा दिया। सदन के भीतर शुरू हुई तीखी नोकझोंक अब सोशल मीडिया और सियासी बयानबाजी तक पहुंच गई । 'नमूना' शब्द के इस्तेमाल को लेकर न सिर्फ विपक्ष ने आपत्ति जताई बल्कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी खुलकर सामने आ गए हैं।अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी को राजनीति की मर्यादा याद दिलाते हुए सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को भाषा और व्यवहार की सीमा नहीं लांघनी चाहिए।किसी को उम्मीद नहीं थी कि दिल्ली, लखनऊ की राजनीतिक खींचतान इस स्तर तक पहुंच जाएगी। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को लोकलाज और मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अपनी पार्टी के अंदर की खींचतान को चौराहे पर न लाए, हालात ऐसे बन सकते हैं कि लौटने का रास्ता भी मुश्किल हो जाए।अखिलेश के इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। समर्थक लोकतांत्रिक मर्यादा की बात बता रहे हैं।

प्रदेश में 15 हजार करोड़ का होगा निवेश, हल्दीराम स्नैक्स की लगेगी यूनिट

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार सुबह हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 15189.7 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके तहत मिर्जापुर, हरदोई, बुलंदशहर, रायबरेली, गौतमबुद्धनगर, सोनभद्र, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ में मेगा एवं सुपर मेगा श्रेणी की 12 औद्योगिक इकाइयों को जल्द लेटर ऑफ कंफर्ट (सहमति पत्र) जारी किया जाएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि यूपी निवेश का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है। निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। हर निवेश प्रस्ताव को धरातल पर साकार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक उद्यमी यूपी का मित्र है।

नोएडा में इन्हें मिलेंगे सहमति पत्र

अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया को गौतमबुद्धनगर के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 3.53 करोड़ की लागत से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट के लिए, एसेंटके सर्किट को गौतमबुद्धनगर में 3.25 करोड़ की लागत से पीसीवी एवं सेमी कंडक्टर प्लांट, स्वरूप स्टील इंडस्ट्रीज प्रालि को मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र में 266.70 करोड़ की लागत से टीमटी स्टील्स प्लांट के लिए, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को अलीगढ़ के कासिमपुर में 628 करोड़ की लागत से सीमेंट उत्पादन शुरू करने के लिए और अंबा शक्ति स्टील्स को मुजफ्फरनगर में 241.50 करोड़ की लागत से स्टील्स उत्पादन शुरू करने के लिए सहमति पत्र जारी होंगे।

इन इकाइयों को जारी होंगे सहमति पत्र

उन्होंने बताया कि अर्थस्टार वेंचर्स को मिर्जापुर में 549.26 करोड़ की लागत से आयरन एवं स्टील प्लांट के लिए, अपोलो कोटेड प्रोडक्ट्स को सिकंदराबाद बुलंदशहर में 350 करोड़ की लागत से कोल्ड रोलिंग मिल के लिए, हल्दीराम स्नैक्स मैन्युफैक्चरिंग प्रालि को हरदोई में 349.27 करोड़ की लागत से स्नैक्स प्लांट के लिए, श्री भवानी पेपर मिल्स को रायबरेली में 305 करोड़ से पेपर मिल के लिए, ड्रीमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रालि को ग्रेटर नोएडा में 414.88 करोड़ की लागत से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड प्लांट के लिए, एसीसी लिमिटेड सलाई बनवा ग्रीनफील्ड ग्राइंडिंग यूनिट को सोनभद्र में 803 करोड़ की लागत से सीमेंट उत्पादन के लिए और एनएसएल रिन्यूएबल पॉवर को मेरठ में 4499.51 करोड़ की लागत से सोलर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग पार्क के लिए लेटर ऑफ कंफर्ट जारी होंगे।

भदोही स्थित काशी नरेश राज्य विवि में नए सत्र से शुरू होगा प्रवेश

प्रदेश में दो नए राज्य विश्वविद्यालयों के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश कैबिनेट ने सोमवार को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही को काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही के रूप में स्थापित करने संबंधित संशोधन को हरी झंडी दे दी है। इसी तरह मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के अंतर्गत आने वाली ईकाइयों को उच्चीकृत करते हुए स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन को हरी झंडी दी है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि काशी नरेश राज्य विश्वविद्यालय में नए शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रथम वर्ष में प्रवेश किया जाएगा। यहां की वर्तमान जमीन के साथ ही भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए कृषि संकाय के लिए शैक्षणिक भवन के साथ प्रयोगात्मक कार्य के लिए 15 एकड़ अतिरिक्त भूमि ली जाएगी। महाविद्यालय में प्राचार्य का एक व प्रवक्ता के 120 पद सृजित हैं। इसके सापेक्ष 82 प्रवक्ता कार्यरत हैं। समूह ग में कुल 31 सृजित पद के सापेक्ष 13 कर्मचारी कार्यरत हैं। चतुर्थ श्रेणी के 58 सृजित पद के सापेक्ष 11 कर्मचारी कार्यरत हैं। कुल पदों के सापेक्ष एक महीने में एक करोड़ 45 लाख वेतन व भत्ते पर व्यय होता है। उन्होंने कहा कि सृजित सभी पदों को विश्वविद्यालय के सृजित पद मान लिया जाएगा। महाविद्यालय के उन पदों को समाप्त कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों-कर्मचारियों को प्रस्तावित विश्वविद्यालय में आने का विकल्प दिया जाएगा। दूसरी तरफ मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट, शाहजहांपुर के अंतर्गत चल रही शैक्षणिक इकाइयों को उच्चीकृत करते हुए स्वामी शुकदेवानंद विवि की स्थापना के लिए ट्रस्ट की सभी चल-अचल संपत्तियों को राज्य सरकार को नि:शुल्क दी जाएंगी। इसके लिए एमओयू किया जा चुका है। इन दोनों राज्य विवि संशोधन विधेयक को विधानमंडल में पारित कराया जाएगा।

3500 करोड़ से होगा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए अनुपूरक बजट में 3,500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को 300 करोड़ तो एनआरएचएम को 2000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से चिकित्सा के आधारभूत ढांचे को सुधारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाएं बढ़ाई जा रही है। ग्रामीण इलाके के अस्पतालों को उच्चीकृत किया जा रहा है। अनुपूरक बजट में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों के लंबित और भविष्य में प्राप्त होने वाले चिकित्सा दावों के भुगतान के लिए 300 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता को अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है। इससे निजी व सरकारी दोनों प्रकार के सूचीबद्ध अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा और मरीजों को बिना किसी बाधा के उपचार मिल सकेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व जिला अस्पतालों की सेवाओं को और सशक्त किया जाएगा। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, संक्रामक रोग नियंत्रण और स्वास्थ्य कर्मियों की सुविधाओं को भी मजबूती मिलेगी। आयुष्मान भारत नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन मिशन के तहत सूचीबद्ध चिकित्सालयों के लंबित एवं प्राप्त होने वाले चिकित्सा दावों के भुगतान के लिए 1,200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता को अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है।

सभी 75 जिलों में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा के पदों पर होगी तैनाती

प्रदेश के सभी जिलों में नागरिक सुरक्षा के उपनियंत्रक के पदों पर विभागीय अधिकारियों की तैनाती हो सकेगी। अभी तक 26 जिलों में यह व्यवस्था लागू थी। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की वारदात के बाद प्रदेश में भी नागरिक सुरक्षा संगठन को मजबूत करने के लिए कैबिनेट ने सोमवार को उप्र नागरिक सुरक्षा उप नियंत्रक सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2025 को लागू करने की मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत उप नियंत्रक के 60 पद सृजित किए जा सकेंगे। साथ ही नियमावली में संशोधन के बाद विभागीय कर्मियों की पदोन्नति की राह भी आसान हो जाएगी। बता दें कि नागरिक सुरक्षा संगठन के गठन के दौरान प्रदेश के 10 जिलों में जिलाधिकारियों को नियंत्रक और विभागीय अधिकारियों को उप नियंत्रक बनाने का प्रावधान किया गया था। बाद में इसमें 17 और जिले जोड़े गए थे।

भदोही और प्रयागराज में बनेंगे पुल, कुंभ मेला जाने वाले श्रद्धालुओं को होगा फायदा

कैबिनेट ने भदोही में गंगा नदी पर माता सीता समाहित स्थल सीतामढ़ी, धनतुलसी-डेंगुरपुर घाट पर पीपा पुल की जगह दीर्घ सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण ईपीसी मोड पर कराए जाने के लिए व्यय वित्त समिति द्वारा धनराशि को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इस पर 320 करोड़ रुपये व्यय होंगे। यह एक उच्चस्तरीय सेतु होगा जो विधानसभा भदोही के आसपास की आबादी का सीधा संपर्क प्रयागराज शहर से कराएगा। भदोही के कालीन बुनकरों और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही मिर्जापुर होते हुए अन्य राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, बिहार की दूरी करीब 100 किमी कम हो जाएगी। इसी तरह प्रयागराज में गंगा नदी पर सलोरी-हेतापट्टी-झूंसी मार्ग को जोड़ने के लिए फोर लेन पुल का निर्माण ईपीसी मोड पर 953 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। इससे प्रयागराज शहर से यातायात भदोही, वाराणसी एवं बिहार जाना सुगम होगा। कुंभ मेला के समय आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा, संगम स्नान हेतु सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। साथ ही फूलपुर तहसील का सीधा संपर्क प्रयागराज मुख्यालय से हो जाएगा। इससे 2.50 लाख की आबादी लाभांवित होगी। इसके निर्माण से कुंभ मेला की भीड़ का शास्त्री सेतु पर यातायात भार कम हो जाएगा। बनारस और लखनऊ की ओर से आने वाले यात्री शहर में प्रवेश किए बिना बाहर-बाहर सीधे मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे।

जिला उद्योग बंधु, औद्योगिक-व्यापारिक सुरक्षा फोरम व एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण: सीडीओ

जन एक्सप्रेस । अमेठी

मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं औद्योगिक-व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक की। बैठक के दौरान औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों से प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्रों में अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाने, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था,प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र,विद्युत कनेक्शन सहित उद्यमियों से जुड़े अन्य लंबित प्रकरणों पर भी विचार-विमर्श किया गया।सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके पश्चात निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा के उपरांत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करते हुए उद्यमियों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना की भी समीक्षा की गई।

सीडीओ ने इन योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। एमओयू क्रियान्वयन समिति की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने कहा कि जिन निवेशकों द्वारा एमओयू किए गए हैं, उनके प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने चाहिए। यदि उद्योग स्थापना के दौरान किसी भी विभाग से उद्यमियों को समस्या आती है, तो समिति को अवगत कराया जाए, ताकि प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जाए। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के दिनेश कुमार चौरसिया ने किया।उन्होंने गत बैठक की कार्यवाही एवं एजेंडा बिंदुओं को समिति के समक्ष रखा।इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी राजेश द्विवेदी, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज में सोमवार को भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में तथा डीआईओएस मृदुला आनंद के निर्देशन में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर से सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रारंभ हुआ स्काउट गाइड शिविर 24 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सिराजुद्दीन सिराजुल हक, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), बलरामपुर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य नरसिंह नाथ मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।

स्टेशन पर व्याप्त अव्यवस्थाओं से रेल मंत्री को कराया अवगत

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

क्षेत्रीय रेलवे पारमर्शदात्री समिति उत्तर रेलवे के सदस्य गया प्रसाद शुक्ल ने भारत सरकार के रेल मन्त्री को ग्यारह सूत्रीय माँग-पत्र सौंप कर समस्याओं के निदान की माँग की। शुक्ल ने अपने मांग-पत्र के माध्यम से कहा कि हरचन्दपुर रेलवे स्टेशन पर पी0आर0 एस0 रिजर्वेशन काउण्टर न होने के कारण हरचन्दपुर एवं आस-पास के यात्रियों को बछरावाँ एवं रायबरेली स्टेशन रिजर्वेशन के लिए आना पड़ता है, यदि हरचन्दपुर में रिजर्वेशन काउण्टर खोल दिया जाय तो इसकी सुविधा मिल सकेगी। ई.एम.यू./ डी.एम.यू. ट्रेन प्रयागराज से लखनऊ चला दी जाये जिससे कि रायबरेली एवं लखनऊ के यात्रियों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। गंगा गोमती के बाद दोपहर में कोई भी ट्रेन लखनऊ के लिए नहीं है।

ट्रेन नं0-15107/15108 इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ से बनारस के लिए जाती है, इसका बछरावाँ एवं हरचन्दपुर स्टापेज कर दिया जाय तो आम जानमानस को इसकी सुविधा प्राप्त होगी एवं रेलवे की आय भी बढ़ेगी। रायबरेली स्टेशन में वाशिंग लाइन का कार्य लगभग 12 वर्षों से चल रहा है, किन्तु अभी तक पूर्ण नहीं हुआ। जिसके कारण रायबरेली से नई गाड़ियों का संचालन नहीं हो पा रहा है। साकेत लिंक एक्सप्रेस ट्रेन कोविड लॉकडाउन के समय बन्द हुई थी, किन्तु अभी तक चलायी नहीं गयी है, शीघ्र चलवायी जाए, जिससे कि मुम्बई जाने वाले यात्रियों को इसकी सुविधा मिल सके। रायबरेली में एम0सी0एफ0 काम्प्लेक्स 10 वर्षों से बना हुआ है, किन्तु इसका एलाटमेंट अभी तक नहीं हुआ है।

बिल्डिंग में वायरिंग, बिजली का सामान देखरेख न होने के कारण गायब हो चुका है। अभी तक स्टेशन पर लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर ठहरने के लिए कोई भी रनिंग रूम नहीं है। यदि इसमें लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर के लिए रनिंग रूम बना दिया जाय तो लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। टेऊन नं0- 13257/13258 आनन्द बिहार जन साधारण एक्सप्रेस जो दानापुर को जाती है, इसका दो मिनट का स्टापेज रायबरेली में कर दिया जाय, जिससे रायबरेली के यात्रियों को इसकी सुविधा मिल सके। टेऊन नं0-14242/ 14241 नौचंदी एक्सप्रेस एवं 14215/14216 गंगा गोमती एक्सप्रेस का स्टापेज हरचन्दपुर में दो मिनट के लिए कर दिया जाय तो हरचन्दपुर यात्रियों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। रायबरेली से जम्मू कश्मीर स्थित हिन्दू धर्म का आस्था का केन्द्र माँ वैष्णो देवी के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है, यदि एक ट्रेन रायबरेली से संचालित कर दी जाये तो जनपदवासियों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। एक ई0एम0यू0 ट्रेन लखनऊ से प्रतापगढ़ प्रतिदिन चला दी जाये तो लखनऊ-रायबरेली- प्रतापगढ़ के डेली पैसेंजरों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। रायबरेली स्टेशन के बाहर सीवर लाइन जो कि लगभग 50 वर्ष पूर्व डाली गयी थी, जो आये दिन चोक हो जाती है। आर0एम0एस0 के बाहर बना चैम्बर आये दिन ओवरफ्लो रहता है। आर0एम0एस0 एवं जी0आर0 पी0 एवं प्लेटफार्म नं0-4 पर जाने वाले आम जनमानस को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

रायबरेली। महान गणितज्ञ निवास रामानुजन को दी गयी श्रद्धांजलि न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ रामानुजन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रधानाचार्य प्रजापति ने बताया कि गणित तार्किक सोच, समस्या समाधान और अनुशासन की भावना विकसित करता है। गणित केवल संख्याओं का विषय नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से जुड़ा विज्ञान है। निवास रामानुजन जी का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, उन्होंने सीमित संसाधनों में भी विश्व को अद्भुत गणितीय खोजें दीं। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, बीएस त्रिवेदी, अजयराज सिंह, अभिषेक अवस्थी, रामकिशोर यादव, अरविन्द कुमार, राकेश अवस्थी, रमीज़ सिद्दीकी, सुभी सिंह, अवधेश शर्मा, धर्मेंद्र शुक्ला, शिवम सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिम्मेदारों की मिलीभगत से हरे व प्रतिबंधित वृक्षों की कटान जारी

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद में थाना क्षेत्र शुकुल बाजार अंतर्गत हरे एवं प्रतिबंधित वृक्षों की अवैध कटान का सिलसिला लगातार जारी है।आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित कर्मियों की कथित मिलीभगत के चलते पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचाई जा रही है।ताजा मामला क्षेत्र के इन्दरिया गांव का है,जहां बिना किसी अनुमति के कई हरे और प्रतिबंधित वृक्षों को बेरोकटोक काट दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में अवैध कटान का कार्य लंबे समय से चल रहा है,लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इससे न केवल वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है,बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ता जा रहा है।लोगों का कहना है कि रात के समय कटान कर लकड़ी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया जाता है, जिससे कार्रवाई से बचा जा सके।

सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।जांच के दौरान कटे हुए वृक्षों के अवशेष,ठूंठ और बिखरी लकड़ी पाए गए, जिससे अवैध कटान की पुष्टि हुई।वन विभाग की टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।वन विभाग के सूत्रों के अनुसार कटान के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जा रही है।और जांच पूरी होने के बाद दोषियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।वहीं स्थानीय लोगों,पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिकसंगठनों ने प्रशासन से अवैध कटान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।उनका कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र की हरियाली तेजी से समाप्त हो जाएगी।लोगों ने दोषी अधिकारियों और लकड़ीमाफियाओं पर कड़ी कार्रवाई कर पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की है।

अभा प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच का सडेन डेथ से हुआ निर्णय

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज हाकी मैदान पर चल रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में चौथे दिन सोमवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। अश्विनी स्पोर्ट एकेडमी कर्नाटक तथा स्टार एलेवेन बलरामपुर ने सेमीफाइनल मैच जीत कर फाइनल मैच में जगह पक्का कर लिया है। सेमी फाइनल मैच आज खेला जाएगा ।

जानकारी के अनुसार 22 दिसम्बर को एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी मैदान पर खेले जा रहे महाराजा कर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का सेमी फाइनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच पहला सेमीफाइनल मुकाबला नागपुर हॉकी एकेडमी नागपुर बनाम अश्विनी स्पोर्ट्स एकेडमी कर्नाटक के मध्य खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय प्रखर कलहंस प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, श्रीराम पाण्डेय समाजसेवी, अतुल तिवारी, पंकज सिंधी, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल व डॉ बी एल गुप्ता ने प्राप्त किया। निर्धारित समय तक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमें गोल करने में कामयाब नहीं रहीं जिसके कारण मैच का निर्णय सडेन डेथ आधार पर किया गया। रोमांचक मुकाबले में अश्विनी स्पोर्ट्स एकेडमी ने नागपुर हॉकी एकेडमी नागपुर को पराजित किया। दूसरा मैच वर्ष 2024 की विनर टीम मेघबरन सिंह हॉकी एकेडमी करमपुर गाजीपुर बनाम स्टार इलेवन बलरामपुर के बीच खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय रजत प्रताप शाह मेयर कृष्णानगर नेपाल, आरती तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष, श्याम मनोहर तिवारी, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, आशीष सिंह, ओमप्रकाश मिश्र प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने प्राप्त किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 4-4 गोल की बराबरी पर थीं जिसके कारण मैच का निर्णय सडेन डेथ के अनुसार किया गया जिसमें स्टार इलेवन बलरामपुर की टीम विजयी रही। पहला मैच कर्नाटक ने नागपुर से 2-1 से जीता जिसमें कर्नाटक के गोलकीपर आकाश को मैन ऑफ द मैच मिला। दूसरे मैच में स्टार इलेवन बलरामपुर ने करमपुर गाजीपुर को 5-4 से हराया जिसमें मैन ऑफ द मैच बलरामपुर के राजन गुप्ता को दिया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को कर्नाटक बनाम बलरामपुर के बीच खेला जाएगा। मैच देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक हॉकी मैदान पर मौजूद रहे।

महिलाओं तक पहुंचेगी त्वरित सहायता, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों को मिले सीयूजी

रायबरेली। महिला सुरक्षा, सम्मान व त्वरित सहायता के लिए जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्रों को और भी एक्टिव बनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी केंद्रों की प्रभारियों को एक-एक सीयूजी नंबर सौंपे गए हैं। जिन पर महिलाएं फोन करके अपनी समस्या बता सकेंगी। जिसके बाद केंद्र प्रभारी आवश्यक कार्रवाई करेंगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि महिला सुरक्षा, सम्मान, त्वरित सहायता के लिए जनपद के सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी को सीयूजी नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति, अपराध, छेड़छाड़, उत्पीड़न, हिंसा याफिर संदेहजनक गतिविधि की जानकारी महिलाएं सीधे केंद्र प्रभारी को दे सकेंगी।

'आचार्य द्विवेदी भारतीय पुनर्जागरण के चौथे चरण के सबसे बड़े प्रवक्ता थे'

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

87वीं पुण्यतिथि पर हिंदी के युग प्रवर्तक, राष्ट्रभाषा हिंदी को नई दिशा देने वाले महान साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जन्मस्थान दौलतपुर एवं मोक्षस्थान रायबरेली में श्रद्धा से याद किए गए। राही ब्लॉक परिसर एवं दौलतपुर स्थित प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि के बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य द्विवेदी भारतीय पुनर्जागरण के चौथे चरण के सबसे बड़े प्रवक्ता थे।

उनकी बनाई खड़ी बोली हिंदी स्वाधीनता आंदोलन की भाषा बनी। 1919 में महात्मा गांधी ने हिंदी के महत्व को स्वीकार करते हुए स्वाधीनता आंदोलन की संपर्क भाषा के रूप में हिंदी को ही स्वीकार किया।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास की ओर से वरिष्ठ नागरिक युगुल किशोर तिवारी की अध्यक्षता में राही ब्लॉक सभागार में आयोजित संगोष्ठी में पूर्व प्राचार्य प्रो. आदर्श कुमार ने कहा कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिंदी भाषा को केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसे सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय जागरण का सशक्त औजार बनाया। द्विवेदी जी ने भाषा की शुद्धता, विचारों की स्पष्टता और नैतिक मूल्यों को साहित्य की आधारशिला बनाया, जो आज भी मार्गदर्शक हैं।

प्रोफेसर उदयभान सिंह ने कहा कि आचार्य द्विवेदी का संपूर्ण जीवन साधना, अनुशासन और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा। वर्तमान पीढ़ी को उनके साहित्य से भाषा के साथ-साथ जीवन मूल्यों की भी प्रेरणा लेनी चाहिए। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. बद्री दत्त मिश्रा ने कहा कि 'सरस्वती' पत्रिका के संपादन के माध्यम से आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिंदी नवजागरण की मजबूत नींव रखी। भारतीय पुनरजागरण के चतुर्थ चरण के वह सबसे बड़े प्रवक्ता हैं। उन्होंने हिंदी साहित्य को संगठित स्वरूप प्रदान किया और लेखकों को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि आचार्य द्विवेदी का चिंतन सत्य, नैतिकता और राष्ट्रहित पर आधारित था, जो आज के सामाजिक परिदृश्य में अत्यंत प्रासंगिक है। डॉ संतोष पांडेय ने कहा कि आचार्य द्विवेदी ने साहित्यिक अनुशासन स्थापित कर बोलियों में बंटी हिंदी भाषा को खड़ी बोली का रूप प्रदान किया। संयोजक गौरव अवस्थी ने आचार्य द्विवेदी की स्मृतियों के संबंध में भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की।

मनरेगा को खत्म करने की साजिश पर रोक लगाई जाए: विजय विद्रोही

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मनरेगा को खत्म करने की साजिश बंद करो, मनरेगा के बदले जी राम जी नहीं चलेगा,मजदूर विरोधी चार श्रम कोड नहीं चलेगा सहित तमाम नारों के साथ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी- लेनिनवादी) ने जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च कर राष्ट्रपति महोदया को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए माले राज्य कमेटी सदस्य विजय विद्रोही ने कहा कि अभी-अभी बनाया गया **विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून, 2025 (वीबी-जीरामजी कानून)**, जिसे मनरेगा की जगह लाया गया है, केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के मूल स्वरूप को बदलने का कदम मूलतः मनरेगा को खत्म कर देने की शतत जारी कोशिश की अंतिम परिणति है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मांग पर आधारित एक सार्वभौमिक कानून है, जो सीमित रूप से ही सही परन्तु ग्रामीण भारत में लोगों को काम पाने का अधिकार देता है। नया कानून इसे बदल देता है और लोगों को इस सीमित अधिकार से भी वंचित करता है। यह केन्द्र सरकार को, मांग के अनुसार फण्ड बांटने की उसकी कानूनी जिम्मेदारी से मुक्त कर देता है। सरकार द्वारा रोजगार की गारण्टी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करने का दावा, उसके एक नये जुमले से अधिक कुछ नहीं है। यह नया कानून जॉब कार्ड पर, रैशनालाईजेशन के नाम पर शर्तें थोप कर, ग्रामीण परिवारों के बड़े हिस्से को रोज़गार के अधिकार से वंचित कर देगा। खेती के पीक सीजन के दौरान 60 दिनों तक रोजगार रोकने से, ग्रामीण मज़दूरों को उस समय काम नहीं मिलेगा, जब उन्हें इसकी सबसे ज़्यादा जरूरत होगी और वे भूस्वामियों पर निर्भर हो जाएंगे। जरूरी डिजिटल अटेंडेंस मजदूरों के लिए बहुत मुश्किलें पैदा करती है, जिसमें काम का नुकसान और उनके अधिकारों से वंचित होना शामिल है। खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा जिलाध्यक्ष कॉमरेड राम चंद्र वर्मा ने कहा कि फण्ड के तरीके में बदलाव का प्रस्ताव देकर, केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी राज्यों पर डाल रही है। इससे राज्य सरकारों पर एक अस्थाई वित्तीय बोझ बढ़ जायेगा, जबकि फैसले लेने की प्रकिया में उनकी कोई भूमिका सुनिश्चित नहीं की गई है। राज्यों से यह भी उम्मीद की जा रही है कि वे बेरोज़गारी भत्ते और देरी के मुआवजे पर होने वाला खर्च भी उठाएं। इन सभी बदलावों का मकसद योजना तक लोगों की पहुंच को सीमित करना तथा केन्द्र सरकार की जवाबदेही को कम करना है। योजना का नाम मनरेगा से बदल कर **जी राम जी** करना महात्मा गांधी का अपमान है और यह भाजपा/संघ की उनकी विरासत के प्रति शत्रुता को दर्शाता है। आखिल भारतीय किसान महासभा ने कहा कि **वीबी जी-राम-जी** कानून तुरन्त वापस लिया जाए, मनरेगा को सार्वभौमिक बनाकर मज़बूत किया जाए तथा मनरेगा में 200 दिन काम और कम से कम 600 रूपये मजदूरी की गारण्टी दी जाए। मार्च तथा प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा(माले) जिला कमेटी सदस्य कामरेड नईम, डॉक्टर हलीम महमूद, गुलाम अहमद सिद्दीकी गायत्री देवी, शिवम यादव के अलावा मार्च तथा प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

'मनरेगा' का नाम बदल कर उसे जड़ से खत्म करने का षड़यंत्र

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

22 दिसम्बर, भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम **मनरेगा** का नाम बदल कर उसे जड़ से खत्म करने के षड़यंत्र के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में विरोध प्रदर्शन किया गया।

यह जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि आर.एस.एस. की मंशा को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने मनरेगा से महात्मा गांधी जी का नाम हटाया है, वैचारिक रुप से यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की दोबारा हत्या है, गांधी जी के इस देश में गोडसे की विचारधारा कभी सफल नहीं हो सकती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि देश के इतिहास से महात्मा गांधी जी के योगदान और बलिदान को कोई नहीं मिटा सकता है, महात्मा गांधी सिर्फ नाम नहीं एक विचार है और देश वासियों के दिलों में गांधी जी जीवित है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आर.एस.एस. और भाजपा का महात्मा गांधी के प्रति जो रवैया रहा है वह किसी से छिपा नहीं है, महात्मा गांधी की हत्या में आर.एस. एस. की भूमिका पर भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने खुलकर अपनी बात कहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार, गरीबों के लिए कांग्रेस की महात्वाकांक्षी योजना मनरेगा को पिछले 11 वर्षों से मोदी सरकार ने न सिर्फ कमजोर किया है बल्कि अब उसे पूरी तरह पर खत्म करने का षड्यंत्र रच रही है, कांग्रेस पार्टी ÷गरीबों÷ के अधिकारों के लिए हर तरह के संघर्ष के लिए तैयार है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना से लगभग 12 करोड़ श्रमिक जुड़ा है और मोदी सरकार के फैसले से यह सभी प्रभावित होगें, महात्मा गांधी जी का नाम हटाकर मोदी सरकार क्या साबित करना चाहती है और इससे उसे क्या लाभमिलेगा, शहर अध्यक्ष ने कहा कि यह देश महात्मा गांधी के अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा, जरूरत पड़ने पर कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर सरकार के इस तुगलकी फैसले का विरोध करेगा। विरोध-प्रदर्शन में मुख्य रुप से जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के समस्त उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व ब्लाक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस जन भारी संख्या में उपस्थित रहें।

मुंबई में नोरा फतेही की कार का एक्सीडेंट, करना पड़ा CT स्कैन, अब कैसी है एक्ट्रेस की हालत?

पॉपुलर एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही की कार का मुंबई में एक्सीडेंट हो गया. वो फ्रेंच म्यूजिक प्रोड्यूसर और डीजे डेविड गुएटा के एक कार्यक्रम में शमिल होने के लिए अपने घर से निकली थीं. उसी दौरान उनके साथ ये हादसा हो गया. एक शराबी ड्राइवर ने अपनी कार से उनकी कार को टक्कर मार दी . हालांकि, राहत की खबर ये है कि हादसे में नोरा को ज्यादा चोट नहीं आई है. सावधानी बरतते हुए उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया.

एक सूत्र ने बताया, नोरा फतेही सनबर्न फेस्टिवल में डेविड गुएटा के साथ अपने तय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रही थीं. एक शराबी ड्राइवर ने उनकी कार को टक्कर मार दी. एक्ट्रेस की टीम तुरंत उन्हें पास के अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने ब्लीडिंग और कोई अंदूनी चोट है या नहीं, ये चेक करने के लिए तुरंत सीटी स्कैन किया. जांच के बाद डॉक्टर ने कहा कि नोरा को मामूली चोट आई है.पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी को हिरासत में भी ले लिया है.

एक्सीडेंट के बाद भी इवेंट में शामिल होने का फैसला

डॉक्टर ने नोरा फतेही को आराम करने की सलाह दी. हालांकि, उन्होंने फैसला किया कि उनका जो कार्यक्रम पहले से तय है वो उसमें शामिल होंगी. वो आज (शनिवार) रात इस कार्यक्रम में शामिल होंगी. नोरा बॉलीवुड का एक पॉपुलर चेहरा हैं. वो डांस के लिए तो पॉपुलर हैं ही, साथ ही उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है.

साल 2014 में 'रोर' के नाम से एक बॉलीवुड फिल्म आई थी. इसी फिल्म के जरिए नोरा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. वो मलयालम सिनेमा में भी काम कर चुकी हैं. इतना ही नहीं वो सलमान खान के पॉपुलर टीवी रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का भी हिस्सा रही हैं. वो इस शो के 9वें सीजन में नजर आई थीं.

रजनीकांत की फिल्म में दिखेंगी नोरा फतेही ?

उनके वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो हाल ही में खबर आई है कि उन्हें रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'जेलर 2' में कास्ट किया गया है. वो इस फिल्म में आइटम नंबर में दिखेंगी. ये फिल्म साल 2026 में रिलीज होने वाली है. ये भी जानकारी आई कि नोरा ने 8 दिनों तक चेन्नई में इस फिल्म के गाने के लिए शूटिंग भी की है.

बांग्लादेश में हिंदू शख्स की लिंचिंग पर भड़के मुनव्वर फारूकी, इन स्टार्स ने भी उठाई आवाज

बांग्लादेश से सामने आए बेहद परेशान करने वाले विजुअल्स ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है. एक्टिविस्ट शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद शुरू हुई हिंसा के बीच, एक हिंदू युवक को भीड़ ने सड़कों पर बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला. अब इस घटना के खौफनाक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर गुस्सा फैल गया है. कई लोगों ने इस लिंचिंग की निंदा की है, जिसमें टीवी सेलिब्रिटी भी शामिल हैं.

बीते दिन कॉमेडियन-एक्टर मुनव्वर फारूकी ने इस चौंकाने वाली घटना पर रिएक्ट करते हुए इसे अमानवीय बताया. इसके अलावा, बिग बॉस 15 का हिस्सा रहे राजीव अदातिया ने भी एक बयान जारी कर इंसानियत की अपील की. वहीं, टीवी एक्ट्रेस देवोलिना भट्टाचार्जी भी बांग्लादेश में हुई इस घटना पर भड़की हैं.

बांग्लादेश में लिंचिंग पर बोले मुनव्वर फारूकी

बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी ने अपने ङ्क अकाउंट पर ट्वीट किया, बांग्लादेश से आ रहे भयानक फुटेज और लिंचिंग के वीडियो मुझे परेशान कर रहे हैं और इंसानों पर सवाल उठाने पर मजबूर कर रहे हैं. ये लोग धर्म की रक्षा कर रहे हैं? ये लोग राक्षसों के अलावा कुछ नहीं हैं और दुनिया चुपचाप देख रही है. इसके खिलाफ बोलो और दोषियों को फांसी दिलवाओ.

राजीव अदातिया ने की निंदा

राजीव अदातिया ने इस घटना की निंदा करते हुए लिखा, बांग्लादेश में जो हो रहा है, वो मेरा दिल तोड़ रहा है. मैं हमेशा इंसानियत के लिए खड़ा रहा हूं, चाहे वह गाजा हो, यूक्रेन हो या दुनिया में कहीं और. लेकिन बांग्लादेश में जो मैं देख रहा हूं, वो सच में बहुत भयानक है. लोगों पर सिर्फ हिंदू होने की वजह से हमला किया जा रहा है. दुनिया को शांति चाहिए. कोई भी धर्म हमें दूसरों को उनके धर्म की वजह से नुकसान पहुंचाना या खत्म करना नहीं सिखाता. ये सब बंद होना चाहिए.

देवोलिना ने भी उठाई आवाज

इससे पहले, एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने भी लिंचिंग की निंदा की थी. एक ट्वीट में उन्होंने लिखा, अगर ये विजुअल असम और पूरे भारत में हर बांग्लादेशी पर कार्रवाई करने के लिए काफी नहीं हैंज तो आपका बुरा हाल होने वाला है. हेमंत बिस्वा, असम को इन गंदगी और दीमकों से आजाद कराओ.

7 साल से नहीं की कोई फिल्म, उर्मिला मातोंडकर ने क्यों बनाई एक्टिंग से दूरी?

90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर लंबे वक्त से एक्टिंग फील्ड से दूर हैं. 1995 की फिल्म 'रंगीला' से 'रंगीला गर्ल' के नाम से मशहूर हुईं उर्मिला ने अपने करियर में कई शानदार फिल्मों में काम किया है, लेकिन एक्ट्रेस को एक अरसे से दर्शक बड़े पर्दे पर देखने के लिए तरस गए हैं. लोगों ने कयास लगाए कि वो बॉलीवुड छोड़ चुकी हैं, हालांकि अब इस मुद्दे पर उर्मिला ने खुद एक इंटरव्यू में बातचीत की है और लोगों को गलत साबित कर दिया. बल्कि वो कमबैक को लेकर तैयारी कर रही हैं.

51 साल की हो चुकीं उर्मिला मातोंडकर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत बाल कलाकार के रूप में की थी. वो सबसे पहले साल 1977 की फिल्म 'कर्म' में नजर आई थीं. वहीं बतौर एक्ट्रेस उनका करियर साल 1991 की फिल्म 'नरसिम्हा' से शुरू हुआ था. लेकिन, पहचान मिली थी रंगीला से. बता दें कि एक्ट्रेस ने मराठी सिनेमा में भी काम किया है. हालांकि 7 साल से वो बॉलीवुड और 11 साल से किसी मराठी फिल्म में नजर नहीं आई हैं. लेकिन, उन्होंने एक्टिंग से दूरी नहीं बनाई है.

'कमबैक के लिए तैयार हूं'

उर्मिला मातोंडकर ने एक न्यूज वेबसाइट से बात करते हुए कहा, जहां तक मेरे काम की बात है तो मैं सिलेक्टिव हूं. अगर कोई यह सोचता है कि शायद मैं फिल्में या कुछ और नहीं कर रही हूं तो मैं उन्हें दोष नहीं दे सकती. लेकिन, ऐसा कभी नहीं था. मैं इस वक्त सिल्वर स्क्रीन पर वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हूं.

'ओटीटी पर करने वाली हैं डेब्यू'

सिल्वर स्क्रीन पर वापसी की तैयारी कर रहीं उर्मिला ओटीटी डेब्यू के लिए भी तैयार हैं. उन्होंने आगे बताया, मैं ऐसे रोल की तलाश में हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं किए, खासकर OTT पर. क्योंकि OTT पर बहुत कुछ हो रहा है, जिसने अलग-अलग तरह के जॉनर, किरदारों और इमोशंस की दुनिया खोल दी है, जिन्हें पहले एक्सप्लोर नहीं किया गया था. मैंने एक शो पूरा भी कर लिया है और उम्मीद है कि ये अगले साल किसी भी वक्त आ जाएगा.

आखिरी बार इस फिल्म में दिखी थीं एक्ट्रेस

बड़े पर्दे पर उर्मिला को आखिरी बार फिल्म 'ब्लैकमेल' में देखा गया था. ये पिक्चर साल 2018 में रिलीज हुई थी. इससे पहले वो 'शबरी', 'हृदयनाथ' और 'लाइफ में हंगामा है' जैसी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं.

प्रियंका चोपड़ा

कभी नहीं भूलती वो रात, जब प्लेन में बैठाकर चांद दिखाने ले गए पति निक जोनस

हाल ही में मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, वहीं अब उनके कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन 4 भी शुरू हो चुका है. नेटफ्लिक्स पर इसने 20 दिसंबर को दस्तक दी. कपिल के शो के नए सीजन की पहली गेस्ट ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बनी थीं. दोनों ने इस मौके पर कई दिलचस्प बातें की और प्रियंका ने करवा चौथ व्रत से जुड़ा एक दिलचस्प खुलासा भी किया.

प्रियंका चोपड़ा ने कपिल शर्मा के शो पर पति निक जोनस को लेकर भी बात की. बता दें कि प्रियंका कई हॉलीवुड प्रोजेक्ट में काम कर चुकी हैं. साल 2018 में उन्होंने शादी भी हॉलीवुड सिंगर निक जोनस से की थी और इसके बाद वो अमेरिका में सेटल हो गई थीं. हालांकि विदेशी रंग में रंगने के बाद भी वो अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ी हैं. पति के साथ वो अपने हर त्योहार को सलिब्रेट करती हैं और निक के लिए करवा चौथ का व्रत भी रखती हैं. एक बार तो प्रियंका ने बादलों के बीच जाकर अपना व्रत खोला था.

निक को पसंद है करवा चौथ

प्रियंका चोपड़ा ने खुलासा किया कि करवा चौथ उनके पति निक जोनस को काफी पसंद है. प्रियंका ने कहा, वो (निक) तो बहुत खुश हैं, उनका फेरवेट है कि वाह मेरी लंबी उम्र के लिए तुम खाना नहीं खा रही हो. हमने इतनी अजीब-अजीब जगहों पर चांद को ढूंढने की कोशिश की है.

प्लेन में बैठाकर ले गए थे निक

एक बार करवा चौथ पर जब निक जोनस और प्रियंका को चांद नजर नहीं आ रहा था तो निक एक्ट्रेस को प्लेन में बैठाकर चांद का दीदार कराने ले गए थे. अभिनेत्री ने आगे बताया, एक बार वो स्टेडियम में थे और स्टेडियम में शो हो रहा था. चांद मिल ही नहीं रहा था, बादल थे और बारिश होने वाली थी. 60 से 70 हजार लोग थे और वो शो किए जा रहे थे. 10 बज गए, 11 बज गए और चांद दिख ही नहीं रहा था. ये बहुत रोमांटिक चीज है मैं आपको बता रही हूं, वो मुझे अपने प्लेन में बादलों के ऊपर ले गए और वहां पर हमने व्रत तोड़ा.

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

भारत में गहरा रही है जिहादी सोच

ऐसे में पश्चिम बंगाल का संदर्भ यहां विशेष महत्व रखता है। सीमावर्ती जिले, अवैध घुसपैठ, जनसांख्यिकीय बदलाव और कट्टरपंथी गतिविधियों को लेकर राज्य पहले ही सवालों के घेरे में है। मुर्शिदाबाद जैसे मुस्लिम बहुल और सीमा से सटे इलाके में, 06 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखना महज संयोग नहीं माना जा सकता। इसे चुनना यह दिखाता है कि संदेश किसे और क्यों दिया जा रहा है। यही वह बिंदु है जहां जिहादी सोच और अवसरवादी राजनीति एक-दूसरे से हाथ मिला लेती हैं। भारत को आज जिस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत है।

भारत के लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष ढांचे के सामने आज जो चुनौती खड़ी है, वह राजनीतिक होने के साथ वैचारिक और सामाजिक भी है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर का ताजा बयान इसी चुनौती की एक तीखी अभिव्यक्ति कही जा सकती है। मुर्शिदाबाद में बनने वाली तथाकथित बाबरी मस्जिद को लेकर उनका यह कहना, 'यह कोई अयोध्या नहीं है, जो बाबरी को कोई हाथ लगा दे ', वस्तुतः सिर्फ जुबान की फिसलन नहीं है। यह एक सोची समझी मानसिकता, एक उकसावे और टकराव की राजनीति का संकेत है जोकि बीते वर्षों में जिहाद के नाम पर पनप रही इस्लामिक कट्टर सोच, उम्मा और पॉलिटिकल इस्लाम से गहराई से जुड़ी हुई है। अयोध्या विवाद भारत के संवैधानिक इतिहास का एक लंबा और पीड़ादायक अध्याय रहा है, जिसमें हिन्दुओं के अस्तित्व और स्वाभिमान को लगातार 500 वर्षों तक बार-बार चुनौती दी जाती रही, जिसे कि उच्चतम न्यायालय के फैसले ने कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से समाप्त किया। इसके बाद राममंदिर निर्माण को लेकर देश ने एक कठिन लेकिन जरूरी मोड़ पार किया। ऐसे समय में अयोध्या का संदर्भ उठाकर बाबरी नाम को दोबारा सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में लाना यह दिखाता है कि कुछ लोग उस फैसले को स्वीकार नहीं कर पाए हैं और वे भारतीय समाज को फिर से उसी खाई की ओर धकेलना चाहते हैं, जिससे निकलने में दशकों लगे हैं। हुमायूं कबीर द्वारा मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की विस्तृत योजना बताना, उसकी फंडिंग, ईंटों की व्यवस्था और सामाहिक नमाज की तैयारियों का सार्वजनिक ऐलान करना, ये सभी कृत्य महज धार्मिक गतिविधि का विवरण नहीं हो सकते हैं। साफ तौर पर इस कर्मकाण्ड से राजनीतिक संदेश दिया जा रहा है। यह संदेश उन लोगों के लिए है जो बाबरी ढांचे के विध्वंस को आज भी बदले की भावना से देखते हैं, बाबर जैसे जिहादी, क्रूर आक्रमकारी, हिन्दू द्रोही को अपना आदर्श मानते हैं। दरअसल, ऐसे लोग मस्जिद का नाम बाबरी रखकर उस सामूहिक आक्रोश को बढ़ाना चाहते हैं, जो भारत में मुसलमानों द्वारा हिन्?दुओं पर हिंसा करने का कारण बन सकता है! पिछले एक दशक में भारत ने इस्लामिक कट्टरपंथ के कई रूप देखे हैं। यह सीमा पार से होने वाला इस?लामिक आतंकवाद नहीं रहा है, अनेक बार अब तक सामने आ चुका है कि देश के भीतर वैचारिक स्तर पर भी इसका विस्तार बहुत तेजी से हुआ है। सोशल मीडिया के जरिये युवाओं को कट्टर विचारधाराओं से जोड़ने की कोशिशें हुईं। आईएसआईएस और अल कायदा से जुड़े मॉड्यूलों का भंडाफोड़ हुआ। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया, सिमि जैसे संगठनों पर कार्रवाई ने यह साफ किया कि कैसे मजहब और सामाजिक सेवा की आड़ में इस्लाम के उग्र नेटवर्क खड़े किए जा रहे थे। कश्मीर से लेकर केरल और बंगाल तक, जिहाद की भाषा अलग अलग रूपों में सामने आई है, जिसका कि मूल मकदस एक ही है। गैर मुसलमानों पर हिंसा। कहना होगा कि इस पूरे परिदृश्य में गजवा-ए-हिंद की सोच एक बेहद खतरनाक वैचारिक हथियार बनकर उभरी है। यह कोई मासूम मजहबी कल्पना नहीं है; एक आक्रामक राजनीतिक और सैन्य कल्पना है, जो भारत को एक लक्ष्य के रूप में देखती है। जांच एजेंसियों की रिपोर्टों और गिरफ्तार आतंकियों के बयानों में बार-बार इस विचार का उल्लेख हुआ है। भले ही भारत के अधिकांश मुसलमान इस सोच को नकारते हों, लेकिन कुछ कट्टरपंथी तत्व इसे अपनी पहचान और उद्देश्य बना चुके हैं। यही वजह है कि हर ऐसा बयान, हर ऐसा प्रतीकात्मक कदम जो इस सोच को बल देता है, उसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

एक्सप्रेस आलेख

उस सामाजिक प्रवृत्ति का उदाहरण है, जो आधुनिकता के भ्रम में स्वास्थ्य को गिरवी रख देती है। तकनीक मानव कल्याण के लिए बनी लेकिन जब तकनीक नशे के व्यापार से जुड़ती है तो वह विनाशकारी बन जाती है। निकोटीन चाहे धुएं के रूप में मिले या वाष्प के, उसका अंत एक ही है, नशे की निर्भरता, शारीरिक क्षति और मानसिक जकड़न। युवाओं को यह समझना होगा कि 'वेपिंग' केवल धूम्रपान का नया फैशन नहीं बल्कि स्वास्थ्य-ध्वंस का इलैक्ट्रॉनिक संस्करण है। ई-सिगरेट लत, भ्रम और बाजार, इन तीन स्तंभों पर टिकी एक कृत्रिम बीमारी है। इसे सुरक्षित विकल्प बताने वाले न केवल विज्ञान बल्कि समाज के स्वास्थ्य के साथ भी धोखा कर रहे हैं।

स्वास्थ्य-ध्वंस का इलैक्ट्रॉनिक संस्करण है ई-सिगरेट

योगेश कुमार गोयल

जो लोगों को पारंपरिक तंबाकू से नहीं बचाता बल्कि एक अलग 'इंस्ट्रूमेंटल नशे' के जाल में फंसाता है। देशभर में कई स्थानों पर ई-सिगरेट अब भी अवैध रूप से बेची जाती हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, विदेशी आयात और छोटे दुकानों में यह व्यापार जारी है। इसलिए केंद्र व राज्य सरकारों को इस कानून के पालन पर सख्त निगरानी करनी होगी। यदि संसद जैसी सर्वोच्च संस्था में ई-सिगरेट का प्रयोग हो सकता है।

लोकसभा के शीतकालीन सत्र में पिछले दिनों उस समय असहज स्थिति बन गई, जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद सदन की कार्यवाही के दौरान ई-सिगरेट पी रहे थे। यह आरोप अपने आप में गंभीर था क्योंकि भारत में 2019 से ई-सिगरेट का उत्पादन, विक्रय, वितरण, भंडारण, यहां तक कि प्रचार-प्रसार भी पूर्णतः प्रतिबंधित है। प्रश्नकाल के बीच उठे इस मुद्दे ने विपक्षी बेंचों में हंगामा मचा दिया और स्पीकर ओम बिड़ला को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सदन की मर्यादा और नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं और यदि कोई औपचारिक शिकायत आती है तो कार्रवाई होगी। यह घटना केवल संसदीय अनुशासन का प्रश्न नहीं बल्कि उस व्यापक खतरे की भी याद दिलाती है, जिसे 'ई-सिगरेट' के नाम पर आधुनिक नशे के रूप में समाज के बीच पाला-पोसा जा रहा था। सवाल यह है कि जब देश के युवाओं को इस घातक प्रवृत्ति से बचाने के लिए कानून बना, तब क्या संसद परिसर में उसका उल्लंघन देश के लिए सही उदाहरण है? ई-सिगरेट या 'वेपिंग डिवाइस' एक बैटरी चालित उपकरण है, जिसमें निकोटीन मिला एक तरल घोल गर्म होकर वाष्प के रूप में बाहर आता है। उपयोगकर्ता इसे कश लगाते हुए इनहेल करता है। इसमें कोई दहन नहीं होता, इसलिए इसे 'स्मोक-फ्री' कहा गया किंतु यह मात्र भाषाई छलावा है। 'ई-सिगरेट' शब्द भले ही आधुनिक लगे पर इसका मूल स्वभाव (लत, निकोटीन, और भ्रम) बेहद पुराना है। इसे धूम्रपान छोड़ने के सुरक्षित विकल्प के रूप में प्रचारित किया गया लेकिन विज्ञान ने इस भ्रम को जल्दी तोड़ दिया। इसकी भाप में निकोटीन, प्रोपलीन ग्लाइकॉल, ग्लिसरीन और दर्जनों रासायनिक फ्लेवर होते हैं। इन तत्वों की विषाक्तता पारंपरिक तंबाकू उत्पादों से कम नहीं बल्कि कई बार उससे भी अधिक खतरनाक होती है। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना की 2018 की एक स्टडी में बताया गया कि प्रोपलीन ग्लाइकॉल और वेजिटेबल ग्लिसरीन दोनों ही मानव कोशिकाओं पर विषैला असर डालते हैं। इनसे कोशिकीय सूजन, डीएनए क्षति और फेफड़ों की संरचना में स्थायी बदलाव हो सकता है। एक अन्य अध्ययन में यह साबित हुआ कि ई-सिगरेट के वाष्प में एक्रोलिन नामक रसायन पाया जाता है, जो अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर का कारण बनता है। भारत सरकार ने सितंबर 2019 में 'इलैक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019' लागू किया था, जिसके तहत उत्पादन, आयात, बिक्री, भंडारण और विज्ञापन सभी को अपराध घोषित किया गया। पहली बार अपराध करने पर एक वर्ष की जेल या एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है जबकि बार-बार अपराध करने पर तीन वर्ष तक कारावास और पांच लाख रुपये तक का दंड तय किया गया। यह कानून अचानक नहीं

बहरहाल, 2019 में भारत ने जब ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाया तो यह सिर्फ स्वास्थ्य नीति नहीं, भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा का संकल्प था। लोकसभा में उठी नवीनतम घटना इस संकल्प की याद दिलाती है। यह आवश्यक है कि संसद स्वयं उदाहरण बने।

आया था। इसके पीछे भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), एम्स और टाटा रिसर्च सेंटर जैसे शीर्ष संस्थानों की चेतावनियां थी। 2019 में जारी आईसीएमआर के श्वेत पत्र में कहा गया था कि ई-सिगरेट स्वास्थ्य के लिए साधारण सिगरेट जितनी ही हानिकारक है और यह भ्रांति फैलाना कि ई-सिगरेट सुरक्षित विकल्प है, पूरी तरह झूठा और व्यावसायिक प्रचार का हिस्सा है। ई-सिगरेट कंपनियों ने इसे धूम्रपान छोड़ने के साधन के रूप में पेश किया पर मेडिकल शोध यह बताते रहे हैं कि ई-सिगरेट धूम्रपान छुड़ाने में सहायक नहीं बल्कि नई लत का प्रवेश द्वार है। अमेरिकी स्कूलों में 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों में ई-सिगरेट की लत 77 प्रतिशत तक बढ़ी। वे किशोर, जो कभी सिगरेट के करीब नहीं गए थे, उन्होंने भी 'वेपिंग' के नाम पर इसे अपनाना शुरू किया। भारत में भी यही प्रवृत्ति देखी गई। बबलगम, चॉकलेट, मिंट, कॉटन कैंडी इत्यादि अलग-अलग फ्लेवर के माध्यम से बच्चों और किशोरों को आकर्षित किया गया। यहां तक कि 'कैंडी वेप पेन' के नाम पर इसे खिलौनों की शक्ल में बाजार में उतारा गया। यह व्यापार नशे के नए ग्राहक बनाने का औजार बन गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2020 में अपनी रिपोर्ट में बताया कि ई-सिगरेट उद्योग दुनियाभर में तंबाकू विरोधी अभियान को कमजोर करने के लिए काम कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट कहा कि 'ई-सिगरेट पारंपरिक सिगरेट के समान हानिकारक है। इसमें निकोटीन के साथ कई कार्सिनोजेनिक (कैंसरकारक) तत्व होते हैं।' ई-सिगरेट को 'इलैक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम्स' कहा जाता है। इसमें निकोटीन-युक्त तरल घोल को गर्म करने पर उत्पन्न एरोसोल में सीसा, तांबा, सिलिकेट और कैडमियम जैसी भारी धातुएं पाई जाती हैं। ये कण सीधे श्वसन तंत्र और रक्त प्रवाह में प्रवेश कर मस्तिष्क तथा फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि निकोटीन रक्तचाप को असामान्य रूप से बढ़ाता है, ब्लड क्लॉट की संभावना को दोगुना कर सकता है और हृदयाघात का खतरा 56 प्रतिशत तक बढ़ा देता है। ई-सिगरेट का अधिक सेवन करने वाले लोगों में इंसुलिन रेसिस्टेंस और मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसी नई समस्याएं सामने आई हैं। भारत के अलावा मालदीव, भूटान, नेपाल, ब्राजील, सिंगापुर, थाईलैंड, लेबनान, सीरिया, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया इत्यादि लगभग तीन दर्जन देशों में ई-सिगरेट पर पूर्ण प्रतिबंध है। अमेरिका में इसे 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों तक सीमित रखा गया है लेकिन कई राज्यों में वहां भी प्रतिबंध लागू है। इन देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा को प्राथमिकता देते हुए वेपिंग उद्योग के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। अब प्रश्न है देश के प्रतिबंध के बाद भी हमारी संसद के भीतर ही 'माननीयों' द्वारा ई-सिगरेट का उपयोग करने की तो यदि संसद के भीतर ही कोई इसका उपयोग करता है तो यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि राष्ट्रीय नैतिकता पर भी चोट है। संसद वह स्थान है, जहां कानून बनते हैं, सामाजिक आचरण की मर्यादा तय होती है। यदि वहीं से कानून तोड़े जाएं तो इसका पूरे देश में क्या संदेश जाएगा? भारत की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 18-30 वर्ष के बीच है। यही वर्ग 'वेपिंग कल्चर' के सबसे अधिक जोखिम में है। सोशल मीडिया और विज्ञापनों ने इसे 'कूल' और 'सुरक्षित' दिखाने की चाल चली लेकिन असल में यह फेफड़ों की बीमारी, हृदय समस्याओं और कैंसर जैसी बीमारियों की नई लहर का कारण बन सकती है। कैंसर रिसर्च कंसोर्टियम के विशेषज्ञ इसे भारत जैसे विकासशील देशों के लिए टाइम बम करार देते रहे है। उनका कहना है कि ई-सिगरेट निकोटीन निर्भरता का नया रूप है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	तृतीया 12:12 तक
नक्षत्रः	श्रवण 07:07 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	मंगलवार
योगः	व्याघात, 04:30
सूर्योदयः	07:11
सूर्यास्तः	17:30
चंद्रमाः	मकर राशि में
राहुकालः	02:55-04:13
विक्रमी संवत्ः	2082
शक सम्वतः	1947
मासः	पौष
शुभ मुहूर्तः	11:58-12:39

जन एक्सप्रेस

आयी बात निकल कर

है दिया भरोसा ।
होगा पूरा न्याय ।।
आयी बात निकल कर ।
आगे भी सहाय ।।
चल रहा है काम ।
देकर सब कुछ ध्यान ।।
कोशिश है अब पूरी ।
लौटे फिर सम्मान ।।
इंतज़ार है करना ।
है कितने गंभीर ?
दिख जाए धरातल ।
चमके जब तकदीर ।।
चली लंबी बातचीत ।
आए अब परिणाम ।।
सकारात्मक चल रही ।
अटकलें तमाम ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

मजबूत और चमकदार बालों के लिए फायदेमंद हैं औषधी से भरपूर ये 5 फूल

आज के समय में अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर लोग बालों के झड़ने, टूटने और कमजोरी होने जैसी की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए अक्सर लोगों को हेल्दी डाइट लेने, पर्याप्त पानी पीने और नियमित एक्सरसाइज करने से हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, हेल्दी बालों के लिए औषधीय गुणों से भरपूर कुछ फूलों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

गुड़हल का फूलः गुड़हल के फूल में बहुत से औषधीय गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, स्कैल्प की खुजली को कम करने, डैंड्रफ को कम करने, बालों को नेचुरल रूप से काला बनाए रखने और स्कैल्प को पोषण देने में मदद मिलती है। हेल्दी बालों के लिए गुड़हल के फूल के तेल या इसके हेयर मास्क का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे बालों को झड़ने से रोकने और बालों को नेचुरल रूप से शाइनी बनाने में मदद मिलती है।

गुलाब का फूलः गुलाब के फूल को भी बालों के लिए फायदेमंद माना जाता है। गुलाब के फूल में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण और कई विटामिन्स होते हैं। इससे बालों की स्कैल्प को पोषण देने, हाइड्रेट रखने, डैंड्रफ को कम करने, स्कैल्प को ऑयल को नियंत्रित करने, स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने, जड़ों से मजबूती देने, बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाने में मदद मिलती है। हेल्दी बालों के लिए गुलाब की पंखुड़ियों के पाउडर से बने हेयर मास्क या गुलाब जल से बालों को रिंस किया जा सकता है।

जैस्मिन फूलः जैस्मिन के फूल में एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं। इससे बालों के सूखेपन को दूर करने, बालों को सॉफ्ट बनाने, शाइनी बनाने, स्कैल्प को गहराई से पोषण देने, स्कैल्प का इंफेक्शन से बचाव करने, डैंड्रफ की समस्या से राहत देने, बालों को टूटने और झड़ने से रोकने और बालों को स्मूद बनाने में मदद मिलती है। इसके लिए जैस्मिन ऑयल में विटामिन-ई को मिलाकर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे बालों को जड़ों से मजबूती देने में मदद मिलती है।

लैवेंडर फूलः लैवेंडर में एंटी-माइक्रोबियल और बहुत से गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्कैल्प को साफ करने, बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने, स्कैल्प को गहराई से पोषण देने, बालों को फ्रेश और शाइनी बनाने में मदद मिलती है। इसके लिए लैवेंडर ऑयल का स्कैल्प पर इस्तेमाल करना फायदेमंद है। इससे बालों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

रोजमेरी फूलः रोजमेरी के फूल और पत्तियों में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इनसे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने, बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों का सफेद होने से बचाव करने, बालों को झड़ने से रोकने, डैंड्रफ से बचाव करने और स्कैल्प को गहराई से पोषण देने में मदद मिलती है। इसके लिए रोजमेरी के ऑयल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने और बालों के स्वासथ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

एक्सप्रेस विशेष

प्रहलाद सबनानी

अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसमें जापान ने बहुत कम ब्याज दरों पर येन मुद्रा में ऋण उपलब्ध कराया है। टोयोटा और सोनी जैसी जापानी कंपनियां भारत में अपने निवेश को लगातार बढ़ा रही हैं।

टैरिफ के दबाव में भी मजबूत होता भारतीय निर्यात

जर्मनी, जो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, भारत में अपने निवेश को दोगुना करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। सीमेंस, वोक्सवैगन, बोश और बीएमडब्ल्यू जैसी जर्मन कंपनियां भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने की दिशा में सक्रिय हैं, विशेषकर ऑटोमोबाइल, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में।

27 अगस्त 2025 को अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाले विभिन्न उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इसमें 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ और 25 प्रतिशत अतिरिक्त सेकेंडरी टैरिफ शामिल था, जो रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाया गया। इस निर्णय के बाद यह व्यापक आकलन किया जा रहा था कि भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान उठाना पड़ेगा। लेकिन भारत ने इस दबाव का जवाब संतुलित कूटनीति और व्यावहारिक रणनीति से आज दे दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान भारत के किसी भी जिम्मेदार मंत्री या अधिकारी ने सार्वजनिक मंचों पर अमेरिका के विरुद्ध कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बजाय सरकार ने शांतिपूर्वक अपने विकल्पों पर काम किया और मित्र देशों के साथ निर्यात तथा व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए। जिन वस्तुओं का निर्यात अमेरिका को प्रभावित हो रहा था, उन्हें अन्य मित्र देशों के बाजारों की ओर मोड़ने की रणनीति अपनाई गई। इस रणनीति का सकारात्मक असर नवंबर 2025 में जारी हुए निर्यात आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नवंबर 2025 में भारत के कुल निर्यात में 19.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो यह दर्शाती है कि अमेरिकी टैरिफ का अनुमानित नकारात्मक प्रभाव उतना गंभीर नहीं रहा, जितना प्रारंभ में माना जा रहा था। हालांकि अगस्त 2025 में टैरिफ का असर आंशिक रूप से दिखा था। जुलाई 2025 में भारत के कुल निर्यात में 13.3 प्रतिशत और अमेरिका को निर्यात में 27.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो अगस्त में घटकर क्रमशः 5.8 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत रह गई। सितंबर 2025 में अमेरिका को निर्यात की वृद्धि दर नकारात्मक होकर 11.9 प्रतिशत रही और अक्टूबर में यह 8.6 प्रतिशत नकारात्मक रही। इसके बावजूद नवंबर 2025 में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला और अमेरिका को निर्यात में 22.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह आंकड़ा इस प्रश्न को स्वतः जन्म देता है कि 50 प्रतिशत टैरिफ का वह प्रभाव कहां गया, जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। वस्तुतः, भारत ने निर्यात के विविधीकरण और नए बाजारों की ओर तेज़ी से कदम बढ़ाकर इस झटके को काफी हद तक संतुलित कर लिया। अमेरिका द्वारा बनाए जा रहे दबाव के इस दौर में कई देशों ने भारत से आयात को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाकर अप्रत्यक्ष रूप से भारत की स्थिति को मजबूत किया। नवंबर 2025 में स्पेन को भारत का निर्यात 181.3 प्रतिशत बढ़ा, फ्रांस को 65.7 प्रतिशत, वियतनाम को 36 प्रतिशत, हांगकांग को 35.5 प्रतिशत, बेल्जियम को 30.9 प्रतिशत, जर्मनी को 24.9 प्रतिशत, ब्राजील को 21.3 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया को 19 प्रतिशत, ब्रिटेन को 15.4 प्रतिशत, संयुक्त अरब अमीरात को 13.2 प्रतिशत और इटली को 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। आश्चर्यजनक रूप से चीन को भारत का निर्यात भी 90.1 प्रतिशत बढ़ा। केवल नवंबर माह ही नहीं, बल्कि अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 की आठ माह की अवधि में भी कई देशों को भारत का निर्यात तेज़ी से बढ़ा। इस अवधि में स्पेन को निर्यात 54.5 प्रतिशत, चीन को 32.9 प्रतिशत, हांगकांग को 22.4 प्रतिशत, वियतनाम को 14.7 प्रतिशत, अमेरिका को 11.4 प्रतिशत, जर्मनी को 9.3 प्रतिशत, संयुक्त अरब अमीरात को 6.7 प्रतिशत, ब्राजील को 5.1 प्रतिशत और बेल्जियम को 5 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इसी अवधि में भारत का कुल निर्यात केवल 2.6 प्रतिशत बढ़ा। यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भारत को एक भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार के रूप में देख रही हैं। वास्तव में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अब भारत की ओर रणनीतिक रूप से झुकती दिख रही हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

सहायक चीनी आयुक्त व जिला गन्ना अधिकारी ने किया निरीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक कांटे मानक के अनुरूप

■ गन्ना क्रय केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण, किसानों को मिली सुविधा की गारंटी

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। जनपद पीलीभीत में गन्ना खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता और किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सहायक चीनी आयुक्त, नेहा त्रिवेदी एवं जिला गन्ना अधिकारी, खुशी राम भार्गव ने सोमवार को बरखेड़ा चीनी मिल गेट एवं एल.एच. चीनी मिल के गजरौला द्वितीय और आमदार स्थित गन्ना क्रय केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। यह निरीक्षण किसानों को किसी भी असुविधा से बचाने और गन्ना तौल व यातायात व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी क्रय केंद्रों और मिल गेट पर लगाए गए इलेक्ट्रॉनिक कांटे को मापने के मानक के अनुरूप जांचा गया। अधिकारियों ने पाया कि कांटे पूरी तरह से मानक अनुसार कार्य कर रहे हैं और गन्ना तौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं पाई गई। बरखेड़ा चीनी मिल गेट पर सातवें पक्ष के ग्यारहवें कॉलम के अनुसार गन्ने की तौल भी पूरी तरह नियमों के अनुरूप थी। निरीक्षण के दौरान गन्ना क्रय केंद्रों में यातायात व्यवस्था भी संतोषजनक पाई गई। वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो रहा था और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। अधिकारियों ने कहा कि गन्ना वाहनों के आने-जाने में व्यवधान नहीं होना चाहिए और आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन और प्रबंधन किया जा रहा है।

किसानों से संवाद और उनकी समस्याओं की जानकारी

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीधे किसानों से संवाद किया और उनके अनुभवों व समस्याओं को सुना। किसानों ने अधिकारियों को जानकारी दी कि गन्ना तौल, भुगतान और यातायात व्यवस्था सभी संतोषजनक हैं। इस अवसर पर किसानों की राय सुनकर अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि भविष्य में भी उनकी सुविधा और पारदर्शिता बनी रहे।

पारदर्शिता और सौहार्दपूर्ण व्यवहार

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह निर्देश भी दिया कि गन्ना खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे और किसानों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी रहें मौजूद

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा, सचिव बीसलपुर, खांडसारी निरीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि किसानों को हमेशा निर्बाध और पारदर्शी सेवा मिलती रहे। वहीं जिलाधिकारी और निरीक्षण टीम ने स्पष्ट किया कि गन्ना क्रय केंद्रों में किसी प्रकार की शिकायत आने पर उसे तुरंत निस्तारित किया जाएगा। साथ ही किसानों को समय पर भुगतान, तौल की सही व्यवस्था और सुव्यवस्थित यातायात की गारंटी दी गई। इस प्रकार की पहल किसानों के विश्वास को मजबूत करने और गन्ना खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यातायात पुलिस का सख्त अभियान, 59 वाहनों का चालान, 63 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला

■ 20 डग्गामार वाहनों पर की गई कार्रवाई, गन्ना वाहनों को मानकों का पालन करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत डग्गामार वाहनों, अवैध रूप से संचालित वाहनों तथा अनुमति से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले वाहन चालकों पर विधिक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में सोमवार को क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान गन्ना लदे ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालकों को मानक के अनुसार गन्ना परिवहन करने, वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखने, ओवरहाइट न चलने तथा गन्ना लादते समय बेल्ट बांधकर सुरक्षित ढंग से परिवहन करने के निर्देश दिए गए। चेकिंग के दौरान गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टरयुक्त लाल कपड़ा भी लगवाया गया, जिससे रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 59 वाहन चालकों का चालान करते हुए कुल 63,000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। इसके साथ ही 20 डग्गामार वाहनों पर भी कार्रवाई की गई।अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित व जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने की अपील की, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

मनरेगा कानून निरस्त करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

■ कलेक्ट्रेट परिसर में धरना, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस और शहर कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र होकर जुलूस निकाला और जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन सिंह को सौंपा गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में महात्मा गांधी के चित्र लिए हुए थे और 'मनरेगा कानून निरस्त करो', 'गांधी जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' जैसे नारे लगाकर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा और शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने किया।

धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार महात्मा गांधी से इतनी नफरत करती है कि वह उनके नाम को योजनाओं से मिटाने पर तुली हुई है। मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून को कमजोर करना सीधे तौर पर गांधी जी के मूल्यों का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा कानून को खत्म करने की कोशिश वापस नहीं ली गई तो कांग्रेस पार्टी देशभर में मजदूरों और ग्रामीणों को साथ लेकर व्यापक आंदोलन करेगी।

शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने कहा कि भाजपा सरकार की सोच शुरू से ही गांधी विरोधी रही है। गोडसे को पूजने वाली ताकतें कभी गांधी के विचारों की अनुयायी नहीं हो सकतीं। योजनाओं से गांधी जी का नाम हटाना उसी मानसिकता को दर्शाता है। राष्ट्रपति को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि मनरेगा विधेयक को निरस्त कर नया कानून लाना अत्यंत चिंताजनक और सुनियोजित कदम है। यह एक अधिकार आधारित ऐतिहासिक कानून को कमजोर करने और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम व मूल्यों को मिटाने का प्रयास है। मनरेगा जन आंदोलन से निकला कानून है, जिसने ग्रामीण भारत को 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी, महिलाओं और भूमिहीनों को सशक्त बनाया और श्रम की गरिमा को स्थापित किया।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नया कानून रोजगार के अधिकार को समाप्त करता है और इसे केंद्र नियंत्रित योजना में बदल देता है, जिसमें न तो रोजगार की गारंटी है और न ही जरूरत के समय काम मिलने का भरोसा। इससे संघीय ढांचा कमजोर होगा और राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा। कार्यक्रम में वासुदेव ठाकुर, मुनेंद्र सक्सेना, छात्र संघ अध्यक्ष राजेश वर्मा, युसूफ मलिक, जाहिद खान, अभिनव गुप्ता, कमल कुमार गौड़, ज्ञानेंद्र गौतम, हरीश मौर्य, दानिश हसन, प्रवक्ता हेमंत मिश्र एडवोकेट, लेखराज राठौर, संदीप गंगवार, समीर अंसारी, रिजवान मियां, प्रदीप कुमार, इरफान, उर्मिला देवी, अनीता देवी, सुमित्रा देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

एक्सप्रेस खबरें...

शेरपुरकला में सफाई के नाम पर लाखों रुपए का फर्जी भुगतान

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। ग्राम पंचायत शेरपुरकला में सफाई व्यवस्था बदहाल होने के बावजूद लाखों रुपए का फर्जी भुगतान किए जाने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से काम नहीं कर रहे हैं, जिससे लोग अपने घरों के सामने की नालियों की सफाई स्वयं करने को मजबूर हो गए हैं। गांव में जगह-जगह कूड़े के ढेर और नालियों में गंदा पानी जमा होने की समस्या बढ़ती जा रही है। इसके कारण ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई के नाम पर किए गए भुगतान का लाभ सीधे कर्मचारी तक नहीं पहुंच रहा, बल्कि प्रधान अपने पसंदीदा लोगों के खाते में राशि ट्रांसफर करा देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी कभी-कभार ही कार्य स्थल पर आते हैं और इसके बाद महीनों तक दिखाई नहीं देते। परिणामस्वरूप नालियों और घरों के आसपास गंदगी और बदबू बनी रहती है। अधिकारियों की अनदेखी, ग्रामीणों में रोष कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने पंचायत से मांग की है कि सफाई व्यवस्था नियमित और पारदर्शी तरीके से संचालित की जाए, ताकि उन्हें खुद सफाई करने की मजबूरी न हो और सफाई कर्मचारी अपने काम में नियमित और जवाबदेह बने। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट किया कि वे चाहते हैं कि पंचायत की सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाए, कर्मचारी अपने समय पर कार्य करें और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए।

सेहरामऊ पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया और उन्हें जेल भेजा गया। घटना का विवरण मामला 21 दिसंबर 2025 का है। ग्राम मुरादपुरमाती निवासी सोनू पुत्र सालिकराम ने थाना सेहरामऊ उत्तरी में तहरीर दी थी कि उनकी दुकान से एक एम्पलीफायर और एक बैटरी चोरी हो गई। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में गठित टीम ने तुरंत मामले की जांच शुरू की। अभियुक्तों की गिरफ्तारी और माल की बरामदगी 22 दिसंबर 2025 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम महादेवमाती निवासी अनमोल सिंह उर्फ सूरज सिंह उर्फ भंगड़िया पुत्र धर्मपाल सिंह उर्फ छोटे सिंह और सबितुल उर्फ जस्सी पुत्र मिथलेश कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी किया गया एम्पलीफायर और बैटरी बरामद किया गया। इसके अलावा अनमोल सिंह के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस भी मिला। अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमे इस बरामदगी के बाद संबंधित मुकदमे में धारा 317 (2) बीएनएस जोड़ी गई। साथ ही अनमोल सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा संख्या 182/2025 भी दर्ज किया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय पीलीभीत के समक्ष पेश किया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी और अन्य अपराधों पर नियंत्रण बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार पीएमश्री ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत में जनपद स्तरीय भाषण, निबंध एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निमिष पाल (एच.आर.पी. डिग्री कॉलेज, बरखेड़ा), द्वितीय स्थान अर्शी (राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय, पीलीभीत) तथा तृतीय स्थान चाहत (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीसलपुर) ने प्राप्त किया। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मृत्युंजय जयसवाल (चीरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पीलीभीत), द्वितीय स्थान राधिका जोशी (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीसलपुर) तथा तृतीय स्थान सपना देवी (आर्य कन्या इंटर कॉलेज, पीलीभीत) को मिला। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीरी नारायणी (राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पीलीभीत), द्वितीय स्थान रंजीत सिंह (एस.एन. इंटर कॉलेज, पीलीभीत) तथा तृतीय स्थान प्रांजल (पंडित देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज, बरखेड़ा) ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों का चयन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा गठित निर्णायक मंडल ने किया।

किसान सम्मान दिवस का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी। किसान सम्मान दिवस आई टी आई राजापुर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आई टी आई राजापुर में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में कृषि के अतिरिक्त गन्ना, पशुपालन, उद्यान व दुग्ध विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 111 कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा धान, उर्द, गेंहू व सरसों में क्राप कटिंग के आधार पर सबसे अधिक उपज प्राप्त करने वाले कृषकों को क्रमशः प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।इसी प्रकार गन्ना उत्पादन, पशुपालन, उद्यान तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले कृषक भाई सम्मानित किए जाएंगे। आयोजन स्थल राजापुर आईटीआई में जन जागरूकता के लिये कृषि और सहबद्ध विभागों के स्टाल भी लगाये जायेगें।कृषक भाइयों से अनुरोध है कि कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 11बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि और सहबद्ध विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर समसामयिक जानकारी प्राप्त करना चाहें।

किसान के चंदन के चार पेड़ चोरी से कटे

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। कस्बा में स्टेट हाईवे पर एक खेत में खड़े चार पेड़ चंदन के लकड़कट्टो द्वारा चोरी से काट लेने का आरोप लगाते हुए वन विभाग को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।कस्बा मुहल्ला बबौरी निवासी सरलू ने 20 वर्ष पहले अपने गाटा संख्या 40 में 5 पेड चंदन के रोपें थे लंबी परवरिश के बाद तैयार किया था। जिसे चोरी से लकड़कट्टो द्वारा रात्रि में चार पेड़ों को काटकर चोरी कर ले गए हैं जिनकी अनुमानित कीमत लाखों में बताई गई है। पीड़ित ने पुलिस समेत वन विभाग के अधिकारियों को घटना की शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।वन दरोगा अखिलेश सिंह ने बताया जानकारी मिली है मौके का निरीक्षण किया गया जिसमें सफेद चंदन के पेड़ थे। जो परमिट क्षेत्र से बाहर होते हैं।

शिक्षामित्र के मामले में जिला अधिकारी ने लिया संज्ञान जांच के आदेश

जन एक्सप्रेस खबर का असर

सुनहरा

लखीमपुर-खीरी। राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस समाचार पत्र में एक समय में शिक्षा ग्रहण और शिक्षक की भूमिका निभाई शिक्षा मित्र सतीश कुमार ने हेडिंग से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की खबर का हुआ असर मामले में जिला अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं देखते हैं निष्पक्ष जांच में शिक्षा मित्र का भ्रष्टाचार बेनकाब होगा की विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता से मामले को दबाने का प्रयास भी किया जा सकता है वह आने वाला समय बताएगा गौरतलब है जनपद लखीमपुर-खीरी ब्लॉक फूलबेहड़ के अगरा के रहने वाले सतीश कुमार शिक्षामित्र के पद पर प्राथमिक विद्यालय भीखना पुर में शिक्षामित्र की नियुक्ति 2001 में हुई थी तथा नियुक्ति के दौरान शिक्षामित्र स्कूल में छात्रों को पढ़ता भी रहा और बीना अवकाश के शिक्षा विभाग को गुमराह करते हुए युवराज दत्त महाविद्यालय में रेगुलर छात्र के रूप में शिक्षा ग्रहण करता रहा एक साथ पढ़ना और पढ़ना का काम कर रहा था मजे की बात शिक्षामित्र के से मामले की खंड शिक्षा अधिकारी को पूरी जानकारी थी उसके बाद न कोई जांच न कराई जिससे शिक्षामित्र का मनोबल इतना बढ़ गया कि वह कभी-कभी स्कूल जाता है उनके परिवार के एक सदस्य एनपीआरसी के पद पर तैनात थे इस बात का दबाव या शिक्षा मित्र बनाता रहता है और मौज काट रहा है।

न्यायालय के आदेश पर तीन माह बाद हिमांशु का शव क़ब्र से निकालकर पी एम के लिए भेजा गया

जन एक्सप्रेस । उचौलिया खीरी

तीन माह पहले झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इलाज करने पर 15 वर्षीय हिमांशु की मौत हो गई थी। जिसका मुकदमा कोतवाली पसगवां में 14-9 2025 को पंजीकृत किया गया। जिसमें मृतक के पिता ने झोलाछाप डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर पीएम करने की मांग की थी।मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया न्यायालय के आदेश पर सोमवार को अधिकारियों की मौजूदगी में शव को कब्र से खुदवा कर पीएम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी की कोतवाली पसगवां के ग्राम गणेशपुर के रहने वाले विमलेश राठौर ने अपने पुत्र हिमांशु 15 की मौत का आरोप अपने गांव के झोलाछाप डॉक्टर विकास पुत्र राकेश राठौर पर लगाया था जिसकी मौत गलत इलाज करने से 13.9.2025 को हो गयी थी। आरोप यह भी था कि झोलाछाप डॉक्टर के चाचा रामनाथ के द्वारा उसका जबरदस्ती अंतिम संस्कार करवा दिया गया। और शव पीएम के लिए नहीं भेजा गया। इस संबंध में पीड़ित पिता ने दिनांक 14.9.2025 को थाना पसगवां में मुकदमा दर्ज कराया और शव उखड़वा कर पीएम करने की मांग की। व उच्च अधिकारियों से पीएम कराने की मांग की जिसका अभी तक पीएम नहीं हो पाया था। दिनांक 22.12.2025 को न्यायालय के आदेश पर हिमांशु 15 का शब कब्र से निकलवा कर पीएम के लिए भेजा जा रहा है इस मौके पर एसडीएम मोहम्मदी, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार, पसगवां कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह सहित कई थाने चौकियों की पुलिस व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गांव की दहलीज पर न्याय, गूम चीनी में लीगल ऐड क्लीनिक का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को ग्रामीणों को सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। ग्राम पंचायत गूम चीनी में शनिवार को लीगल ऐड क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। यह शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखीमपुर खीरी के निर्देशन में वीरेंद्र नाथ पांडे, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। उक्त उद्घाटन समारोह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण आंचल में निवास करने वाले पात्र व्यक्तियों को निशुल्क प्रभावी विधिक सहायता एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार, मेडिएटर अधिवक्ता, आशा बहू, स्वयं सहायता समूह,की कोमल उपस्थित रही।

तेंदुए ने बछड़े को बनाया शिकार, घर से उठाकर गन्ने के खेत में ले गया, गांव में दहशत

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

जिले के निघासन वन रेंज के बेलराया क्षेत्र अंतर्गत सिंगाही थाना क्षेत्र के फरदहिया गांव में एक तेंदुए ने घर में बंधे बछड़े को अपना शिकार बना लिया। यह घटना बीती रात की है। तेंदुआ बछड़े को जबड़े में दबोचकर पास के गन्ने के खेत में ले गया। सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव में दहशत फैल गई।ग्रामीणों के अनुसार, फरदहिया गांव निवासी बेचे लाल पुत्र मिन्हीलाल के घर की घारी में बछड़ा बंधा हुआ था।देर रात तेंदुआ घर के पास आया और बछड़े को उठाकर गन्ने के खेत में ले गया।सुबह जब परिजन उठे, तो उन्हें बछड़ा मृत अवस्था में मिला। इस घटना से परिवार और पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही पहले भी देखी जा चुकी है और ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसके बावजूद,वन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और वन विभाग की गश्त बढ़ाने की मांग की है।इस संबंध में उत्तर निघासन वन रेंज बेलराया के रेंजर भूपेंद्र सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन उनका फोन नहीं उठा।घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

बकाया बिल के चलते कटे 35 बिजली कनेक्शन, किसान संगठन के धरने के बाद दोबारा जोड़े गए

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

तहसील मितौली क्षेत्र के ग्राम बाईकुआ में बकाया बिजली बिल को लेकर विभाग द्वारा 35 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बिजली कटौती से सबसे अधिक परेशानी किसानों को हुई, क्योंकि सिंचाई और घरेलू कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए। इसी को लेकर किसान संगठन के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने गांव में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना शुरू होने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग हरकत में आया। मौके पर एसडीओ मैगलगंज और जेई औरंगाबाद धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। किसानों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि आर्थिक तंगी के कारण समय पर बिजली बिल जमा नहीं हो पाया, जबकि फसलों की सिंचाई के लिए बिजली की अत्यंत आवश्यकता है।बिजली आपूर्ति बाधित होने से फसलों के सूखने का खतरा भी बना हुआ था। किसान संगठन की मांग और ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने राहत का आश्वासन दिया।अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही बिजली राहत योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए 28 दिसंबर तक का समय दिया गया है। किसानों ने भी भरोसा दिलाया कि निर्धारित तिथि तक वे अपना बकाया बिजली बिल जमा कर देंगे।वार्ता के बाद बिजली विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी 35 कटे हुए कनेक्शनों को दोबारा जोड़ दिया।

थानाध्यक्ष नीमगांव ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

■ बिना हेल्मेट लगाये ट्रिपल राइडिंग कर रहे लोगो को किया सचेत

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

थानाध्यक्ष नीमगांव प्रवीर गौतम ने चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट लगाये बाइक से फर्राटा भर रहे लोगो को रोक कर बाइक न चलाने की हिदायत दी। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने सिकंदराबाद चौकी इंचार्ज मुकेश सिह के साथ मे कस्बा सिकंदराबाद के चौराहे पर खडे रहकर मोटरसाइकिल चलाने बाले लोगो को जागरूक किया कि वह बिना हेल्मेट अपनी मोटरसाइकिल हरगिज न चलाये। और कई बडे वाहनो पर रेडियम पट्टी लगातार धीरे चलने की हिदायत दी। वही ट्रिपल राइडिंग कर रहे लोगो के भी चालान किये ,इस दौरान उन्होने बताया कि कोई भी लडका या लडकी बिना ड्राइविंग लाइसेंस लिये मोटरसाइकिल या स्कूटी न चलाये,यदि चलाते हुये कोई पकडा गया तो विभागीय कार्रवाई होगी।इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ कस्बा सिकंदराबाद मे सभी सडको पर पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का ऐहसास दिलाया है।

बाथरूम में दंपती की संदिग्ध मौत, गीजर से गैस रिसाव बना मौत की वजह होने की आशंका

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

■ दरवाजा अंदर से बंद, फॉरेंसिक जांच के बाद शव पोस्टमॉर्टम को भेजे गए

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुरुकुलपुरम में रविवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां किराये के मकान के बाथरूम में पति-पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोनों के शव बाथरूम के भीतर पड़े मिले, जबकि दरवाजा अंदर से बंद था। प्रारंभिक जांच में गीजर से गैस रिसाव के कारण दम घुटने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान हरजिंदर सिंह (42 वर्ष) और उनकी पत्नी रेनू सक्सेना (40 वर्ष) के रूप में हुई है। हरजिंदर सिंह डीआरडीए कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। दंपती पिछले कुछ समय से गुरुकुलपुरम मोहल्ले में किराये के मकान में रह रहे थे। बताया गया है कि दोनों की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी।

पड़ोसियों को हुई अनहोनी की आशंका

रविवार शाम पड़ोस की एक महिला ने देखा कि दंपती के घर की छत पर कपड़े पड़े हुए हैं, लेकिन काफी देर तक कोई हलचल नहीं दिखी। इस पर उसने पहले रेनू सक्सेना के मोबाइल फोन पर कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद हरजिंदर सिंह के फोन पर भी संपर्क किया गया, पर कॉल रिसीव नहीं हुई। लगातार फोन न उठने पर पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई और इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची पुलिस

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का दृश्य देख पुलिसकर्मी भी स्तब्ध रह गए। बाथरूम में पति-पत्नी मृत अवस्था में पड़े थे। पुलिस के अनुसार, हरजिंदर सिंह पूरे कपड़े और जूते पहने हुए थे, जबकि उनकी पत्नी रेनू नग्न अवस्था में थीं। बाथरूम के अंदर गीजर और गैस सिलेंडर लगे हुए पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया मामला गीजर से गैस रिसाव के कारण दम घुटने से मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल किसी भी अन्य पहलू से इनकार नहीं किया जा सकता।

-विक्रम दहिया, एएसपी

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद मोहल्ले में शोक का माहौल है और पड़ोसी भी इस हादसे से गहरे सदमे में हैं। यह घटना एक बार फिर बंद बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से जुड़े खतरों की ओर इशारा करती है, जिस पर सतर्कता और जागरूकता बेहद जरूरी है।

गैस रिसाव की आशंका और गहराई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि रेनू सक्सेना के बाएं हाथ में फ्रैक्चर था, जिस पर प्लास्टर चढ़ा हुआ था। इसी आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि हरजिंदर सिंह अपनी पत्नी को नहला रहे थे। इसी दौरान बाथरूम में लगे गीजर से गैस रिसाव हुआ और बंद जगह होने के कारण दोनों का दम घुट गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया और क्षेत्राधिकारी सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने बाथरूम और गीजर की बारीकी से जांच कर साक्ष्य एकत्र किए।

मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई।केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने के निर्णय के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई ने संयुक्त रूप से गांधी प्रतिमा, पुलिस लाइन के निकट शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा के नाम परिवर्तन के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए इसे महात्मा गांधी के विचारों और गरीब, मजदूर व ग्रामीण वर्ग के अधिकारों पर आघात करार दिया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब और मजदूर परिवारों के लिए सम्मानजनक रोजगार का आधार है। महात्मा गांधी के नाम को हटाने का निर्णय उनके विचारों और गरीबों के हक पर सीधा हमला है, जिसे कांग्रेस पार्टी स्वीकार नहीं करेगी।शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नाम बदलने की राजनीति बंद करे। कभी जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदले जाते हैं तो कभी शहरों के। इससे न रोजगार बढ़ता है और न ही महंगाई व बेरोजगारी कम होती है। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना का नाम बदलना जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी गांधीवादी विचारों और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में नारेबाजी की गई और निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत अग्निहोत्री, भुट्टो मियां, रीतू बिल्डर,आफताब हैदर, अजीत विशाल, अजीत सिंह, महासचिव राजेंद्र कुमार वर्मा, श्याम प्रकाश त्रिपाठी, हरि ओम त्रिपाठी, सत्यबोध, महेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश ज्ञानू पाल, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस मंजू मित्रा, शहर उपाध्यक्ष कुमार राजवंशी, सर्वेश कुशवाहा, विनोद यादव, शहर महासचिव अभय कुशवाहा, गोपाल पांडेय, इस्लाम गाजी, ममता पाल, शिल्पी वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, अनूप सिंह, धीरज तिवारी, ओम प्रताप सिंह सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विवाहिता ने पति सहित आठ पर दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराया केस

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सैय्यदबाड़ा निवासी विवाहिता ने शहर के ही मोहल्ला नेकोजई निवासी पति सहित आठ लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। विवाहिता नाजरीन पुत्री इस्तेखार खां के अनुसार उसका विवाह 22 जून 25 को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकोजई निवासी बब्बन के पुत्र चांद मियां के साथ हुआ था। बकौल पीड़िता उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। परंतु विवाह के कुछ दिन बाद ही अतिरिक्त दहेज में चार पहिया कार,सोने की मोटी चेन और दो लाख की नगदी की मांग को लेकर उसका पति, ससुर, सास, जेठ जावेद, सानू, जेठानी सन्नो, ननद बुसरा और देवर नेहाल उसके साथ आए दिन मारपीट करने लगे। शादी के एक माह बाद ही विपक्षियों ने उसे घर से निकाल दिया।तब से वह अपने पिता के घर रह रही है। विवाहिता की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेल स्पर्धा से मानसिक एवं शारीरिक क्षमता बढ़ने में प्रेरणा मिलती है: अशोक रावत

सांसद ने किया सांसद खेल स्पर्धा महोत्सव का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । हरदोई

स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज जरौआ, कोठावां में खेल निदेसालय उ0प्र0, जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा बालिबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण, दीप प्रज्जवलन एवं गुब्बारे छोड़कर किया तथा खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर किया और खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया।

सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि खेल स्पर्धा से मानसिक एवं शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देता है, इसलिए सभी खिलाड़ी अपनी क्षमता का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में विजय लक्ष्य प्राप्त करें। सांसद खेल में सांसद एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा ने मा0 सांसद को अवगत कराया कि इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में बालीवाल, का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अवधेश त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद, विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसुजान, शिक्षक राम दयाल आदि का इस स्पर्धा मे विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता मे सीनियर वर्ग मे विजेता पालराइ बेहन्दर व उपविजेता फर्मखेडा, कछऔना, जूनियर वर्ग मे विजेता पी. बी. आर. इंटर कॉलेज कछौना, तथा उपविजेता पंडित दीन दयाल मॉडल राजकीय इंटर कॉलेज जरौआ एवं सब जूनियर मे विजेता पंडित दीनदयाल राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जरौआ तथा उप विजेता आई. आर. इंटर कॉलेज संडीला रही। स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं स्कूलो के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

तेंदुए के पदचिन्ह मिलने से हड़कम्प जांच में जुटी वन विभाग टीम

जन एक्सप्रेस । सांडी

हरदोई मार्ग पर साण्डी कस्बे के पक्षी विहार पुलिया के निकट आलू के खेतों में तेंदुए के पद चिन्ह मिलने से हड़कम्प मच गया।स्थानीय काश्तकारों में तेंदुए के पग चिन्ह देखकर दहशत का माहौल बन गया।हालांकि काश्तकारों ने मामले की सूचना वन विभाग टीम को दी तथा लोगो से सतर्कता बरतने को कहा।आलू की फसल में यह पगचिन्ह मिलने पर आसपास के काश्तकारों में भय व्याप्त हो गया।काश्तकारों द्वारा तेंदुए के पग चिन्हों को देखे जाने की सूचना मिलते ही हरपालपुर वन रेंज के रेंजर प्रत्युष श्रीवास्तव ने वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।उन्होंने काश्तकारों से सावधानी बरतने के लिए बातचीत की तथा लोगो को सतर्क रहने को भी कहा।फिलहाल वन विभाग टीम ने तेंदुए के पदचिन्ह चिन्हित कर जांच शुरू कर दी है। रेंजर ने कहा कहीं पर भी तेंदुए की हलचल दिखे तो तुरंत मामले की सूचना वन विभाग टीम को दें।

नए वर्ष से पुलिस चौकियों पर भी दी जायेंगी पीड़ितों को पर्ची: सीओ

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

शाहाबाद पुलिस सर्किल में नए वर्ष से पुलिस चौकियों पर आने वाले फरियादियों को भी उनके प्रार्थना पत्र की रिसीविंग पर्ची दी जाएगी।ताकि जनसुनवाई की शुचिता और पारदर्शिता बनी रहे। क्षेत्राधिकारी सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने पत्रकारों को बताया शाहाबाद पुलिस सर्किल में आधारभूत पुलिसिंग को सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विद्यमान चौकियों पर नियमित जन सुनवाई, पुलिस बल की निरंतर मौजूदगी को सुनिश्चित करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया जन सुनवाई की शुचिता हेतु पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुनिश्चित करने के लिए आगामी वर्ष की शुरुआत से वहाँ पर थाने की पर्ची भी दी जाने की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस सर्किल के रणनीतिक तौर पर महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों एवं मार्गों खासकर अंतर्जनपदीय सीमाओं , दूरस्थ क्षेत्रों एवं सड़क मार्गों पर पुलिस की सतत मौजूदगी के प्रयोजन से जनता एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से विभिन्न थाना क्षेत्रों में नये पुलिस चौकियों/पुलिस सहायता केन्द्रों के निर्माण एवं कार्यशील करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया बिना प्रभावी एवं मजबूत आधारभूत पुलिसिंग, जिसमे पुलिस की रणनीतिक उपस्थिति भी शामिल है, के बिना पुलिस अपराध नियंत्रण एवं जनसेवा में अपना शत प्रतिशत रिस्पॉन्स नहीं दे सकती है।

जन सुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी 84 शिकायतें

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 84 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई मे एक व्यक्ति का राशन कार्ड न होने पर उसका राशन कार्ड बनाने के निर्देश सम्बन्धित को दिया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चे का नामांकन शासन की योजनाओं का लाभ दिलायें

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)

सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी बिरजू भारती के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शिवदीन चैधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक नदीगांव में पांच दिवसीय दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा हेतु सहायक अध्यापकों के प्रशिक्षण का समापन हुआ।

समापन में खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र उत्तम के द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन दिवस पर कहा कि कोई भी दिव्यांग बच्चा स्क्रीनिंग में छूट न पाए, स्क्रीनिंग करने के बाद उनका नामांकन एवं शासन की समस्त योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल सके, प्रशिक्षण में दृष्टि बाधित बच्चों के लिए विशेष शिक्षक नीरज पांचाल द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों को विद्यालय का वातावरण एवं शिक्षण को गतिविधि के माध्यम से बताया एवं विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, श्रवण बाधित में विशेष शिक्षक ईश्वर चंद्र पाल ने श्रवण बाधित बच्चों के लिए साइन लेंग्वेज एवं विद्यालय के वातावरण के बारे में बताया कि मानसिक मंदित के लिए विशेष शिक्षक ब्रह्मानंद राजपूत ने मानसिक बच्चों के उपयोगार्थ समस्त योजनाओं के बारे में बताया एवं शिक्षकों द्वारा फीडबैक के द्वारा समस्त जानकारी ली गई। विशेष सहयोग में पूर्व एआरपी प्रमोद कुमार गुप्त, राजकुमार एवं अभिषेक गोस्वामी द्वारा रहा।

डीएम, एसपी ने देर रात कान्हा गौशाला व अलाव की हकीकत परखी

जन एक्सप्रेस/उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बीती देर रात्रि रामपुरा खण्ड विकास क्षेत्र का भ्रमण कर शीतलहर के दृष्टिगत की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कान्हा गौशाला पहुंचकर वहां गौवंशों के लिए उपलब्ध भूसा, चैकर एवं अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के प्रमुख चैराहों पर लगाए गए अलावों की व्यवस्था को भी देखा और ठंड से बचाव हेतु अलाव निरंतर जलाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पशुओं के संरक्षण एवं आमजन को शीतलहर से राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, तहसीलदार गौरव कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिशु डिलीवरी भुगतान के नाम पर युवक से ऑनलाइन ठगी

जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)

सोमवार को रामपुरा थाना में साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित का पूरा पैसा वापस दिलाया गया, जिससे क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर 2025 को ईशेन्द्र सिंह पुत्र रामनारायण निवासी निनावली जागीर के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को शिशु डिलीवरी से संबंधित बताते हुए बैंक खाते से जुड़ी जानकारी लेने का प्रयास किया। बातचीत के दौरान प्रार्थी के खाते से 9,835 रुपये कट गए। ठगी का एहसास होते ही प्रार्थी ने तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई और थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ही एक टीम तैयार कर बिना देरी किए मामले की जांच शुरू की। जांच टीम में उप निरीक्षक कस्बा रामपुरा इंचार्ज जगदीश कुमार दुबे, कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल मिथलेश कुमार ने संबंधित बैंक व साइबर सेल से समन्वय स्थापित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह तथा जांच टीम की सक्रियता का परिणाम यह रहा कि कुछ ही समय में ठगी की गई पूरी राशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस आ गई। पैसा वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताते हुए अपनी शिकायत बंद करने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने भी लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करें और साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

अभियान में शत-प्रतिशत बच्चों को पिलायी गयी पोलियो दवा: डा. दिनेश

कालपी (जालौन)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता के नेतृत्व में कालपी में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया। सप्ताह भर के दौरान 9688 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर जागरूक किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि 0 से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का अभियान 14 दिसम्बर से शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि पहले दिन रविवार को कालपी नगर के अलग-अलग विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों में 33 जगह पर पोलियो बूथ स्थापित करके 9688 बच्चों को दवा पिलाई गई। जबकि स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीमों के द्वारा घर-घर में पोलियो की दवा पिलाने के लिए 5 दिनों तक अभियान चलाया गया। घर के अभियान में 18 टीमें तथा 5 ट्रांजिट बूथ में पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान में आशा बहू, एएनएम एवं स्वास्थ्य कार्यकत्री शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष की आयु के शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाई गई। उप जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक जीरो से 5 वर्ष की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटना नहीं चाहिए।

चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस फिसड्डी

जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)

लगभग 10 दिन पूर्व सूने घर का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 35 लाख रुपये के जेवर चोरी होने के मामले में पुलिस अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। इसके अलावा चोरी की अन्य घटनाओं का भी अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि चोरी के खुलासे के लिए तीन टीमें लगी हुई हैं। फिर भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर बने हुए हैं। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया भवानीराम निवासी संजीव कुमार 11 दिसंबर को अपने साले के शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम अंडा गए थे। घर पर उनके ससुराल पक्ष के लोग सास, ससुर, साला, सलहज, दादी सास भी आए थे। सभी लोग कुछ जेवर पहनकर और बाकी जेवर घर में ही अलमारी में सुरक्षित रखकर शादी में शामिल होने के लिए गए थे। उसी रात किसी समय चोरों ने सूने घर के सामने के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने के करीब 246 ग्राम के लगभग दो किग्रा चांदी के जेवर समेत 40000 रुपये नकद चोरी कर लिए थे। चोरी से पूर्व चोरों ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की केबल व वाई फाई की वायर भी काट दी थी। सात दिसंबर को मोहल्ला जोशियाना में भागवत कथा सुनने गई सोमवती गुप्ता की लगभग तीन लाख रुपये कीमत की जंजीर अज्ञात चोरों ने उनके गले से चोरी कर ली थी। वहीं, 13 दिसंबर को चोरों ने मोहल्ला घुआताल में रहने वाले रामकुमार तरसौलिया के सूने घर को निशाना बनाया था।

छात्राओं ने रैली निकाल मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया

जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)

सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, विद्यालय की शिक्षिकाओं, छात्राओं की मौजूदगी में कालपी नगर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 चलाया गया।

इस दौरान छात्राओं तथा शिक्षिकाओं की मौजूदगी में रैली निकाली गई तथा विद्यालयों के आसपास तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में घूम-घूमकर महिलाओं, छात्राओं को जागरूक करके शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया गया। महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, महिला सिपाहियों संध्या यादव, प्रीति, नेहा आदि ने भीड़भाड़ वाले मुन्ना फुल पावर बाईपास चैराहे में मिशन शक्ति संबंधित बुकलेट बांटते हुये सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी। इसी तारतम्य में आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज,एम एस वी इंटर कालेज आदि विद्यालयों के आसपास महिलाओं तथा छात्राओं को जागरूक करते शासन की योजनाओं को बताया तथा जरूरत पड़ने पर विभिन्न सरकारी नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1067 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस संबंध में जानकारी देते हुये वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि शासन की नीतियों के अनुरूप इस सिलसिले में जागरूकता अभियान निरंतर चलता रहेगा। इसी तरह आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज कालपी की प्रधानाचार्या की अगुवाई में शिक्षिकाओं तथा छात्राओं की रैली निकाल कर मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई।

मनरेगा योजना का नाम बदलने में मजदूरों के हितों की हुई अनदेखी

जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)

सरकार द्वारा महात्या गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदल रही है। मनरेगा का नाम जी राम जी योजना करके संशोधन करके नियम बनाये है जो मजदूरों के हित में नहीं होने का आरोप लगाते हुए वामपंथी दलों ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र उप जिलाधिकारी को सौप कर सहानुभूति पूर्वक निर्णय लिये जाने की मांग की है। वामपंथी दलों के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को सोमवार को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र के माध्यम से राष्ट्रपति का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार ने हाल ही में मनरेगा में जो संशोधन करके उसका नाम महात्या गाँधी रोजगार गारन्टी योजना (मनरेगा) की जगह जी राम जी योजना करके तथा उसमें जो संशोधन करके नियम बनाये है वो मजदूर वर्ग के हित में नहीं है। मनरेना योजना में किये गये संशोधन को निरस्त कर पूर्व की भांति मनरेगा को ही स्खा जायें तथा नियम भी पूर्व की भांति किये जाये। योजना के कार्य दिवसों को बढ़ा कर 100 दिन की एवज में न्यून्तम 150 कार्य दिवस किये जाये। योजना के बजट आवंटन को पहले से अधिक बढ़ाया जाये तथा मजदूरों की मजदूरी दरो को पुनरीक्षित कर न्यून्तम दैनिक मजदूरी की जाये। वामवंथी दलों ने राष्ट्रपति से केन्द्र सरकार द्वारा किये गये संशोधन पर सहानभूति पूर्वक विचार कर पूर्व की भांति मनरेगा योजना को बहाल करने की कार्यवाही किये जाने की कृपा करें।

उपनिबंधक के खिलाफ आंदोलन तेज, 75वें दिन पुतला फूंका

स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ता नागेंद्र शुक्ला का क्रमिक अनशन जारी, चक्का जाम की चेतावनी

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज

नौतनवा तहसील में उपनिबंधक संदीप गौड़ के कथित भ्रष्टाचार के विरोध में चल रहा आंदोलन सोमवार को और उग्र हो गया। आंदोलन के 75वें दिन अधिवक्ता व किसान नेता नागेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में तहसील परिसर में उपनिबंधक का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। अधिवक्ता नागेंद्र शुक्ला ने बताया कि भ्रष्टाचार के विरोध में यह आंदोलन का दूसरा चरण है। इससे पूर्व पहला चरण 46 दिनों तक चला था, जिसे जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा के हस्तक्षेप के बाद समाप्त कराया गया था। बावजूद इसके उपनिबंधक का स्थानांतरण न होने पर उन्होंने द्वितीय चरण का आंदोलन शुरू किया।

श्री शुक्ला का आरोप है कि जिलाधिकारी द्वारा उपनिबंधक के विरुद्ध एडीएम (न्यायिक) महराजगंज से जांच भी कराई गई, लेकिन अब तक शासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है और आम जनता में उपनिबंधक को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

उन्होंने शासन-प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए पत्र के अवलोकन के बाद भी उपनिबंधक का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज करते हुए चक्का जाम किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान रेवेन्यू संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, मुकेश त्रिपाठी, राम हजूर यादव, शेख समसुद्दीन, जगनारायण विश्वकर्मा, बृजेश कुमार, मनोज मिश्रा, अखिलेश उपाध्याय, दीपेंद्र प्रजापति, सुधीर शुक्ला, अमित सिंह, अमरेश मौर्य सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

निपुण भारत अभियान को सशक्त बनाने पर मंथन

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। निपुण भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को डायट प्राचार्य अभिजीत सिंह और महराजगंज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) रिद्धि पांडे के बीच विस्तृत चर्चा-परिचर्चा हुई। बैठक में प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। चर्चा के दौरान निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए शिक्षक प्रशिक्षण, शैक्षिक नवाचार, सतत एवं समग्र मूल्यांकन प्रणाली तथा कक्षा-कक्ष में प्रभावी शिक्षण विधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने इस बात पर भी बल दिया कि विद्यार्थियों की सीखने की गति को ध्यान में रखते हुए शिक्षण सामग्री एवं गतिविधियों का चयन किया जाना आवश्यक है, ताकि प्रत्येक बच्चा निर्धारित दक्षताओं को प्राप्त कर सके। डायट प्राचार्य अभिजीत सिंह ने कहा कि निपुण भारत अभियान की सफलता के लिए डायट और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। वहीं बीएसए रिद्धि पांडे ने आश्वस्त किया कि जनपद स्तर पर उपलब्ध सभी शैक्षणिक संसाधनों का समुचित उपयोग कर अभियान को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले के थाना पट्टी कोतवाली पुलिस ने मासूम बच्ची के साथ हैवानियत का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे किया है। घटना में शामिल मुख्य आरोपी की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। गौरतलब हो कि बीते शनिवार को थाना इलाके के एक गांव में शनिवार की शाम को बाजार के लिए निकली एक सात साल की बच्ची के साथ दूसरे समुदाय के 32 साल के युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों को देखकर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला था। डरी सहमी बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को सारी बात बताई तो लोग सन्न रह गए। धीरे धीरे बात फैल गयी और लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पट्टी पुलिस को लगी तो पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश देने लगी। वहीं मासूम बच्ची के साथ घिनौने कृत्य का प्रयास सुनकर नजदीकी बाजार उड़ैयाडीह में व्यापारियों ने बाजार बंद करके इस घिनौने कृत्य का विरोध दर्ज किया। व्यापारियों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण पुलिस भी पूरे अलर्ट मूड में रही। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर दी गई। उसी क्रम में पट्टी पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी इरशाद आसपुर देवसरा थाना इलाके के सैफाबाद गांव का और दूसरा शकील अहमद नगर कोतवाली थाना इलाके का रहने वाला है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने पट्टी थाना इलाके के आमापुर मोड़ के समीप से सोमवार को गिरफ्तार किया। पट्टी कोतवाल अभिषेक सिंह सिरोही ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तीसरे आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बाजार के व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु ज्ञापन दिया था बाकी बाजार में शांति व्यवस्था कायम है दुकानें खुली हुई हैं।

जिला जज ने डीएम, एसपी के साथ किया जेल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में सोमवार को जिला न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय, डीएम शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमुद उपाध्याय द्वारा जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार परिसर में जनपद न्यायाधीश द्वारा फीता काटकर ''औषधि वाटिका स्थल'' का शुभारम्भ किया गया।

इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी के साथ औषधि वाटिका स्थल पर औषधि पौध का पौधरोपण भी किया। इस दौरान जिला कारागार में सीसीटीव कक्ष का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कारागार में बंदियों के लिए व्यवस्था आदि की बारीकी से जांच कर जेल प्रशासन को जरूरी निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों ने बंदी गृह, बैरक, भोजनालय तथा अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों की बारीकी से जांच की। इस दौरान बंदियों की सुरक्षा, रहन-सहन की स्थिति, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता व समग्र प्रबंधन व्यवस्था को भी परखा। इसके साथ ही कारागार की सुरक्षा, स्वच्छता, बंदियों की आवासीय व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान जिला कारागार परिसर में स्थापित औषधि वाटिका स्थल का विधिवत शुभारम्भ भी किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ताकि कारागार की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके।

चार देशी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़। जिले के महेशगंज थाने की पुलिस ने सोमवार को एक शातिर बदमाश को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त चन्दन सरोज के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में लूट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट व विस्फोटक अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी व सीओ सदर के पर्वेक्षण में एसओ राधेश्याम के नेतृत्व में एसआई अखिलेश सिंह व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के गंगा एक्सप्रेस वे पनाह नगर अंडरपास के समीप अभियुक्त चन्दन सरोज को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त महेशगंज थाना इलाके के पुरमई सुल्तानपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बरामदगी के संबंध में आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया।

विकास की नई सौगात : आर.सी.सी. व इंटरलॉकिंग निर्माण का शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

नगर के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद महराजगंज ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। वीर बहादुर नगर स्थित कुटिया टोला में आर.सी.सी. रोड एवं इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

लंबे समय से जर्जर सड़कों और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे कुटिया टोला वासियों के लिए यह परियोजना बड़ी राहत लेकर आई है। सड़क निर्माण के बाद मोहल्ले की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव व कीचड़ की समस्या से स्थायी निजात मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। वॉर्ड की महिलाओं सहित क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी विकास कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष का आभार जताया और इसे मोहल्ले के समग्र विकास की दिशा में अहम कदम बताया। कार्यक्रम में सभासद शेषमणि पटेल, प्रधान लिपिक बैकुंठनाथ यादव, अमितेश गुप्ता, गोरख गुप्ता, विजय मौर्य, कुंदन सिंह, सफाई नायक इंद्राशन, आरिफ खान, अखिलेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में वॉर्डवासी मौजूद रहे। नगर पालिका प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से कराया जाएगा, ताकि आमजन को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके।

''नगर के प्रत्येक मोहल्ले तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कुटिया टोला में आर.सी.सी. व इंटरलॉकिंग रोड निर्माण से स्थानीय नागरिकों को सुगम आवागमन मिलेगा और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।''

- डॉ. पुष्पलता मंगल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद महराजगंज

कोहरे में सतर्कता ही सुरक्षा : पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

गड़ौरा चीनी मिल परिसर में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों व किसानों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद महराजगंज पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। अभियान के तहत प्रभारी यातायात अरूणेन्द्र प्रताप सिंह एवं उनकी टीम ने थाना ठूठीबारी क्षेत्र अंतर्गत गड़ौरा चीनी मिल परिसर में ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर आने वाले चालकों और किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान चीनी मिल के जीएम भी उपस्थित रहे। यातायात पुलिस ने बताया कि वर्तमान में घने कोहरे और धुंध के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में सभी चालकों को अपने वाहनों पर फॉग लाइट व रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगवाने की सलाह दी गई।

गन्ना लदी ट्रॉलियों के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर लगाने, ट्रॉली के पीछे एक मीटर लाल कपड़ा बांधकर उसमें रिफ्लेक्टर लगाने, वाहनों को धीमी गति से चलाने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा सड़क पर वाहन खड़ा न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

यातायात पुलिस ने चालकों और किसानों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पूर्ण पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की जान की भी रक्षा करें।

जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी गिरफ्तार, जेल

जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़। जिले की कोहड़ौर थाने की पुलिस ने धर्म परिवर्तन के मुकदमे से संबंधित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी कृष्ण दत्त मिश्र उर्फ प्रिंस मिश्र को थाना कोतवाली नगर इलाके के जिला जेल के पीछे नहर पटरी के समीप सोमवार को गिरफ्तार किया। बता दें कि कोहड़ौर थाना इलाके के एक किन्नर ने बीते अक्टूबर माह में थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उसे नरगिस किन्नर ने हिना किन्नर द्वारा फोन करवाकर लालगंज वैसवारा बातचीत करने के लिए बुलाया गया। लेकिन वहां जाने पर उसे बंधक बना लिया गया और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के लिए दबाव डाला गया साथ ही बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दी गई। हालांकि उस दौरान किसी तरह वो भाग निकली और अपने घर कोहड़ौर आ गई। जिसके बाद पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोहड़ौर थाने पर नरगिस, कृष्ण दत्त मिश्र व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी कृष्ण दत्त मिश्र उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

एसपी ने कार्यालय में की जन सुनवाई लंबित मामलों के निस्तारण का निर्देश

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में सोमवार को एसपी दीपक भूकर ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

प्रत्येक शिकायत पर तथ्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख हो। उन्होंने थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना और कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो। कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एसपी दीपक भूकर के साथ अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल व सीओ लाइन शिवनारायण वैस भी मौजूद रहे।

हत्या के प्रयास के दो आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार, जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की मानिकपुर थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में दर्ज मुकदमे से सम्बंधित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो लोहे का रॉड भी उनके कब्जे से बरामद किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसआई उमेश प्रताप सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी भाष्कर प्रसाद जायसवाल व अक्षत जायसवाल थाना इलाके के भडचक गेट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो लोहे का रॉड भी बरामद किया। बता दें कि बीते नवम्बर माह में 16 तारीख को प्रभाकर जायसवाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वो अपने गांव रेतही स्थित खेत पर मौजूद थे, जहाँ मिट्टी समतलीकरण का कार्य चल रहा था। आरोप है कि तभी भास्कर प्रसाद जायसवाल, अक्षय जायसवाल व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोहे की रॉड व अन्य वस्तुओं से उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। मारपीट में उसका दाहिना पैर फ्रैक्चर होने के साथ ही शरीर के अन्य अंगों पर गंभीर चोटें आई। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। उसी क्रम में पुलिस ने दोनों आरोपियों को थाना इलाके से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

गांव के सामने छोटी गंडक नदी पर बनेगा पक्का पुल

देवरिया। भरहे चौरा गांव के सामने क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से छोटी गंडक नदी पर पुल बनाने की कवायद शुरू हो गई है। शासन ने इसके लिए करीब 25 करोड़ की लागत से दीर्घ सेतु बनाने की अनुमति दे दी है। पुल बनने से करीब 50 गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। पुल निर्माण के लिए शासन से पहली किश्त 12.50 करोड़ रुपये की धनराशि विभाग को मिल गई है। दीर्घ सेतु की लंबाई 133 मीटर जबकि चौड़ाई 7.5 मीटर होगी। भटनी के भरहे चौरा और मोतीपुर गांव के बीच छोटी गंडक नदी बहती है। छोटी गंडक नदी होने के चलते दोनों गांवों को पहुंचने के लिए करीब 10 किमी से अधिक की दूरी तय कर जाना पड़ता है। लोगों की दिक्कतों को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य अजित सिंह के अपील पर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने यहां दीर्घ सेतु बनाने के लिए इसे अपने कार्य योजना में शामिल किया था।

पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की टीम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में सोमवार को राष्ट्रीय जल जीवन मिशन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की टीम द्वारा विकास खण्ड कालाकांकर की परियावां पेयजल योजना के रेट्रोफिटिंग सम्बन्धित कार्यों एवं जलापूर्ति का सत्यापन इं. आर.के. हरदहा वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार एसडब्ल्यूएसएम लखनऊ एवं इं. आयुष सिंह सहायक अभियन्ता एसडब्ल्यूएसएम लखनऊ द्वारा किया गया।

सत्यापन के दौरान राजस्व ग्राम परियावां एवं इसके बीबी का पुरवा, चन्देल का पुरवा, धनऊ का पुरवा, ईदगाह, गड़ेरियन, कंधई का पुरवा, लाला का पुरवा, मोह ऊचे, मोहतरिमगंज, पम्पापुर, परियावां, पूरे भिटारी, पायकेगंज बाजार, शेख का पुरवा, टकिया एवं तुलसी का पुरवा में ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि पेयजल योजना से जलापूर्ति नियमित रूप से की जाती है तथा मजरा बीबी का पुरवा मजरे के कुछ स्थानों में नाली निर्माण के समय पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है, जिसे ठीक कराये जाने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से प्रदान करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल निस्तारित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान इं. तौसीफ अहमद अधिशासी अभियन्ता, इं. विपिन कुमार वर्मा सहायक अभियन्ता, इं. सुरजीत मिश्रा जूनियर इंजीनियर, इं. मो. असद जूनियर इंजीनियर, फर्म के प्रतिनिधि आलोक दूबे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आम्मनिर्भरता की ओर खाद्य उद्यम उन्नयन योजना

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सीतापुर। जिले के किसानों एवं उद्यमियों को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा रोजगार के अवसर एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत व्यक्तिगत/एफ0पी0ओ0/स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रसंस्कृत इकाईयों यथा बेकरी उद्योग, पशु एवं मुर्गीचारा उद्योग, दाल व दाल मिल, चावल व चावल मिल, मक्का उत्पाद के प्रसंस्करण से सम्बन्धित उद्योग, दुग्ध उत्पाद से सम्बन्धित उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम और मशरूम उत्पाद से सम्बन्धित उद्योग, आयल सीड आधारित उत्पाद, रेडीटुकुक (मैगी, नूडल्स, पास्ता, ढोकला, स्वीटकार्न, दलिया, सूजी आदि), रेडीटुईट (चिप्स, पापड़, नमकीन, बिस्कुट आदि) सोयाबीन आधारित उत्पाद, मसाला एवं मसाला आधारित उत्पाद, गन्ना आधारित उत्पाद, सब्जी आधारित उत्पाद, फ्लोर मिल, केला आधारित उत्पाद, महुआ आधारित उत्पाद, मिलेट (बाजरा) आधारित उद्योग,मेवा सम्बन्धित उद्योग, अचार, मुरब्बा, सिरका आदि उद्योग, जूस/शेक उद्योग इत्यादि की स्थापना एवं उच्चीकरण प्रस्ताव पर अधिकतम प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये का अनुदान अनुमन्य है।

पैसो के लालच में गई एक और प्रसूता की जान

- आपरेशन हुआ गलत शरीर से नही बंद हुआ रक्तश्राव ,हो गई प्रसूता की मौत

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

प्राइवेट अस्पतालों के डाक्टरो की काबिलियत और उनकी डिग्री पर सवाल खड़े हो रहे है। जिलाधिकारी की सख्त कार्यशैली से अब प्राइवेट डाक्टरों की हकीकत धरातल पर आने लगी है। प्राइवेट अस्तपाल में एक और प्रसूता की आपरेशन के दौरान रक्तश्राव न रूकने से मौत हो गई। फिलहाल डाक्टरों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अनुमान लगाया जा रहा है कि आपरेशन करते समय लापरवाही या फिर अज्ञानता वश पेट की कोई ऐसी नस कट गई जिससे प्रसूता का रक्त लगातार बहता रहा और उसकी मौत हो गई। चिकित्सको पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से तहरीर ले ली है। खास बात यह है कि इस अस्पताल को सीएमओ के आदेश पर दो माह पूर्व सील कर कर दिया गया था। घटना के बाद इस अस्पताल को दोबारा सील किया गया। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के पटना गांव निवासी शहनूर बानो (35) को रात प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उनके पति इमरान रात करीब साढ़े दस बजे उन्हें लेकर सांडा स्थित आयुष्मान अस्पताल पहुंचे।

इमरान ने बताया कि अस्पताल में देर रात डॉ अभिषेक मिले। डॉक्टर ने कहा कि तुरंत ऑपरेशन करना पड़ेगा। रात करीब 11 बजे ऑपरेशन कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद रक्तस्त्राव बंद नहीं हुआ।इस पर डॉ अभिषेक ने प्रसूता को लखनऊ लेकर चलने की बात कही। परिजन डॉ अभिषेक के हिसाब से लखनऊ लेकर जाने को तैयार हो गए। इमरान ने बताया कि वह पत्नी शहनूर को लेकर लखनऊ गए। डॉ अभिषेक भी साथ गए। वहां रास्ते में शहनूर की अधिक रक्तस्राव के कारण मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को एंबुलेंस से वापस लाये।उन्होंने शव रखी एंबुलेंस को अस्पताल के सामने खड़ा कर दिया। इस दौरान डॉ अभिषेक व डॉ हिमांशु अस्पताल को बंदकर निकलने लगे। तब तक पुलिस पहुंच गई। पुलिस टीम ने दोनों चिकित्सकों को हिरासत में ले लिया। इमरान ने पुलिस को तहरीर दी है।

डीएम ने गठित की तीन सदस्यीय जांच टीम

सीतापुर । सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर साण्डा इलाके में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत पर त्वरित कार्यवाही करते हुये जिलाधिकारी द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गयी थी, जिमसें उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम0 दास, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजशेखर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 गोविन्द गुप्ता को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। जांच समिति द्वारा जांचोपरान्त अपनी आख्या दिनांक-22 दिसम्बर 2025 को अपनी जांच आख्या में बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक द्वारा नार्मल प्रसव होने की बात कही गयी, परन्तु आयुष्मान हेल्थकेयर हास्पिटल साण्डा तहसील बिसवां के अपंजीकृत होने के बावजूद भी हास्पिटल प्रबंधन द्वारा सिजेरियन प्रसव कराने पर दबाव दिया गया। जांच समिति ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मरीज की मृत्यु हो गयी। जांच समिति द्वारा आरोपियों (हास्पिटल प्रबंधन) के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रबल संस्तुति की है।

मनरेगा का नाम बदलने पर भड़के कांग्रेसी किया विरोध

जन एक्सप्रेस । बस्ती

सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबीजीआरएमजी) किए जाने के विरोध में कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में महात्मागांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। मांग किया कि केन्द्र की मोदी सरकार नाम बदलने की राजनीति बंद करे और मनरेगा को पूर्व की भांति लागू किया जाय। कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार केवल नाम बदलने और आर्थिक संसाधनों को अपने चहेते पूंजीपतियों के हाथ बेंचने का काम कर रही है। इन्हें महात्मा गांधी के नाम से नफरत है वरना मनरेगा का नाम बदलने की क्या जरूरत थी। वह दिन दूर नहीं जब भाजपा भारत के नोटों पर से भी महात्मा गांधी का नाम बदल देगी। कहां कि अच्छा हो कि गरीबो के लिये वरदान साबित हो रही मनरेगा को पुनः सरकार लागू करे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. आलोक रंजन ने कहा कि भाजपा की नीति और नियत में खोट है, समय आने पर जनता इसका करारा जबाब देगी। यह सरकार जान बूझकर महापुरूषों का नाम बदलने में लगी है और गरीबों, मजदूरों का हक मारा जा रहा है जिससे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचे। मनरेगा की नयी योजना मजदूर विरोधी है। कांग्रेस इस सवाल को जनता तक लेकर जा रही है। कांग्रेस के डा. वाहिद अली सिद्दीकी, संदीप श्रीवास्तव, गिरजेश पाल, शौकत अली नन्हू, अनिल भारती, साधूसरन आर्य आदि ने कहा कि केन्द्र सरकार ने केवल नाम ही नहीं बदला है मोदी सरकार ने काम के अधिकार की गारंटी वाले इस कानून को बदलकर उसमें शर्तें और केंद्र का नियंत्रण बढ़ा दिया है जो कि राज्यों और मजदूरों दोनों के खिलाफ है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार काम को रोककर मजदूरों को निजी खेतों में मजदूरी के लिए धकेलना कल्याण नहीं बल्कि सरकार द्वारा मजदूरों की सप्लाई है जो उनसे उनकी आय, उनकी इच्छा और सम्मान सब छीनती है. असल में नई स्कीम का मतलब केंद्र सरकार का कंट्रोल है। अब राज्यों को खर्च के लिए मजबूर किया जाएगा। मजदूरों के अधिकारों को कम करके उस पर शर्त लगा दिया जाएगा, हर बार की तरह इस बार भी यह कानून गरीब विरोधी है। कांग्रेस इन सवालों को लेकर गांव- गांव जन जागरण अभियान चलायेगी।

वालीबाल प्रतियोगिता में दूसरे दिन गोरखपुर और आजमगढ़ के बीच बराबर का मुकाबला

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर खुटहन गजराज सिंह इंटर कालेज जमुनिया में आयोजित दो दिवसीय डे- नाइट प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में फाइनल का मुकाबला एनपीआर गोरखपुर और कटौली आजमगढ़ के बीच बहुत ही रोचक रहा। दोनों के बीच बेस्ट ऑफ थ्री के सेट पर कराई गई भिड़ंत में एक- एक मैच लगभग घंटे भर चले। दोनों टीमों ने एक एक मैच जीत कर बराबरी कर लिया। फाइनल मैच भोर के चार बजे तक चलता रहा। दोनों का स्कोर 13-13 पर स्थिर रहा। बस सर्विस चेंज होती रही। कड़ाके की ठंड के चलते आयोजकों ने सिक्का उछाल विजेता घोषित करने का फैसला किया। खिलाड़ियों की रजामंदी पर सिक्का उछाला गया। जिसके आधार पर गोरखपुर की टीम को विजेता घोषित कर दिया गया। आयोजक उदयभान मौर्या ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित् किया। सेमीफाइनल में एनपीआर गोरखपुर की टीम ने मुरादाबाद तथा कटौली आजमगढ़ ने लखनऊ को पराजित कर फाइनल में जगह पक्की कर लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच का उद्घाटन सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाते हुए किया। उन्होंने कहा कि कहा कि खेल से जहां शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है, वहीं आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा भी मिलता है। प्रतियोगिता के निर्णायक अंशुमान सिंह,लालप्रताप यादव, बाबूलाल और दानिश खां तथा कमेंट्री विकास सिंह, धर्मेन्द्र यादव, सुभाष चन्द्र यादव ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, वेदप्रकाश सिंह,सपा के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्या, सुरेंद्र बिंद, अतुल सिंह बसन्तलाल मौर्या, आदि मौजूद रहे। आयोजक उदयभान मौर्या ने आगंतुकों का स्वागत किया

प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव प्रक्रिया शुरू, पहले दिन 52 पर्चों की बिक्री

जन एक्सप्रेस । बस्ती

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के अधिवेशन एवं पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया सोमवार से विधिवत शुरू हो गई। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक मार्कण्डेय राय, देवेंद्र यादव एवं वृजेंद्र मिश्र की देखरेख में विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। पहले ही दिन कुल 52 पर्चे बिके, जिससे चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 2, उपाध्यक्ष के लिए 17, संगठन मंत्री के लिए 16, प्रवक्ता 2, उपमंत्री 2, मंत्री 1, कोषाध्यक्ष 1, संयुक्त मंत्री 1, एकाउंटेंट 1 तथा ऑडिटर पद के लिए 1 नामांकन पत्र लिया गया। पदों की तुलना में अधिक पर्चे बिकने से अध्यक्ष समेत कई पदों पर चुनाव कराए जाने के आसार बन गए हैं। संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया 26 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक जारी रहेगी। उसी दिन बीएसए कार्यालय परिसर में आयोजित अधिवेशन में नामांकन की जांच एवं आगे की चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। यदि नाम वापसी के बाद किसी पद पर प्रत्याशी अधिक रहे, तो नियमानुसार मतदान कराया जाएगा।

कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रेस क्लब सभागार में दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा। चुनाव अधिकारी शिव कुमार तिवारी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि अधिवेशन में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके स्वागत के लिए घघौवा से कार्यक्रम स्थल तक भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। अधिवेशन में सांसद जगदम्बिका पाल, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ल सहित कई विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है।

नामांकन और पर्चा बिक्री के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, पदाधिकारी और संभावित प्रत्याशी मौजूद रहे, जिससे साफ है कि इस बार शिक्षक संघ का चुनाव रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने जा रहा है।

उप-निबंधन कार्यालय स्थानांतरण के विरोध में आंदोलन तेज

- ग्यारहवें दिन भी जारी रहा धरना, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों का मिला व्यापक समर्थन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील परिसर स्थित उप-निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्रार कार्यालय) को तहसील परिसर से हटाकर आराजी सुभानपुर मुरादनगर स्थित गाटा संख्या 594क व 594ग में स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। बुधवार को आंदोलन के ग्यारहवें दिन भी तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।धरना-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, समाजसेवी संगठनों तथा भारतीय किसान यूनियन सहित विभिन्न संगठनों ने आंदोलन को खुला समर्थन दिया। प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में उप-निबंधन कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण को जनहित के विरुद्ध बताते हुए इसे तहसील परिसर में ही यथावत रखने की मांग की।

इस दौरान सभासदगण अशोक चंद्र तिवारी, महेश, चाँद बीबी, सत्येंद्र पाण्डेय एवं राजीव नगर सभासद की ओर से जिलाधिकारी को संबोधित समर्थन पत्र उपजिलाधिकारी न्यायिक सत्यपाल प्रजापति को सौंपा गया। वहीं भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनंत अवस्थी के नेतृत्व में किसानों ने धरनास्थल पर पहुंचकर अधिवक्ताओं की मांगों का समर्थन किया तथा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिल्हौर को सौंपा।इसके अतिरिक्त बिल्हौर देहात ग्राम प्रधान वीरेंद्र कटियार एवं समाजसेवी अजयकांत बाजपेयी ने भी उपजिलाधिकारी न्यायिक को समर्थन पत्र सौंपते हुए मांग की कि उप-निबंधन कार्यालय को तहसील परिसर में ही संचालित रखा जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही शासन-प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक और उग्र रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने कहा कि उप-निबंधन कार्यालय का स्थानांतरण आम जनता, किसानों एवं अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत असुविधाजनक सिद्ध होगा।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ताओं एवं संगठनों के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।इस अवसर पर बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कटियार, महामंत्री सौरभ कटियार तथा द लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं महामंत्री राजीव कटियार ने कहा कि उच्चाधिकारियों की चुप्पी निराशाजनक है और संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

कपलिंग टूटने से दो घण्टे फरक्का एक्सप्रेस जाम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जफराबाद रेलवे स्टेशन के पर सोमवार की दोपहर को कपलिंग टूटने से फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन लगभग दो घण्टे खड़ी रही। यात्रियों को काफी परेशानी हुई। दो घण्टे बाद ट्रेन रवाना हुई। वाराणसी से लखनऊ की तरफ जा रही थी। ट्रेन स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर दो बजकर 10 मिनट पर आकर रुकी।ट्रेन जब स्टेशन से अयोध्या की तरफ रवाना हुई ही थी कि इंजन के बाद एक बोगी छोड़कर दोनो बोगियों के बीच की कपलिंग टूट गयी। कपलिंग टूटते ही पायलट सदानंद को जानकारी हो गयी उन्होंने तत्काल गाड़ी को वहीं रोक दिया।उन्होंने स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को जानकारी दिया।उन्होंने सीएलडब्लू को जानकारी दिया। वहां से सीनियर टेक्नीशियन प्रांजल यादव मय टीम स्टेशन पर पहुंच गए।लगभग दो घण्टे के प्रयास के बाद कपलिंग बनी। उसके बाद चार बजकर पांच मिनट पर ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई। स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि फरक्का एक्सप्रेस के बिगड़ने से कोई ट्रेन प्रभावित नही हुई।सभी ट्रेनों को दूसरे लाइन से निकाल दिया गया।

घने कोहरे में आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, दो किशोरों की मौत, चार घायल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

रविवार देर रात बिल्हौर क्षेत्र में घने कोहरे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। अरौल थाना क्षेत्र के पिहानी गांव में कोल्ड स्टोरेज के पास पिहानी-तेरामल्लू मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतकों की पहचान पिहानी गांव निवासी 17 वर्षीय रितिक चतुर्वेदी और 16 वर्षीय रौनक उर्फ बाबी के रूप में हुई है। बताया गया कि रितिक, रौनक और 16 वर्षीय नमन गौतम एक ही बाइक पर सवार होकर कन्नौज के तेरामल्लू गांव से रात करीब 11 बजे अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में घने कोहरे के कारण उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई।दूसरी बाइक पर कोल्ड स्टोरेज का पल्लेदार सनोज अपने दो साथियों के साथ सवार था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकें उछलकर सड़क पर दूर-दूर जा गिरीं। हादसे के समय किसी भी बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों, परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल कन्नौज जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रितिक चतुर्वेदी और रौनक उर्फ बाबी को मृत घोषित कर दिया। अन्य चार घायलों का उपचार जारी है।इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम को अस्पताल भेजा गया है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। लोगों ने घने कोहरे में तेज रफ्तार और बिना हेलमेट बाइक चलाने पर चिंता जताते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की मांग की है।

उन्नाव में मिलावटखोरों पर जिलाधिकारी का हंटर नैनी डेयरी पर छापेमारी से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। उनके कड़े निर्देशों के क्रम में आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सफीपुर स्थित 'नैनी डेयरी मिल्क प्रोडक्शन' पर बिजली की तेजी से छापामार कार्यवाही की। इस अचानक हुई छापेमारी से इलाके के डेयरी संचालकों में हड़कंप मच गया।

दूध के 4 नमूने सील, लैब भेजे गए

सहायक आयुक्त (खाद्य) प्रियंका सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने डेयरी परिसर का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दूध के 04 संदिग्ध नमूने नियमानुसार संग्रहित किए। अधिकारियों ने बताया कि डेयरी में खाद्य कारोबार के मानक संतोषजनक नहीं पाए गए, जिसके चलते तत्काल नोटिस जारी कर सख्त जवाब तलब किया गया है।

होगी सख्त कानूनी कार्यवाही

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सभी नमूनों को विश्लेषण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेज दिया गया है। सहायक आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलते ही 'खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006' के तहत कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

छापेमारी करने वाली टीम के जांबाज

इस सफल कार्यवाही में सहायक आयुक्त प्रियंका सिंह के साथ श्री आशीष वर्मा, श्री राजेन्द्र प्रसाद, सुश्री रुची बाजपेयी, सुश्री उपासना साह, श्रीमती पल्लवी शर्मा और श्रीमती आकांक्षा जायसवाल जैसे अधिकारी शामिल रहे।

दहेज प्रताड़ना मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष की सजा

जन एक्सप्रेस । बस्ती

बस्ती जिले के थाना लालगंज क्षेत्र मे दहेज प्रताड़ना के एक मामले में अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास और चार हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद आया है।

थाना लालगंज क्षेत्र के मेहनौना गांव से जुड़े इस प्रकरण में 8 जून 2017 को पीड़िता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। लंबी सुनवाई के दौरान पैरवी सेल और थाना लालगंज पुलिस ने लगातार साक्ष्य और तथ्यों के साथ पक्ष रखा। इसके बाद 22 दिसंबर 2025 को माननीय एएसजे/एफटीसी प्रथम बस्ती ने अभियुक्त गनेशी पुत्र बद्री, निवासी मेहनौना, थाना लालगंज को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने का अभियान लगातार जारी है।

स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एसआईआर कार्य हेतु डॉ. वीरेंद्र नामित

- स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मतदाता बनाने की मिली जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर लखनऊ में चिकित्सा सेवा दे रहे वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र कुमार यादव को समाजवादी पार्टी ने नई जिम्मेदारी दी है, जो स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता बनाने तथा एसआईआर के कार्य हेतु नामित किए गए हैं ,जो मतदाता बनाने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जोर देंगे। बता दें कि करंजाकला विकासखंड क्षेत्र के लाड़लेपुर निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वीरेंद्र कुमार यादव लखनऊ में चिकित्सा सेवा कार्य से जुड़े थे, लेकिन वह समय-समय पर समाजवादी पार्टी द्वारा दिए जाने वाली जिम्मेदारियां को भी संभालते रहे हैं, इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने उन्हें जौनपुर जिले की नई जिम्मेदारी दी है। जिसमें जौनपुर विधान सभा सदर में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनाने के कार्य करेंगे। इसके साथ ही एस आई आर के जागरूकता कार्यक्रम की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके लिए उन्हें नामित किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने से लोगों ने उन्हें मिलकर बधाई दी। डॉ वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी में जो जिम्मेदारी दी है उसकी पूरी निष्ठा से निर्वहन करूगा पार्टी को आगे ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

सोहरामऊ आई.पी.एस.आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स सोहरामऊ में हुआ डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। जनपद के नवाब गंज में आई.पी.एस.आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस स्थित (लखनऊ - कानपुर एक्सप्रेस हाईवे सोहरामऊ) में दिनांक 22/12/2025 दिन सोमबार को अतिथि मि. विशाल तिवारी (ब्रांच मैनेजर एच.डी.एफ.सी बैंक बंथरा)ने डिजिटल जागरूकता पर अपने सुविचार व्यक्त किये। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक श्री बद्री विशाल तिवारी जी,अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र तिवारी जी और रजिस्ट्रार डॉ.संजय चौरसिया उपस्थित रहे साथ ही साथ संस्थान के फार्मेसी व मैनेजमेंट के समस्त शिक्षक शिक्षिकायें भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बी.फार्म, डी. फार्म, एमबीए, बीबीए, एमसीए, बीसीए के समस्त छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। मि. विशाल तिवारी ने छात्र छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा के व्यापक पहलुओं से अवगत करायाद्य उन्होंने कहा कि हमें अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी को गोपनीय रखना चाहिये साथ ही उन्होंने बताया कि फर्जी कॉल मैसेज और लिंक ऑनलाइन धोखाधड़ी के आम तरीके हैं। हमें अपना ओटीपी, पिन,पासवर्ड किसी के साथ भी शेयर नहीं करने की व आपातकालीन या धमकी भरे कॉलों पर भरोसा न करने की सलाह दी द्य संस्थान के चेयरमैन श्री बद्री विशाल तिवारी जी ने भी उपस्थित सभी लोगों को धोखाधड़ी वाली कॉल की रिपोर्ट साइबर अपराध हेल्पलाइन पर करने की सलाह दी।

यातायात सुधार को लेकर सख़्त एक्शन, अतिक्रमण व अवैध पार्किंग पर चला अभियान यातायात प्रभारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ कुस्तुभ जौनपुर के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी सुशील मिश्रा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख व व्यस्त इलाकों चौरा माता मंदिर, ओलंदगंज, शाही पुल, कोतवाली तिराहा, सब्जी मंडी, सूतहट्टी से भंडारी मार्ग तक सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों, ठेला-खोमचा तथा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों को हटवाया गया, जिससे आमजन को आवागमन में राहत मिल सके। अभियान के दौरान हाईवे एवं शहर क्षेत्र में संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर आगे व पीछे रेट्रो-रिफ्लेक्टर टेप भी लगवाया गया, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। साथ ही वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

विराट कोहली- रोहित शर्मा ने विजय हजारे ट्रॉफी में कितने रन बनाए हैं? ऐसा है रिकॉर्ड

रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले अहम होने की वजह हैं. इससे उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली वनडे सीरीज की तैयारियों में मदद मिलेगी.



एजेंसी

नई दिल्ली। BCCI के घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी की शुरुआत 24 दिसंबर से होने जा रही है. इस टूर्नामेंट को लेकर इस बार ज्यादा चर्चा इसलिए हैं क्योंकि उसमें सालों बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली खेलने वाले हैं. रोहित शर्मा 7 साल पहले इस टूर्नामेंट में आखिरी बार खेले थे. वहीं विराट कोहली तो 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में वापसी करते दिखेंगे. लेकिन, हमारा सवाल ये नहीं कि विराट-रोहित आखिरी बार विजय हजारे ट्रॉफी में कब खेले थे बल्कि ये है कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में कितने रन बनाए हैं? उन दोनों का रिकॉर्ड कैसा है?

रोहित शर्मा ने विजय हजारे ट्रॉफी में कितने रन बनाए?

सबसे पहले रोहित शर्मा का रिकॉर्ड देखते हैं. 2018 के बाद पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने जा रहे रोहित शर्मा ने इस टूर्नामेंट में अब तक 18 मैच खेले हैं. उन 18 मुकाबलों की 17 पारियों में रोहित शर्मा ने 581 रन 38.7 की औसत से बनाए हैं. वहीं इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं.

विराट कोहली ने विजय हजारे ट्रॉफी में कितने रन बनाए?

इसी तरह विराट कोहली के के प्रदर्शन पर गौर करें तो उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में खेले 13 मुकाबलों में 819 रन 68.25 की औसत से बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 106.08 का रहा है. इस दौरान उन्होंने 4 शतक और 3 अर्धशतक बनाए हैं. विराट इस टूर्नामेंट में आखिरी बार 2009-10 में खेलते दिखे थे. उस सीजन 5 पारियों में 229 रन बनाए थे, जिसमें उनका औसत 45.80 और स्ट्राइक रेट 102.23 का रहा था.

विजय हजारे ट्रॉफी में किसकी कप्तानी में खेलेंगे रोहित-विराट?

विजय हजार ट्रॉफी 2025-26 के लिए विराट कोहली का सेलेक्शन दिल्ली की टीम में हुआ है, जहां वो ऋषभ पंत की कप्तानी में खेलेंगे. वहीं रोहित शर्मा मुंबई की टीम में चुने गए हैं, जहां वो शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में खेलते नजर आएंगे. हालांकि, रोहित-विराट में से कोई भी पूरे सीजन में नहीं खेलेगा. रोहित का सेलेक्शन मुंबई की टीम में जहां सिर्फ 2 मैचो के लिए हुआ है.

वहीं विराट को लेकर खबर है कि वो भी 3 मैच से ज्यादा नहीं खेलेंगे. विजय हजारे ट्रॉफी 2025 में दिल्ली की टीम अपने अभियान का आगाज आंध्र प्रदेश के खिलाफ करेगी. वहीं मुंबई सिक्किम के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगी.

सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी बीडब्लयूएफ विश्व टूर के सेमीफाइनल में हारी

हांगझू (एजेंसी)। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स से बाहर हो गई है। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीता था पर इसके बाद वह अपनी लया बनाये नहीं रख पायी और एक घंटे तीन मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 21-10, 17-21 13-21 से हार गयी। सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में इस चीनी जोड़ी के खिलाफ जीत मिली थी पर सेमीफाइनल में वह इस सिलसिले को बरकारार नहीं रख पाये। चीनी जोड़ी इस बार भारतीय जोड़ी पर भारी पड़ी। मैच के बाद शेट्टी ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने पहले गेम में काफी अच्छी शुरुआत की पर उसे बनाये नहीं रख पाये। । वहीं इससे पहले

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मेलेशियाई जोड़ी के खिलाफ जीत के साथ ही बीडब्लयूएफ विश्वटूर के सेमीफाइनल में पहुंची थी। भारतीय टीम ने मलेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी को एक घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-18, 21-15 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इस जीत के साथ ही सात्विक-चिराग सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बन गई है। इस मैच में पहले गेम में हार के बाद भी इस जोड़ी ने जबरदस्त प्रदर्शन कर वापसी की। अब सेमीफाइनल में इस जोड़ी का मुकाबला चीन के लियांग वेइ केंग और वांग चांग से होगा। गौरतलब है कि बीडब्लयूएफ विश्वटूर फाइनल्स साल का सबसे बड़ा बैडमिंटन टूर्नामेंट है, जिसमें हर वर्ग में विश्व के शीर्ष 8 खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसमें ग्रुप स्तर के बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाते हैं।

रोहित ने साहा को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक बताया

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने विकेटकीपर बल्लेबाज विद्धिमान साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिये था। रोहित का मानना है कि साहा देश के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि उनका तकनीकी कौशल अच्छा है। वह तेज और विविधता भरी गेंदबाजी के खिलाफ एक बेहतरीन विकेटकीपर रहे हैं। उनकी विकेट के पीछे कैच पकड़ने और स्टंपिंग की क्षमता जबरदस्त रही है। साहा ने रविन्द्र जडेजा और आर अश्विन की गेंदबाजी के सामने भी काफी कठिन कैच लिए हैं। इससे वह भारत का सबसे कुशल विकेटकीपर बनाता है। रोहित न साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें भारत में ऐसा विकेटकीपर कभी नहीं देखा। टेस्ट मैच में गेंद अक्सर घूमती और नीची रहती है पर साहा कभी गलती नहीं करते थे। जडेजा और अश्विन जैसी स्पिनरों के सामने सभी वह आसानी से विकेटकीपिंग करते थे। को सहजता से इससे बाद भी उनकी काफी कम तारीफ हुई है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में साहा ने महेन्द्र सिंह धोनी और ऋषभ पंत की तरह से काम किया है हालांकि साहा की शैली और तकनीक पारंपरिक रही है। साहा ने 40 टेस्ट मैचों में 104 शिकार किये हैं। जिनमें 92 कैच और 12 स्टंपिंग्स शामिल हैं। वहीं बल्लेबाजी में उन्होंने 1,353 रन बनाए, जिनमें 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 9 एकदिवसीय ही खेले हैं। जहां धोनी तेज से कीपिंग करते थे वहीं साहा शैली में धीमे से अपना कौशल दिखाते हैं।

पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को 191 रनों से हराकर खिताब जीता

दुबई (एजेंसी)। पाकिस्तान ने दुबई में खेले गए अंडर-19 एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। यहां हुए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने भारतीय टीम को 191 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पाक टीम ने लीग मुकाबले के दौरान भारतीय टीम के हाथों मिली हार का हिसाब भी बराबर कर दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पाक टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पाक ने समीर मिन्हास के शानदार शतक से आठ विकेट पर 347 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 348 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ढह गयी और 26.2 ओवर में 156 रनों पर ही सिमट गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान आयुष म्हात्रे 2, जबकि आरोन जॉर्ज 16, वैभव सूर्यवंशी 26, विहान मल्होत्रा 7 और अभिज्ञान कुंडू 13 रनों पर ही आउट हो गये । इसके बाद सभी बल्लेबाज दो अंकों में भी नहीं पहुंच पाये। पाकिस्तान की ओर से अली राजा ने 4 विकेट लिए जबकि मोहम्मद सैयम ने 2 विकेट लिए। अब्दुल सुभन ने 2 विकेट और हुजाईफा अहसान ने भी इतने ही विकेट लिए

वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक टीम ने शुरुआत से आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। समीर ने गेंदबाज किशन सिंह और दीपेश देवेंद्रन के खिलाफ तेजी से शॉट खेले। समीर ने 113 गेंदों पर 17 चौके और 9 छक्के लगाकर 172 रन बनाए । समीर के अलावा अहमद हुसैन ने 72 गेंदों पर 56 रन बनाये। भारत की तरफ से दीपेश देवेन्द्रन ने 3 जबकि हेनिल पटेल और खिलान पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पाक के हमजा जहूर 18 रन पर आउट हुए। जहूर के आउट होने के बाद उस्मान खान 35 उतरे और मिन्हास के साथ मिलकर 92 रन की भागीदारी करके स्कोर 123 रन तक पहुचाया। टूर्नामेंट में एक शतक और एक अर्धशतक जड़कर अच्छी फॉर्म में चल रहे बाएं हाथ के अहमद हुसैन ने 56 रन की पारी खेली पर बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल 44 रन देकर दो विकेट ने मध्यक्रम के इस बल्लेबाज को स्वीप शॉट खेलने के लिए ललचाया जिससे वह मिड-विकेट पर कैच आउट हो गए। उनके और मिन्हास के बीच 137 रन की भागीदारी ने पाकिस्तान को बड़े स्कोर तक पहुंचने में अहम भूमिका अदा की।

स्टेन ने हार्दिक को सुपरहीरो और सेलिब्रिटी खिलाड़ी बताया

अहमदाबाद (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने आक्रामक पारी खेलने वाले भारतीय टीम के ऑलराउडर हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें सुपरहीरो कहा है।। स्टेन ने कहा कि पांड्या मानसिक रूप से काफी मजबूत खिलाड़ी हैं और उनकी चमक खेल में नजर आती है। पांड्या ने पांचवे टी20 मे तेजी से अर्धशतक लगाते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। स्टेन ने कहा, ''हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। वह एक खिलाड़ी से आगे निकलकर से सेलिब्रिटी बन गये हैं। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो जैसे हो गये हैं जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता।'' उन्होंने कहा, ''इसमें कोई गलती जैसे बात नहीं है, ये अपनी धाक जमाने जैसी बात है। यह एक ऐसा प्रभाव है जिसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। आप इसे उनकी भाव भंगिमा में देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर हैं। इस प्रकार वह अन्य खिलाड़ियों से आगे है।'' स्टेन ने कहा कि उनके तेज गेंदबाजों का रुख सतर्क नहीं रहा। जिससे उनकी टीम को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रभाव अलग ही है। अगर आप उन्हें हावी होने का अवसर देते हैं तो ये नुकसानदेह रहेगा। वहीं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने उनके सामने सतर्क रुख अपना नुकसान उठाया।''

पाकिस्तान से मात खाने के बाद वैभव सूर्यवंशी खेलेंगे अब ये बड़ा टूर्नामेंट, ऐसा है टीम का शेड्यूल

एजेंसी

नई दिल्ली। अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार ने वैभव सूर्यवंशी को अंदर से झकझोरा है. उस हार ने 14 साल के सूर्यवंशी को काफी कुछ सिखाया भी है. जाहिर, अपनी गलतियों से वो आगे के लिए सबक लेंगे. लेकिन, इस बीच उनके फैंस को ये जानने में दिलचस्पी होगी कि वैभव सूर्यवंशी का अगला मैच अब कब है? वो फिर कब अपना बल्ला घुमाते मैदान पर दिखेंगे? इन सवालों का बस एक ही जवाब है विजय हजारे ट्रॉफी.

वैभव सूर्यवंशी का अगला मैच कब?

वैभव सूर्यवंशी अब अपना अगला मैच सबसे बड़े घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे. इस टूर्नामेंट के लिए उनका सेलेक्शन बिहार की टीम में हुआ हैं. वो बिहार की टीम के उकप्तान भी बनाए गए हैं. विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में बिहार की टीम का शेड्यूल भी सामने आ गया है, जिससे पता चलता है वैभव सूर्यवंशी अगला मैच कब खेलेंगे?

कैसा है टीम का शेड्यूल?

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में बिहार अपना पहला मैच अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेलेगी. ये मैच 24 दिसंबर को खेला जाएगा. बिहार का दूसरा मुकाबला मणिपुर से 26 दिसंबर को होगा. वहीं 29 दिसंबर को बिहार की टीम मेघालय के खिलाफ खेलेगी. बिहार का चौथा मैच टूर्नामेंट में नागालैंड से 31 दिसंबर को होगा. वहीं उसके बाद 3 जनवरी को बिहार की टीम मिजोरम से भिड़ेगी.

पहला मैच इस टीम के खिलाफ खेल सकते हैं

साफ है कि पाकिस्तान के खिलाफ अंडर 19 एशिया कप का फाइनल हारने के बाद वैभव सूर्यवंशी अब अपना अगला मैच विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में 24 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेलते दिखेंगे.

वैभव सूर्यवंशी कितनी बार खेल चुके हैं विजय हजारे?

वैभव सूर्यवंशी का ये दूसरा विजय हजारे टूर्नामेंट होगा. उन्होंने पिछले साल ही इस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश के खिलाफ डेब्यू किया था. 13 साल की उम्र में डेब्यू कर वो विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे. वैभव सूर्यवंशी ने उस मामले में अली अकबर का रिकॉर्ड तोड़ा था, जिन्होंने 14 साल में विदर्भ के लिए डेब्यू किया था.

हॉलैंड ने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया, रोनाल्डो को पीछे छोड़ा

लंदन ।एर्लिंग हॉलैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (EPL) में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पांच मैच तक पहुंचा दिया। मैनचेस्टर सिटी को इस जीत तीन अंक मिले, लेकिन यह आर्सेनल को क्रिसमस के दिन प्रीमियर लीग में शीर्ष पर रहने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था।आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल की बदौलत एवर्टन पर 1-0 की जीत हासिल की जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर्सेनल 25 दिसंबर को प्रीमियर लीग में पांचवीं बार पहले स्थान पर रहेगा। इससे पहले जब चार अवसरों पर आर्सेनल क्रिसमस तक शीर्ष पर रहा था तब वह खिताब नहीं जीत पाया था। आर्सेनल के बाद मैनचेस्टर सिटी दूसरे स्थान पर है। वह आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे है। उसने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया। हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र में 17 मैचों में 19 गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया। हॉलैंड ने इस सत्र में सिटी और नॉर्वे के लिए कुल 28 मैचों में 38 गोल किए हैं। हॉलैंड के प्रीमियर लीग में 104 गोल हो गए, जो रोनाल्डो से एक अधिक है। लिवरपूल ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही टॉटेनहम की टीम को 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद न्यूकैसल के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला।

IPL Auction 2026 में KKR ने जिसे दिए करीब 5 गुना ज्यादा पैसे

उसने 23 गेंदों में पलटा खेल, टीम को जिताया T20 मैच

ILT20: इंटरनेशनल लीग T20 में उस गेंदबाज का कमाल देखने को मिला, जिसने अपनी टीम को जिताने में गेंद से सामने वाली टीम का मिडिल ऑर्डर हिलाकर रख दिया. IPL 2026 में वो गेंदबाज KKR से खेलता दिखेगा.

एजेंसी

नई दिल्ली। 16 दिसंबर को जहां मुंहमांगी रकम पे भी ज्यादा पैसे मिले. वहीं पर 21 दिसंबर को उस खिलाड़ी ने सिर्फ 23 गेंदों में गेम पलट दिया. हम बात कर रहे हैं बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की, जिन्होंने 21 दिसंबर को अबू धाबी में खेले हुए T20 के मुकाबले में अपनी टीम दुबई कैपिटल्स के लिए गेंद का गर्दा मचा दिया. उन्होंने अपने खतरनाक स्पेल से साबित कर दिया कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें करीब 5 गुना ज्यादा पैसे क्यों दे दिए?

जितने पैसे मांगे, उससे करीब 5 गुना ज्यादा मिले

मुस्तफिजुर रहमान ने IPL 2026 के ऑक्शन में अपनी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखी थी. यानी, वो रकम जो उन्होंने खुद से मांगी थी. लेकिन, उन्हें मिले 9.20 करोड़ रुपये. यानी मांगी गई रकम से करीब-करीब 5 गुना ज्यादा पैसे. मुस्तफिजुर की गेंदबाजी की खासियत है उनकी कटर और उनका वैरिएशन. डेथ ओवर्स में तो वो बल्लेबाजों के लिए मुश्किल सवाल जैसे हैं. उनका मौजूदा फॉर्म भी दमदार हैं. अब जिस गेंदबाज में इतनी खूबियां कूट-कूट कर भरी हैं, जाहिर है उसे खरीदना चयक्र के लिए आसान नहीं रहा होगा. चयक्रको ष्टस्थ से जोरदार टक्कर मिली. लेकिन, आखिर

में करीब 5 गुना ज्यादा पैसे खर्च करना काम आ गया.

मुस्तफिजुर रहमान ने क्या किया?

अब जिस मुस्तफिजुर रहमान को खरीदने के लिए KKR ने इतने पैसे खर्च कर दिए, उन्होंने 21 दिसंबर को खेले मुकाबले में क्या किया, वो भी जान लीजिए. मुस्फिजुर की टीम दुबई कैपिटल्स का मुकाबला गल्फ जायंट्स से था. इस मैच में गल्फ जायंट्स ने पहले बैटिंग की, जिनके खिलाफ मुस्तफिजुर एंड कंपनी ने ऐसी गेंदबाजी की कि उनके लिए पूरे 20 ओवर खेलना मुश्किल हो गया.

मुस्तफिजुर रहमान अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जबकि उन्होंने अपने कोटे में एक गेंद कम फेंकी. मुस्तफिजुर ने 3.5 ओवर यानी 23 गेंदों में 34 रन देकर 3 विकेट लिए. उन्होंने जिन 3 बल्लेबाजों को आउट किया, उनमें गल्फ जायंट्स के कप्तान जेम्स विंस , अजमतुल्लाह ओमरजई और शॉन डीक्सन के विकेट शामिल रहे. मुस्तफिजुर के इस कमाल के प्रदर्शन का ही असर रहा कि गल्फ जायंट्स 19.5 ओवर में 156 रन बनाकर ऑलआउट हो गई.

दुबई कैपिटल्स की जीत के हीरो बने मुस्तफिजुर

दुबई कैपिटल्स को 157 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 4 गेंद पहले ही हासिल कर 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया. दुबई कैपिटल्स ने 19.2 ओवर में 4 विकेट पर 162 रन बनाए. मुस्तफिजुर रहमान को उनके कमाल के प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

सैमसन का अंदर-बाहर होते रहने पर छलका दर्द

मुम्बई । भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में अच्छी बल्लेबाजी कर साबित किया है कि सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही वह बेहतर बल्लेबाजी करते हैं। सैमसन को शुरुआती चार मैचों में जगह नहीं मिली थी। शुभमन गिल की वापसी के बाद उन्हें पारी की शुरुआत से हट दिया गया था जिसपर काफी सवाल भी उठे थे। वहीं उनकी टीम में जगह पक्की न होने को लेकर तर्क दिया जाता रहा है कि उनके खेल में निरंतरता की कमी रही है। शुभमन के चोटिल होने के कारण उन्हें अंतिम मैच में शामिल किय गया। वहीं समय-समय पर सैमसन ने टीम में जगह नहीं मिलने पर अपनी निराशा भी जाहिर की है। इरफान पठान से बातचीत के दौरान सैमसन का दिल् का गुब्बार निकल या। . इस दौरान सैमसन ने कहा कि लगातार अंदर-बाहर होने से उनका हौंसला टूटा है। पठान ने उनसे पूछा, 'आप जब मैच नहीं खेल रहे थे तो मजे के लिए क्या कर रहे थे?' इसके जवाब में सैमसन ने कहा, 'मजे के लिए इंतजार कर रह था बस। आप जानते हो इरफान भाई चयन के लिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर नहीं सकते हैं। बस ट्रेनिंग करो और खुश रहो, जितना हो सकता है अपनी भागीदारी निभाओ।' वहीं जब पठान ने पूछा कि 'जब आप नही खेल रहे थे तो टीम प्रबंधन आपके से क्या बात कर रही थी और कितना बात कर रही थी।' इसपर सैमसपन ने कहा, 'टीम का माहौल बहुत महत्वपूर्ण रहता है। हमारे लीडरशिप ग्रुप में कप्तान सूर्यकुमार और कोच गौतम गंभीर के साथ मेरा बहुत अच्छा संबंध है इसलिए संपर्क हमेशा रहा है। इसपर इरफान ने पूछा कि ऐसे में उम्मीद है कि हम आपको अब लगातार पारी शुरु करते देखेंगे। इसप सैमसन ने हंसते हुए कहा कि ऐसा पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है।

भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

शून्य शुल्क, 20 अरब डॉलर निवेश और किसानों-युवाओं के लिए नए अवसर

पीयूष गोयल का भरोसा, एफटीए से व्यापार ही नहीं, आम लोगों की जिंदगी भी बदलेगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की व्यापार कूटनीति इस समय तेज रफ्तार में आगे बढ़ रही है। एक ओर अमेरिका के साथ बड़ी ट्रेड डील पर बातचीत निर्णायक मोड़ पर है, तो दूसरी ओर भारत ने न्यूजीलैंड के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को सफलतापूर्वक अंतिम रूप दे दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को भारत की वैश्विक आर्थिक रणनीति के लिए मील का पत्थर बताया है। उनका कहना है कि यह एफटीए केवल व्यापारिक आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि किसानों, एमएसएमई, कारीगरों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में ठोस सकारात्मक बदलाव लाएगा।

वीजा और रोजगार के नए मौके

एफटीए के तहत बेहतर मोबिलिटी प्रावधानों को शामिल किया गया है। इसमें वर्किंग हॉलिडे वीजा, पोस्ट-स्टडी वर्क के अवसर और 5,000 अस्थायी रोजगार वीजा का विशेष कोटा तय किया गया है। आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक, भारतीय शेफ, संगीत शिक्षक, आईटी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा और निर्माण जैसे क्षेत्रों के पेशेवरों को इससे लाभ मिलेगा। एक समय में 5,000 वीजा और तीन साल तक ठहरने की अनुमति भारतीय युवाओं के लिए वैश्विक अनुभव के नए द्वार खोलेगी।

नॉन-टैरिफ बाधाओं पर भी फोकस

इस एफटीए में केवल टैरिफ कटौती ही नहीं, बल्कि नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करने के लिए बेहतर नियामक सहयोग, पारदर्शिता, सरल कस्टम प्रक्रियाएं, एसपीएस उपाय और टेक्निकल बैरियर्स टू ट्रेड से जुड़े प्रावधान भी शामिल हैं। इससे निर्यातकों को वास्तविक और प्रभावी बाजार पहुंच मिल सकेगी। कुल मिलाकर, भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट एक परस्पर लाभकारी समझौता है, जो भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को मजबूत करेगा और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में देश की यात्रा को नई गति देगा।

किसानों के लिए नए बाजार और तकनीक

यह एफटीए किसानों के लिए भी बड़ी सौगात माना जा रहा है। न्यूजीलैंड के बाजार में भारतीय कृषि उत्पादों—फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड—के लिए नए अवसर खुलेंगे। इसके साथ ही कृषि उत्पादकता साझेदारी, उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच से भारतीय किसानों को उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में लाभ मिलेगा। शहद, कीवी और सेब जैसे बागवानी उत्पादों पर केंद्रित विशेष पहलें टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देंगी।

15 वर्षों में 20 अरब डॉलर निवेश का भरोसा

भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के तहत न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में करीब 20 अरब डॉलर के निवेश का भरोसा दिया है। यह निवेश मैन्युफैक्चरिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्विस सेक्टर और इनोवेशन से जुड़े क्षेत्रों में किया जाएगा। इससे न केवल पूंजी प्रवाह बढ़ेगा, बल्कि रोजगार सृजन, तकनीक हस्तांतरण और घरेलू उद्योगों की क्षमता में भी इजाफा होगा।

शून्य शुल्क से निर्यात को बड़ी राहत

पीयूष गोयल ने प्रेस वार्ता में बताया कि एफटीए लागू होते ही भारत से न्यूजीलैंड जाने वाले सभी निर्यातों पर शून्य शुल्क लागू हो जाएगा। इसका सीधा असर यह होगा कि न्यूजीलैंड के बाजार में भारतीय उत्पाद सस्ते और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे। कपड़ा, टेक्सटाइल, चमड़ा, फुटवियर और जेम्स-ज्वेलरी जैसे श्रम प्रधान उद्योगों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा, जहां बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होता है। इसके अलावा इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक और केमिकल जैसे सेक्टर्स के लिए भी नए अवसर खुलेंगे।

रिकॉर्ड 9 महीनों में पूरा हुआ समझौता

मंत्री गोयल के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के नेतृत्व में, तथा उनके समकक्ष मंत्री टॉड मैक्ले के सहयोग से यह महत्वपूर्ण समझौता रिकॉर्ड 9 महीनों में पूरा किया गया। यह भारत की तेज और प्रभावी व्यापार वार्ता क्षमता को दर्शाता है। समझौते के लागू होते ही भारतीय निर्यातकों को न्यूजीलैंड के बाजार में बिना किसी आयात कर के पहुंच मिलेगी।

संवेदनशील क्षेत्रों को रखा गया बाहर

घरेलू हितों की रक्षा करते हुए भारत ने कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को इस एफटीए से बाहर रखा है। इनमें डेयरी उत्पाद, चीनी, कॉफी, मसाले, खाद्य तेल, सोना-चांदी जैसी कीमती धातुएं, कॉपर कैथोड और रबर आधारित उत्पाद शामिल हैं। इसका उद्देश्य किसानों, एमएसएमई और घरेलू उद्योगों को संभावित नुकसान से बचाना है।

सेवा क्षेत्र और शिक्षा-आईटी को बढ़ावा

यह समझौता भारत के सेवा क्षेत्र के लिए भी नए रास्ते खोलता है। आईटी और आईटीईएस, वित्त, शिक्षा, पर्यटन, निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं को इससे खास फायदा मिलेगा। छात्र गतिशीलता, पारंपरिक चिकित्सा और पढ़ाई के बाद रोजगार से जुड़े प्रावधान भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए नए अवसर पैदा करेंगे।

चुनाव आयोग केवल भाजपा के इशारे पर काम कर रहा : ममता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में ममता ने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें। उन्होंने ने साफ चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बूथ स्तर के एजेंटों को सतर्क रहने और मतदाताओं की रक्षा करने का निर्देश दिया।

मटुआ समुदाय को निशाना बनाने का दावा

ममता बनर्जी ने भाजपा पर हमला

करते हुए कहा कि मटुआ समुदाय के मताधिकार को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए प्रशासनिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। ममता ने केंद्र से भेजे गए माइक्रो ऑब्जर्वरों की नियुक्ति पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को स्थानीय भाषा और हालात की समझ नहीं है, जिससे आम मतदाताओं को परेशानी हो रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा 1.5 करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने जैसा है। उन्होंने दावा किया कि बर्दवान में बाहर के राज्यों, खासकर बिहार से मोटरसाइकिलें लाई जा रही हैं और चुनाव के लिए बाहरी लोगों को लाने की कोशिश हो रही है। ममता ने कहा कि एसआईआर को लेकर सभी बीएलए को स्थानीय विधायक, पार्षद और ब्लॉक अध्यक्षों से सलाह करनी चाहिए।

'लोकतंत्र बचाने की लड़ाई'

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह बिना बंगाल सरकार को जानकारी दिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर रही है और भजपा के हित साध रही है। उन्होंने कहा कि केवल टीएमसी के कार्यकर्ता ही राज्य में भाजपा की पैठ रोक सकते हैं। सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा बंगाल में मुसलमानों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है।

पूर्व आईजी अमर चहल ने खुद को गोली मारी, 12 पन्नों का सुसाइड नोट बरामद

साइबर ठगी और मानसिक तनाव के चलते खौफनाक कदम, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटियाला

पटियाला में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां पंजाब पुलिस के पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने खुद को गोली मार ली। उन्हें तुरंत पटियाला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पुलिस को 12 पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है।

सुसाइड नोट में खुलासा

एसपी सिटी पलविंदर सिंह चीमा के अनुसार, सुसाइड नोट में चहल ने अपने साथ हुई 8.10 करोड़ की साइबर ठगी का जिक्र किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कारण वह गहरे मानसिक तनाव में हैं। नोट में यह भी उल्लेख किया गया कि उन्होंने यह कदम सुरक्षा कर्मी की रिवाल्वर से उठाया। पूर्व आईजी का यह कदम उनके घर पर लिया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार उनका सीटी स्कैन किया जा रहा है, ताकि चोट की गंभीरता का पता चल सके और आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन किया जाएगा।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, चहल के दोस्तों ने पहले ही पुलिस को एक नोट साझा किया था, जिससे पुलिस को आशंका थी कि वह आत्महत्या कर सकते हैं। इसी आधार पर थाना प्रभारी और डीएसपी तुरंत उनके घर पहुंचे। वहां उन्हें घायल अवस्था में पाया गया और तत्काल अस्पताल ले जाया गया।

साइबर ठगी और कानूनी पृष्ठभूमि

पूर्व आईजी के नोट के अनुसार, मामला साइबर ठगी से जुड़ा है। हालांकि, मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बहबल कलां और कोटकपुरा गोलीकांड का संदर्भ

अमर सिंह चहल 2015 में फरीदकोट में हुए बहबल कलां और कोटकपुरा गोलीकांड में आरोपी हैं। फरवरी 2023 में एडीजीपी एलके यादव की अगुवाई वाली पंजाब पुलिस स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम फरीदकोट अदालत में इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में कई राजनेताओं और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम शामिल थे, जिनमें अमर सिंह चहल का भी नाम था।

वर्तमान स्थिति

फिलहाल चहल की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और सुसाइड नोट की सभी बिंदुओं की पड़ताल की जा रही है। यह घटना पंजाब पुलिस और जनता के बीच भारी सनसनी का विषय बनी हुई है, क्योंकि यह एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा उठाया गया खौफनाक कदम है।

सरकार ने मनरेगा का गला घोंटा, यह बीजेपी के अंत का आगाज : शिवकुमार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

मनरेगा योजना के नाम को बदलने के लिए लाए गए कानून विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी को लेकर देशभर में सियासत जारी है। ऐसे में अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस योजना के नाम बदलने को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिए देश के हर नागरिक को काम देने की व्यवस्था की गई थी और यह अधिकार कांग्रेस सरकार ने संविधान के तहत दिया था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिवकुमार ने कहा कि पूरे देश में कनकपुरा वह विधानसभा क्षेत्र है, जहां उन्होंने नरेगा योजना (बाद में मनरेगा) का प्रयोग सबसे पहले किया था। शिवकुमार ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा ने वहां जांच करवाई और बेवजह अनियमितताओं के आरोप लगाए। कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि पहले नरेगा के तहत बनने वाले भवनों और अन्य कार्यों में राज्य सरकार को सिर्फ 10 प्रतिशत पैसा देना होता था, जबकि केंद्र सरकार 90 प्रतिशत खर्च उठाती थी। लेकिन अब यह अनुपात बदलकर 60:40 कर दिया गया है। शिवकुमार का कहना है कि इस बदलाव का

मकसद इस योजना को कमजोर करना और धीरे-धीरे खत्म करना है।

'योजना की गला घोंटने की साजिश'

उन्होंने यह भी कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर बनी योजना का 'गला घोंटने' की कोशिश की जा रही है। डीके शिवकुमार ने जानकारी दी कि मंत्री प्रियंक खरगे ने इस मुद्दे पर दिल्ली में बैठक बुलाई है, जहां इस पर विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ग्राम पंचायतों को मजबूत करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी।

इस कानून से पंचायती राज सिस्टम सदमे में : शिवकुमार

डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि इस नए कानून से पूरा पंचायती राज सिस्टम और उसके अधिकारी सदमे में हैं। पहले नरेगा का पैसा सीधे उन लोगों के खाते में जाता था, जिन्होंने इस योजना के तहत काम के लिए पंजीकरण कराया था।

दिल्ली में सेकेंड-हैंड वाहन की आरसी ट्रांसफर नियमों में सख्ती, अब 15 दिन की समय-सीमा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में सेकेंड-हैंड वाहन खरीदने और बेचने की प्रक्रिया को लेकर सरकार ने नियमों को और कड़ा कर दिया है। नए निर्देशों के तहत अब इस्तेमाल किए गए वाहनों का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) अधिकतम 15 दिनों के भीतर ट्रांसफर कराना अनिवार्य होगा। तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर पुलिस कार्रवाई की जा सकती है। सरकार का कहना है कि इस कदम का मकसद पुराने वाहनों की ट्रेसबिलिटी मजबूत करना और सुरक्षा से जुड़ी खामियों को दूर करना है।

नियम बदलने की वजह क्या है

दिल्ली सरकार ने यह फैसला हाल ही में सामने आए एक गंभीर मामले के बाद लिया है। नवंबर 2025 में लाल किला के पास हुए धमाके की जांच के दौरान यह सामने आया कि इस्तेमाल में लिया गया वाहन दिल्ली में रजिस्टर्ड था, लेकिन उसे कई बार बेचा गया था और हर बार मालिकाना हक के रिकॉर्ड अपडेट नहीं किए गए थे। इसी वजह से जांच एजेंसियों को वाहन की सही जानकारी जुटाने में काफी दिक्कत हुई। इस घटना ने साफ कर दिया कि सेकेंड-हैंड वाहन बाजार में नियमों को और सख्त करने की जरूरत है।

15 दिन में आरसी ट्रांसफर क्यों जरूरी

नई व्यवस्था के तहत सिर्फ डीलरों का रजिस्ट्रेशन ही नहीं, बल्कि खरीदारों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। अब कोई भी व्यक्ति अगर पुराना वाहन खरीदता है, तो उसे 15 दिनों के भीतर अपने नाम पर आरसी ट्रांसफर करानी होगी। सरकार का मानना है कि इससे वाहन के असली मालिक की पहचान स्पष्ट रहेगी और किसी भी आपराधिक या अवैध गतिविधि में इस्तेमाल होने पर जवाबदेही तय की जा सकेगी।

नियम न मानने पर क्या होगी कार्रवाई

अगर तय समय-सीमा के भीतर आरसी ट्रांसफर नहीं कराया जाता है, तो दिल्ली पुलिस कानूनी कार्रवाई कर सकती है। इसमें नोटिस, जुर्माना या अन्य कानूनी कदम शामिल हो सकते हैं। सरकार का साफ संदेश है कि सेकेंड-हैंड वाहन लेन-देन में अब ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खरीदारों और डीलरों के लिए अहम संदेश

दिल्ली सरकार के नए नियमों का सीधा असर सेकेंड-हैंड वाहन बाजार पर पड़ेगा। डीलरों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो चुका है और खरीदारों को भी अब वाहन खरीदते समय आरसी ट्रांसफर को प्राथमिकता देनी होगी। सरकार का दावा है कि इन बदलावों से न सिर्फ कानून-व्यवस्था मजबूत होगी। बल्कि सेकेंड-हैंड वाहन खरीदने की प्रक्रिया भी ज्यादा पारदर्शी और सुरक्षित बनेगी।

ललन-सम्राट के साथ पीएम मोदी और अमित शाह से मिले नीतीश कुमार, कई मुद्दों पर हुई बात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार चुनाव में शानदार जीत और दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार नीतीश कुमार दिल्ली गए हैं। सोमवार को सीएम नीतीश कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री एवं जदयू सांसद ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के बीच करीब 25 मिनट तक बातचीत हुई। वहीं गृह मंत्री से 15 तक बातचीत हुई। दोनों बैठक

के दौरान बिहार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, केंद्र और राज्य के बीच समन्वय को और मजबूत करने, विकास योजनाओं को गति देने तथा कानून-व्यवस्था और सुशासन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

दिल्ली में गृह मंत्री से मुलाकात करने पहुंचे सीएम नीतीश कुमार

इधर, इस मुलाकता के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण और सुशासन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए ज्ञान सबसे बड़ा हथियार : गडकरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पुणे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को आईआईटी बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए ज्ञान ही सबसे शक्तिशाली हथियार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी भविष्य की टेक्नोलॉजी पर निर्भर करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'आईआईटी और उनके छात्रों का देश के विकास और प्रगति में बहुत बड़ा योगदान है। सरकार में काम करते समय अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से संपर्क करते हैं। आईआईटी की

विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, उसे बड़े पैमाने पर स्वीकार किया जाता है। उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहा आप 'ज्ञान की पूंजी' हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'देश की प्रगति, संसाधन, टेक्नोलॉजी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण भविष्य की टेक्नोलॉजी और ज्ञान है। किसी भी देश का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि उसके पास किस तरह की भविष्य की टेक्नोलॉजी है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साझा करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मिशन ज्ञान के आधार पर ही पूरा होगा। उन्होंने ज्ञान को परिभाषित करते हुए कहा कि उद्यमिता, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, रिसर्च और कौशल का सामूहिक मिश्रण ही वास्तविक ज्ञान है।

राजा टिकैत राय द्वारा निर्मित महाकालेश्वर मंदिर, आस्था, इतिहास और स्थापत्य का अद्भुत संगम

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

बिदूर। पौराणिक और ऐतिहासिक नगरी बिदूर न केवल गंगा तट की पवित्रता के लिए जानी जाती है, बल्कि यहाँ स्थित प्राचीन मंदिर भी इसकी सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हैं। इन्हीं में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और श्रद्धा का केंद्र है महाकालेश्वर मंदिर, जिसका निर्माण राजा टिकैत राय द्वारा कराया गया था। बिदूर की पौराणिकता में यह मंदिर चार चांद लगाने का काम करता है। पूरा मंदिर लाल पत्थर का बना हुआ है। मंदिर से बाहर निकलने पर दो झरोखा नुमा आकृति राजस्थान की कलाकृति की याद दिलाती है।

महाकालेश्वर मंदिर का निर्माण

ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, राजा टिकैत राय ने बिदूर क्षेत्र में भगवान शिव के महाकाल स्वरूप की उपासना के लिए इस मंदिर का निर्माण कराया। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि स्थापत्य कला की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि मंदिर निर्माण से पूर्व इस स्थान पर शिव-भक्तों द्वारा तप और साधना की जाती थी, जिसे राजा टिकैत राय ने एक भव्य स्वरूप प्रदान किया।

स्थापत्य और संरचना

महाकालेश्वर मंदिर की वास्तुकला उत्तर भारतीय नागर शैली से प्रभावित मानी जाती है। मंदिर का गर्भगृह सादा किंतु अत्यंत प्रभावशाली है, जहाँ शिवलिंग स्थापित है। शिखर ऊँचा और सुदृढ़ है, जो दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। मंदिर परिसर में पत्थरों की नक्काशी और पारंपरिक अलंकरण तत्कालीन शिल्पकारों की दक्षता को दर्शाते हैं।

राजा टिकैत राय : एक परिचय

राजा टिकैत राय 18वीं शताब्दी में अवध क्षेत्र के प्रभावशाली जमींदार और प्रशासक थे। वे धार्मिक प्रवृत्ति के साथ-साथ कला, संस्कृति और स्थापत्य के महान संरक्षक माने जाते थे। उनका मानना था कि धर्म और जनकल्याण के कार्यों से ही समाज सुदृढ़ होता है। इसी भावना के तहत उन्होंने अनेक मंदिरों, घाटों और धार्मिक स्थलों का निर्माण कराया, जिनमें महाकालेश्वर मंदिर प्रमुख है।



धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

महाकालेश्वर मंदिर शिवभक्तों के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। सावन मास, महाशिवरात्रि और प्रदोष व्रत के अवसर पर यहाँ भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं।मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से की गई पूजा से कष्टों का नाश होता है और मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।राजा टिकैत राय द्वारा निर्मित यह मंदिर आज भी उनके धार्मिक दृष्टिकोण और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है। समय के साथ इसमें कुछ जीर्णोद्धार अवश्य हुए, लेकिन मूल स्वरूप और आध्यात्मिक ऊर्जा आज भी जीवंत है। यह मंदिर बिदूर की ऐतिहासिक पहचान को सहेजने वाली अमूल्य धरोहरों में से एक है।महाकालेश्वर मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि यह राजा टिकैत राय की श्रद्धा, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण है। बिदूर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु और इतिहास प्रेमी इस मंदिर में आकर न केवल भगवान शिव के दर्शन करता है, बल्कि अतीत की गौरवशाली परंपरा को भी अनुभव करता है।आचार्य नारायण कृष्ण त्रिपाठी बताते है कि बिदूर ब्रह्मावर्त पौराणिक परिक्षेत्र में श्री महाकालेश्वर मंदिर अति प्राचीन मन्दिर है जहां देश विदेश लोग अपनी मन की कामना लेकर आते है अर्चन पूजन रुद्राभिषेक करते है और उनकी समस्त कमाना पूर्ण होती है रोग वान निरोगी होते है।महाकालेश्वर का इतिहास 18वीं सदी से जुड़ा है लाल पत्थर से निर्मित शिव मंदिर भारतीय वास्तु कला का उदाहरण है महाकालेश्वर मंदिर के बाहर एक पत्थर का त्रिशूल में मंदिर के निर्माण का परिचय प्रदर्शित होता है साथ ही लोकमान्यता है कि मंदिर में स्थित शिवलिंग दिन में अपना रूप परिवर्तित करता है।